


दैनिक
# विनय उजाला

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2009/35176

▸ इंदौर
शनिवार, 10 मई 2025
वैशाख शुक्ल पक्ष – 12
वर्ष : 16 अंक : 225
कुल पृष्ठ : 12

ॐ

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!


आईपीएल एक हफ्ते के लिए स्थगित ...11

## पाक ने एयरस्पेस नहीं किए बंद... ताकि भारत के जवाबी हमले से बच सके...

OPERATION SINDOOR

जंग जारी... चौथा दिन

**पाकिस्तान की नापाक कोशिशें**

36 स्थानों पर घुसपैठ की कोशिश की

300-400 ड्रोनों से किया हमला

तुर्किए के ड्रोन कर रहा इस्तेमाल

एलओसी पर की भारी फायरिंग

**भारतीय सेना की कार्रवाई**

1. एक ड्रोन एडी रडार को नष्ट करने में सफल
2. ड्रोन हमलों को भारतीय सेना ने किया विफल

चार हवाई रक्षा स्थलों पर सशस्त्र ड्रोन लॉन्च किए

भारत ने पाक ड्रोनों को मार गिराया

# कायर पाकिस्तान नागरिकों को बना रहा ढाल

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार शाम 5.30 बजे पाकिस्तान के साथ तनाव पर लगातार तीसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद रहीं। इससे पहले 7 और 8 मई को भी सरकार की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी गई थी। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि 8-9 मई की मध्य रात्रि को पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से कई बार हमला किया। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 36 स्थानों पर घुसपैठ का प्रयास किया गया। करीब 300-400 ड्रोन का इस्तेमाल किया।

नई दिल्ली, एजेंसी।

**इनका मकसद खुफिया और वायु रक्षा प्रणालियों की जानकारी लेना था। शुरुआती जांच में यह सामने आया कि तुर्किये के ड्रोन थे। इनकी जांच की जा रही है। भारतीय सेनाओं ने इन्हें नष्ट कर दिया। एक यूएवी भी मूवमेंट कर रही थी, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया। पाकिस्तान ने एलओसी पर भारी फायरिंग की, इसमें कुछ जवान घायल हुए। 7 मई 2025 को रात साढ़े आठ बजे मिसाइल और ड्रोन हमला किया और उस दौरान अपना एयर स्पेस बंद नहीं किया। नागरिकों का इस्तेमाल ढाल के लिए किया।**

पंजाब सेक्टर में हाई एयर डिफेंस अलर्ट के दौरान हमारा एयरस्पेस नागरिक उड़ानों के लिए बंद है, लेकिन पाकिस्तान के इलाके में नागरिक उड़ान चल रही थी। पाकिस्तान का नागरिक विमान दमम से उड़ान भरकर लाहौर तक गया। भारतीय वायुसेना ने अपनी प्रतिक्रिया में संयम दिखाया और अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमान सेवा की सुरक्षा तय की। पाकिस्तान की यूएवी ने भठिंडा आर्मी स्टेशन टारगेट करने की कोशिश की थी, जिसे गिरा दिया गया था।

### भारतीय शहरों, सिविलियन इन्फ्रास्ट्रक्चर और मिलिट्री ठिकाने को टारगेट

विक्रम मिसरी ने बताया कि कल रात की पाकिस्तानी सेना की कायरतापूर्ण गतिविधियों से आपको अवगत करा दिया गया है। ये उकसाने वाली कार्रवाई थी, उन्होंने भारतीय शहरों और सिविलियन इन्फ्रास्ट्रक्चर और कुछ मिलिट्री ठिकाने को टारगेट किया। भारतीय सैन्य इकाइयों ने इनका उत्तर दिया। पाकिस्तान दावा करता है कि उन्होंने किसी धार्मिक स्थान पर हमला नहीं किया। उन्होंने पुंछ में गुरुद्वारे पर हमला किया। इन हमलों की जिम्मेदारी लेने की बजाय , पाकिस्तान कह रहा है कि भारतीय आर्मी ऐसा कर रही है।

पाकिस्तान अपनी हरकतों और आक्रमणों को मानने से इनकार कर रहा है और दुनिया को भ्रमित करने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान कह रहा है कि हमने ननकाना साहिब पर ड्रोन हमला किया है। पाकिस्तान कोशिश कर रहा है कि धार्मिक रंग इस मामले को दिया जा सके। पहलगाम हमले में ही यही दिखाई दिया है। गुरुद्वारा पर हमले में कुछ सिख मेंबर्स की मौत भी हुई है। पाकिस्तान कह रहा है कि हम अपने ही शहरों पर हमला कर रहे हैं, यह सिर्फ कल्पना है।



जैसलमेर के पोकरण में पाक ने फिर किया ड्रोन से हमला, भारत ने ड्रोन मार गिराए

## भारत–पाक तनाव पर मध्यप्रदेश में भी अलर्ट

भारत–पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात के बीच मध्यप्रदेश में भी अलर्ट जारी किया गया है। इंदौर में बिना अनुमति सभी तरह के आयोजन बैन कर दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार ने गुरुवार को इसका आदेश जारी किया, जो 4 जुलाई 2025 तक लागू रहेगा। बैतूल में पुलिसकर्मियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी गई है। अति आवश्यक स्थितियों में वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति से छुट्टी मिलेगी।

भोपाल में शुक्रवार सुबह लोगों ने बड़े तालाब किनारे बोट क्लब पर खड़े सुदर्शन चक्र टैंक पर चढ़कर तिरंगा फहराया। वंदे मातरम के नारे लगाए। उन्होंने कहा– अब समय आ गया है कि आतंकवाद को जड़ से खत्म किया जाए। भारत की सेना लगातार जवाब दे रही है। जल्द ही पाकिस्तान का नाम तक नहीं बचेगा। इससे पहले ग्वालियर में प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट के निर्देश के बाद कमिश्नर मनोज खत्री ने शहर के सभी 66 वार्डों की मैपिंग कर पर्याप्त सायरन लगवाने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा– ऐसी व्यवस्था बनाएं, जिससे पूरे शहर को सचेत करने के लिए एक संकेत पर सभी सायरन बजें। उधर, इंदौर ट्रक ऑपरेटर्स एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सेना के ट्रांसपोर्ट के लिए अपने ट्रक उपलब्ध कराने की पहल की है। एसोसिएशन ने इस संबंध में 8 मई को पत्र जारी किया है। संगठन के अध्यक्ष सीएल मुकाती का कहना है कि प्रदेश के साढ़े सात लाख ट्रक सेना के परिवहन के लिए तैयार हैं।

### नवाज शरीफ ने पीएम शहबाज को युद्ध नहीं बातचीत का रास्ता अपनाने को कहा...

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने अपने भाई और वर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को सलाह दी है कि वह स्थिति को कूटनीतिक तरीके से संभालें। रिपोर्ट के अनुसार, नवाज शरीफ ने कहा कि मौजूदा स्थिति में पाकिस्तान को



आक्रामक रवैया अपनाने के बजाय कूटनीतिक साधनों का उपयोग करना चाहिए, ताकि दोनों परमाणु संपन्न देशों के बीच तनाव को कम किया जा सके और क्षेत्र में शांति स्थापित की जा सके। उन्होंने पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज़ के नेतृत्व वाले गठबंधन सरकार से अपील की कि वह इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रभावी ढंग से उठाए और भारत पर वैश्विक दबाव बनाने के लिए राजनयिक प्रयास तेज करे।

### भारत के ड्रोन हमले को इसलिए नहीं रोका, ताकि... पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की फिर उड़ी खिल्ली

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ शुक्रवार को फिर से घिर गए। इस बार उनके नए बयान को लेकर देश–दुनिया में खिल्ली उड़ रही है। अजीबोगरीब तर्क देते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने जानबूझकर भारतीय ड्रोनों को नहीं रोका,



ताकि उनकी सैन्य संपत्तियों के सटीक स्थानों का खुलासा न हो। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में आसिफ को भारत–पाकिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष पर टिप्पणी करते हुए दिखाया गया। वीडियो में ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने कहा, कल का जो ड्रोन हमला हुआ, वह बेसिकली हमारी लोकेशन को जानने के लिए किया गया था। इसीलिए उन्हें रोका नहीं किया गया, ताकि हमारी लोकेशन लीक न हों। पाकिस्तानी मंत्री की इस टिप्पणी का उनके ही देश में हंसी उड़ रही है।

### जहां भी जरूरत हो सेना की मदद करें : भागवत

पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर की तीव्रता बढ़ती ही जा रही है। इस बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सरकार और सेना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस चुनौतीपूर्ण अवसर पर समस्त देशवासियों से आह्वान करता है कि शासन एवं प्रशासन द्वारा दी जा रही सभी



सूचनाओं का पूर्णत : अनुपालन सुनिश्चित करे। इसके साथ–साथ इस अवसर पर हम सबको अपने नागरिक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए यह भी सावधानी रखनी है कि राष्ट्र विरोधी शक्तियों के सामाजिक एकता एवं समरसता को भंग करने के किसी भी षड्यंत्र को सफल न होने दें। समस्त देशवासियों से अनुरोध है कि अपनी देशभक्ति का परिचय देते हुए सेना एवं प्रशासन के लिए जहां भी, जैसी भी आवश्यकता हो, हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर रहे और राष्ट्रीय एकता तथा सुरक्षा को बनाए रखने के सभी प्रयासों को बल प्रदान करें।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर 138 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द... देशभर में 27 हवाईअड्डे बंद

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर दिल्ली एयरपोर्ट पर शुक्रवार को 138 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को विभिन्न एयरलाइनों ने दिल्ली हवाई अड्डे से आने–जाने वाली 138 उड़ानें रद्द की हैं। हवाई अड्डों पर भी सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर देश के विभिन्न भागों में लगभग 27 हवाईअड्डे बंद हैं। सूत्रों ने कहा है कि शुक्रवार को सुबह 5 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच दिल्ली एयरपोर्ट जाने वाली कुल 66 घरेलू और 63 आने वाली उड़ानों के साथ ही पांच अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान और 4 आगमन उड़ानें रद्द कर दी गईं। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) ने एक एक्स पोस्ट में लिखा है कि दिल्ली हवाई अड्डे पर परिचालन सामान्य बना हुआ है।

### 3 सीमावर्ती राज्यों के 9 शहरों में सुबह 6 बजे तक ब्लैकआउट

**हरियाणा :** अंबाला में रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक ब्लैकआउट रहेगा। पंचकूला में 7 बजे से सुबह 6 बजे तक बाजार और स्ट्रीट लाइटें बंद करनी होंगी।

**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ में शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक बाजार और स्ट्रीट लाइटें बंद करनी होंगी।

**पंजाब :** मोहाली में रात 8 से सुबह 6 बजे तक सभी बाजार बंद रखने होंगे। गुरदासपुर में रात 8 से सुबह 6 बजे तक ब्लैकआउट होगा।

**राजस्थान :** जैसलमेर, बाड़मेर में शाम 6 बजे से, श्रीगंगानगर और फलोदी में 7 बजे से सुबह 6 बजे तक ब्लैकआउट रहेगा। बीकानेर में भी ब्लैकआउट रहेगा। समय अभी तय नहीं है।

**बाजार बंद :** जैसलमेर, बाड़मेर में 5 बजे से बाजार बंद कर दिए गए हैं। श्रीगंगानगर में 7 बजे से बाजार बंद होंगे।

जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर में ड्रोन, आतिशबाजी पर रोक है। जैसलमेर में सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों पर बैन है। श्रीगंगानगर में डीजे पर भी बैन है। बीकानेर में हॉस्टल खाली करा लिए गए हैं।

### पीएम ने तीनों सेना प्रमुखों के साथ बैठक की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के साथ चल रहे संघर्ष के बीच तीनों सेनाओं के पूर्व प्रमुखों से बातचीत की। शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास पर हुई इस बैठक में कई पूर्व सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। अधिकारियों ने आज शाम यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मीटिंग में सेना, वायुसेना और नौसेना के पूर्व प्रमुखों के अलावा देश की सेवा कर चुके कई रिटायर्ड अधिकारी भी शामिल हुए। 8–9 मई की मध्य रात्रि को भारतीय ठिकानों को पाकिस्तान ने निशाना बनाने का प्रयास किया। भारत के सशस्त्र बलों की ओर से इसका करारा जवाब दिया गया। इसके साथ ही, पाकिस्तान के साथ संघर्ष अब काफी बढ़ गया है।

### राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुखों के साथ की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की। यह समीक्षा बैठक भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की हालिया कोशिशों को नाकाम करने के एक दिन बाद की गई। बताया जा रहा है कि बैठक में उभरती सुरक्षा स्थिति के हर पहलू पर चर्चा की गई। बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी शामिल हुए।

**स्वास्थ्य मंत्रालय ने रद्द कीं छुट्टियां...** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी छुट्टियों को रद्द करने का फैसला लिया है। पाकिस्तान के साथ उपजे तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए, स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, अगले आदेश तक किसी भी अधिकारी को छुट्टी नहीं दी जाएगी। स्टेशन अवकाश भी नहीं मिलेगा। अपरिहार्य स्थितियों में चिकित्सा आधार पर छुट्टी मिलेगी। पहले से स्वीकृत छुट्टियों को रद्द कर दिया गया है। जो अधिकारी छुट्टी पर हैं, उन्हें तुरंत ड्यूटी ज्वाइन करने का निर्देश दिया गया है।

**जम्मू–कश्मीर से लेकर राजस्थान तक ड्रोन्स अटैक...** पाकिस्तान ने शुक्रवार को भारत पर ड्रोन्स और मिसाइल से हमले किए। पाकिस्तान ने जम्मू–कश्मीर के 6 सेक्टर उरी, तंगधार, केरन, मेंढर, नौगाम, आरएसपुरा, अरनिया और पुंछ में फायरिंग शुरू कर दी। रात 8 : 30 बजे पंजाब के फिरोजपुर, अमृतसर में मिसाइल अटैक किया। इसे नाकाम कर दिया गया। उधर, राजस्थान के पोकरण, जम्मू के सांबा में भी ड्रोन हमला किया गया। इसके अलावा श्रीनगर एयरपोर्ट पर भी हमला किया गया। अंवतीपुरा एयरफोर्स स्टेशन पर ड्रोन अटैक को नाकाम किया गया।

**पाकिस्तान को लगा एक और झटका**

# सिंधु जल संधि पर वर्ल्ड बैंक ने भारत पर दबाव बनाने से किया इनकार



**पाकिस्तान को सिंधु जल समझौता पर बहुत बड़ा झटका लगा है। वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने स्पष्ट किया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में हुई सिंधु जल संधि में विश्व बैंक की भूमिका केवल 'फेसिलिटेटर' यानी मध्यस्थ की है और वह इस संधि में उत्पन्न हुए हालिया गतिरोध को सुलझाने के लिए हस्तक्षेप नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड बैंक भारत को रोकने के लिए हस्तक्षेप नहीं करेगा।**

नई दिल्ली

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। भारत ने यह निर्णय तब तक के लिए लिया है जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देने की नीति से स्पष्ट और स्थायी रूप से पीछे नहीं हटता।

इस संदर्भ में मीडिया में कई अटकलें चल रही थीं कि वर्ल्ड बैंक शायद इस विवाद में हस्तक्षेप करेगा, लेकिन अजय बंगा ने साफ इनकार कर दिया। प्रेस सूचना ब्यूरो के मुताबिक, भारतीय मूल के विश्व बैंक के अध्यक्ष ने कहा, हमारी भूमिका सिर्फ एक मध्यस्थ की है।

मीडिया में जो बातें आ रही हैं कि विश्व बैंक बीच में आकर विवाद सुलझाएगा, वे सब निराधार हैं। सिंधु जल संधि 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच नौ वर्षों की बातचीत के बाद हुई थी। यह संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता में बनी थी और उसने भी इस पर साइन किए थे।

### द्विपक्षीय मुद्दे में हस्तक्षेप नहीं करेगा वर्ल्ड बैंक

अजय बंगा ने कहा कि, हमारी भूमिका केवल सुविधा प्रदान करने तक सीमित है। विश्व बैंक उस ट्रस्ट फंड के माध्यम से तटस्थ विशेषज्ञ या मध्यस्थता न्यायालय की नियुक्ति के लिए शुल्क का भुगतान करता है, जो संधि के समय स्थापित किया गया था। इसके अलावा हमारी कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विश्व बैंक इस द्विपक्षीय मुद्दे में हस्तक्षेप नहीं करेगा। संधि के तहत, इंडस नदी प्रणाली के 80त्न पानी का आवंटन पाकिस्तान को और 20त्न भारत को किया गया है।

बंगा ने कहा, यह उनका फैसला है कि वे क्या करते हैं। हम कुछ नहीं कर सकते। हालांकि उन्होंने ये भी बताया कि बैंक को नए घटनाक्रमों के बारे में दोनों सरकारों से कोई औपचारिक कम्युनिकेशन प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस संधि में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जो इसे किसी देश द्वारा निलंबित करने से रोकता हो।

### गोंड चित्रकला को मिला जीआई टैग : सधे हुए हाथों से बारीक चित्रकारी को मिला वैश्विक सम्मान

# जनजातीय कला और कलाकारों पर है मां सरस्वती का आशीष : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के जनजातीय कला और कलाकारों ने देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है। जनजातीय समृद्ध कला विरासत और इसके कलाकारों को मां सरस्वती का आशीष प्राप्त है। जनजातीय कलाकारों की कल्पनाशीलता प्रशंसनीय है। एक सधे और गढ़े हुए हाथों से बारीक चित्रकारी कर जनजातीय कलाकारों ने पूरी दुनिया को अपना हुनर दिखाया है। हमारी सरकार सभी जनजातीय कलाओं के संरक्षण और कलाकारों को प्रोत्साहन देने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में 3 दिवसीय राज्य स्तरीय आदि शिल्पग्राम महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हमारी सरकार विरासत से विकास की ओर बढ़ने के संकल्प के अनुरूप सभी प्राचीन कला, संस्कृति, परंपराओं और इनके कलाकारों को संरक्षण दे रही है। गोंड चित्रकला को जीआई टेग प्राप्त हो चुका है, जो इस चित्रकला और इससे संबंधित चित्रकारों को वैश्विक सम्मान मिलने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी प्रकार की जनजातीय शिल्प, चित्रकारी और कलाकारों को उनकी कला प्रदर्शन एवं बाजार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न आयोजनों के जरिए समुचित मंच प्रदान करने का प्रयास कर रही है। हमने केंद्र सरकार के साथ मिलकर प्रदेश के संपूर्ण जनजातीय वर्ग को विकास मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं और विकास कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं। इन योजनाओं को जमीन पर उतारने का काम तेजी से प्रगति पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय पराक्रम, शौर्य और बलिदान के प्रतीक राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह और राजा हृदय शाह के मंडला स्थित प्राचीन किले के जीर्णोद्धार के लिए 15 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय की महान विभूतियों को समुचित सम्मान मिले, इसके लिए राजधानी भोपाल में अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन का नाम रानी कमलापति स्टेशन रखा गया है। क्रांतिसूर्य टंट्या मामा के नाम से खरगौन में विश्वविद्यालय की शुरुआत भी की गई है। रानी दुर्गावती की धरती पर मंत्रि-परिषद की बैठक कर हमने उन्हें सम्मान दिया है।





#### हमारी सेनाएं मजबूत, हम एक सामर्थ्यवान देश के नागरिक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देश के सीमा पार से बढ़ती अतिवादी घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए की जा रही प्रतिरक्षा कार्यवाही के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना को बधाई और साधुवाद देते हुए कहा कि हमें अपनी सेना पर पूरा विश्वास है। हमारी सेना मजबूती से राष्ट्र की सीमाओं पर तैनात है। हम एक सामर्थ्यवान देश के नागरिक है, जो हमारी संप्रभुता और नागरिकों पर आघात करेगा, हम बड़ी मजबूती से उसका जवाब देंगे।

#### प्रदेश के जनजातीय अंचलों में जल्द खोले जाएंगे ट्राइबल मार्ट्स

जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि बदलते दौर में जनजातीय कला, संस्कृति और परम्पराओं के विलुप्त होने की आशंका बढ़ती जा रही है। इसीलिए हमारी सरकार जनजातीय महोत्सव, ट्राइबल आर्ट फेयर जैसे आयोजन कर जनजातीय कला-संस्कृति के संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। जनजातीय कलाकारों और उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए शीघ्र ही प्रदेश स्तर पर जनजातीय क्षेत्रों में ट्राइबल मार्ट खोले जाएंगे। प्रारंभ में शहडोल, धार, खण्डवा एवं मंडला में ट्रायबल मार्ट खोले जा रहे हैं। इसके लिए योजना मद में एक-एक करोड़ रूपए व्यय किए जाएंगे। इन ट्रायबल मार्ट्स का संचालन स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जाएगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने देश को आर्थिक रूप से मजबूती देते हुए तीनों सेनाओं को भी मजबूत और अत्याधुनिक हथियारों से लैस किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीमा पार अतिवाद को प्रतिकूल उत्तर देने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी और केन्द्र सरकार का अभिनंदन किया। उन्होंने दुनिया के सामने अतिवाद का काला चिट्ठा पेश करने वाली मध्यप्रदेश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया की तीन पीढ़ियां सेना में रही हैं। वे देश में मध्यप्रदेश की शान बढ़ा रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में भगवान बिरसा मुंडा और रानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर 3 दिवसीय जनजातीय शिल्प ग्राम महोत्सव का शुभारंभ किया। इससे पहले उन्होंने महोत्सव में जनजातीय कला और खान-पान को प्रदर्शित करते स्टॉल्स का अवलोकन किया और यहां लकड़ियों पर चित्रकारी, मिट्टी से बनी आकृतियां और कपड़ों पर चित्रकारी और जनजातीय व्यंजनों की मुक्तकंठ से सराहना की। महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 1000 जनजातीय शिल्प एवं चित्रकला से जुड़े कलाकार हिस्सा ले रहे हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जीआई टेग प्राप्त गोंड पेंटिंग के 4 प्रमुख कलाकारों श्री आनंद श्याम, डिंडौरी जिले के श्री वेंकट, श्रीमती रामबाई और श्रीमती धनैया को अथॉराइज्ड यूजर कार्ड वितरित किए। इसी प्रकार जनजातीय कलाकारों श्री कुंवर बैगा, सुश्री अनिस बाई एवं श्रीमती कीर्ति किशन को विशेष प्रशिक्षण किट वितरित की। यह किट राष्ट्रीय डिजाईन संस्थान भोपाल की ओर से जनजातीय कलाकारों के लिए तैयार की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### हज यात्रा कवर करेंगे इब्राहिम रिज़वी



**इंदौर ( विनय उजाला )।** विनय उजाला के वरिष्ठ पत्रकार इब्राहिम रिज़वी हज के मुक़द्दस सफर के लिए शनिवार को इंदौर से व्हाया हैदराबाद फ्लाईट से जेद्दा के लिए जाएंगे। इस बार विनय उजाला अपने पाठकों को हज की लाइव रिपोर्ट करेगा। विनय उजाला इंदौर आफिस में विनय उजाला के प्रबंधक विरेंद्र मिश्रा, विनय उजाला वेलफेयर सोसायटी के डंग साहब व विनय मिश्रा ने भावभीनी विदाई दी।

### म.प्र.राज्य कयाकिंग-कनोइंग अकादमी के खिलाड़ी प्रिंस गोस्वामी ने जीता स्वर्ण पदक खेल मंत्री सारंग ने बधाई दी



**भोपाल, निप्र।** एशिया पेसिफिक स्प्रिंट कप 2025 का आयोजन 9 से 11 मई 2025 तक कीबा लेक कोमस्तु इशिकावा जापान में किया जा रहा है। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेल अकादमी भोपाल के कयाकिंग केनोइंग खिलाड़ी प्रिंस गोस्वामी में अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जापान स्थित कीबा लेक कोमस्तु इशिकावा में आयोजित एशिया पेसिफिक स्प्रिंट कप में म.प्र. क्याकिंग केनोइंग अकादमी के खिलाड़ी प्रिंस गोस्वामी ने सी-1 की 1000 मीटर पुरूष स्पर्धा में 04ः30.198 का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में इस स्पर्धा में जापान के कोटारो सवाटा ने 04ः32.378 का समय लेकर रजत और कांस्य पदक जापान के ही खिलाड़ी फुमिया अंडो ने 04ः33.818 का समय लेकर हासिल किया। खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने खेल अकादमी के कयाकिंग-केनोइंग खिलाड़ी प्रिंस गोस्वामी के खेल प्रदर्शन की सराहना कर उन्हें इस गौरवान्वित उपलब्धि की बधाई दी है।

### आयुष विभाग ने समस्त आयुष स्वास्थ्य संस्थाओं को आपातकालीन स्थिति के लिए, तैयार रहने के लिए जारी किए निर्देश

**भोपाल, निप्र।** केंद्रीय आयुष मंत्रालय के निर्देशों के अनुपालन में, प्रदेश के आयुष विभाग ने समस्त आयुष स्वास्थ्य संस्थाओं को आपातकालीन स्थिति के लिए तैयारी के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उप संचालक आयुष डॉ. राजीव मिश्र ने बताया कि प्रदेश की समस्त आयुष स्वास्थ्य संस्थाओं को पूर्ण क्षमता के साथ क्रियाशील रहने को निर्देशित किया गया है। यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि समस्त आयुष चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं सहायक कर्मचारी ड्यूटी पर उपस्थित रहें और वर्तमान स्थिति में अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाए। डॉ. मिश्र ने बताया कि एम्बुलेंस, उपलब्धतानुसार मोबाइल चिकित्सा इकाई एवं अन्य आपातकालीन वाहन, आवश्यक जीवन रक्षक उपकरणों सहित तत्पर अवस्था में रखने के निर्देश दिए गए हैं। औषधियों की उपलब्धता की सतत् समीक्षा करने एवं आवश्यकता पड़ने पर संचालनालय को तत्काल अवगत कराने को कहा गया हैं। डॉ. मिश्र ने बताया कि समस्त आयुष स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यक चिकित्सीय उपकरण, स्ट्रेचर, रिएजेन्ट, ऑक्सीजन, जीवन रक्षक प्रणाली की 24ङ्ग7 उपलब्धता और चिकित्सालयों में शैय्या की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करें, समयसीमा में करें कार्य पूर्ण : उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

### रीवा एवं शहडोल संभाग में एमपीआरडीसी के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में रीवा एवं शहडोल संभाग में एमपीआरडीसी के विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यों की नियमित समीक्षा अनिवार्य है, ताकि किसी प्रकार की बाधा समय रहते दूर की जा सके। साथ ही, पूर्ण हो चुके कार्यों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए, जिससे कार्यों की गति बनी रहे और बजट का प्रभावी उपयोग संभव हो सके।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सीधी-सिंगरौली फोरलेन मार्ग के शेष भाग का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, अत: प्रशासनिक अड़चनों को सर्वोच्च प्राथमिकता से दूर किया जाए। यह उल्लेखनीय है कि इस परियोजना का 52 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष कार्य प्रक्रियाधीन है। इसके साथ ही, उन्होंने एडीबी (एशियन डेवलपमेंट बैंक) द्वारा वित्तपोषित रीवा-बेड़ा-सेमरिया मार्ग के शेष लगभग 1 किमी मार्ग (ढेकहा तिराहा से मंडी तक) को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह मार्ग अत्यधिक व्यस्त रहता है, इसके शीघ्र निर्माण से स्थानीय नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने उमरिया से शहडोल तक 2-लेन मार्ग के उन्नयन कार्य की समीक्षा की। बताया गया कि यह कार्य 93 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य जून माह के अंत तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए।

रीवा बायपास फोरलेन मार्ग परियोजना का 14 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसमें 4 मध्यम पुलों में से 2, 39 बॉक्स कल्वर्ट में से 14 तथा आवश्यक 5 वीयूपी (वर्टिकल अंडर पास) में से 2 का कार्य प्रगतिरत है। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कार्यों की सतत निगरानी की जाए और तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ कार्यों को पूरा किया जाए। बैठक में एमडी एमपीआरडीसी श्री भरत यादव सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### समस्याओं का समाधान समय-सीमा में करें

## अयोध्या नगर क्षेत्र की कालोनियों में पुलिस रात्रि गश्त करे : राज्यमंत्री श्रीमती गौर

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र की सोनागिरी सहित अन्य कालोनियों में रहवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने अधिकारियों को एक निश्चित समय-सीमा में समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए। स्थानीय रहवासियों ने सड़कों के निर्माण, सीवेज नेटवर्क के सुधार सहित अन्य ज़रूरी माँगों के संबंध में राज्यमंत्री श्रीमती गौर का ध्यान आकृष्ट कराया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि जरूरतमंदों की थाली में स्वाद, सम्मान और संपूर्ण पोषण बना रहे, इसी भावना से वह दीनदयाल रसोई घर, सोनागिरी का निरीक्षण कर रही हैं। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, सफाई और संचालन संबंधी दिशा-निर्देश दिए। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अयोध्या बायपास स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर आवास आवंटन सुनिश्चित किया जाए, जिससे योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर मिल सके।



### मध्यप्रदेश 9 स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 18 पदकों के साथ चौथे स्थान पर

**भोपाल, निप्र।** दिनांक 4 से 15 मई 2025 तक खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन बिहार में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के खिलाड़ी खेल का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश 09 स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 18 पदकों के साथ चौथे स्थान पर है। शुक्रवार को शूटिंग खेल के प्रारंभिक मुकाबले खेले गये। इसमें 10 मी. एयर रायफल मिक्स्ड टीम और शूटिंग शाटगन के मुकाबले खेले गये। शनिवार दिनांक 10 मई 2025 को शूटिंग रायफल, पिस्टल और शॉटगन के फायनल मुकाबले खेले जायेंगे। प्रातः 11ः00 बजे से दोपहर 12ः30 तक शूटिंग पिस्टल के 25 मी. स्पोर्ट्स पिस्टल वूमेन के मुकाबले खेले जावेंगें, जिसमें मध्यप्रदेश के खिलाड़ी अंचल सिंह प्रतिभागिता करेंगें।

## ग्रीन एनर्जी पर ध्यान दें अन्यथा बच्चों को बैग की जगह ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर चलना पड़ेगा : ऊर्जा मंत्री तोमर



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** हम सबका का कर्त्तव्य है कि भावी पीढ़ी की सुरक्षा और उनको सुरक्षित वातावरण देने के लिये क्लीन एनर्जी - ग्रीन एनर्जी को प्रोत्साहित करें। अगर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो बच्चों को स्कूल बैग की जगह ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर चलना पड़ेगा। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह विचार भोपाल में आयोजित चौथे नेशनल सस्टेनेबल एनर्जी एनोवेशन कॉन्क्लेव में व्यक्त किये। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि यह कॉन्क्लेव न केवल ऊर्जा क्षेत्र के नवाचारों को प्रोत्साहित करेगा बल्कि एक स्थायी और सुरक्षित भविष्य की दिशा में हमारे प्रयासों को नई गति देगा।

मंत्री श्री तोमर ने कहा कि यह कॉन्क्लेव ऊर्जा के समाधान पर विचार विमर्श के लिये एक अच्छा अवसर है। बढ़ती ऊर्जा मांग और जलवायु चुनौतियों के बीच ऐसे प्रयास सुरक्षित भविष्य के लिये बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ऊर्जा सशक्तिकरण के लिये तकनीकी नवाचार को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि कॉन्क्लेव में निकलने वाले निष्कर्षों का क्रियान्वयन हर स्तर पर होना चाहिए, तभी यह सार्थक होगा।

अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई ने कहा कि यह कॉन्क्लेव एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने के लिये महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि जो नवाचार जनहित के हैं, उन्हें स्वीकार करने और नई टेक्नोलॉजी से कैसे लाभ प्राप्त किया जाये, इस पर गहन विमर्श होना चाहिए।

#### नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर है भारत

केन्द्रीय अतिरिक्त सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा श्री सुदीप जैन ने कहा कि भारत हमेशा सस्टेनेबिलिटी पर जोर देता है। नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत ग्लोबल लीडर है। श्री जैन ने कहा कि वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवकरणीय ऊर्जा का उत्पादन करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि हर घर की छत पर सोलर पैनल होना चाहिए। इसी लक्ष्य को पूरा करने के लिये पीएम सूर्य घर योजना शुरू की गई है। पवन ऊर्जा के क्षेत्र में भी हम अग्रणी हैं। लगभग 18 गीगावॉट इसका उत्पादन हो रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सोलर पॉवर के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किये गये हैं। सबसे बड़े सोलर एवं सोलर फ्लोटिंग प्लांट मध्यप्रदेश में स्थापित किये गये हैं। एमडी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी श्री अविनाश लवानिया ने कॉन्क्लेव के उद्देश्यों की जानकारी दी।

### एमसीयू में प्रतिभा पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

# माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय तक चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें: भगवानदास सबनानी

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में प्रतिभा 2025 के अंतर्गत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया । गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, विशेष अतिथि प्रकाश हिंदुस्तानी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी द्वारा की गई। क्षेत्रीय विधायक भगवानदास सबनानी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय आने तक सड़क एवं आवागमन की समस्या देखने को मिली है । उन्होंने कहा कि बरसात से पहले समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि परिसर में हॉस्टल भी है और बच्चे आसपास भी रहते हैं। सबनानी ने कहा कि 100 इलेक्ट्रिक बसें जल्द ही शुरु होने जा रही है। बच्चों को आवागमन में दिक्कत न हो इसलिए दो से तीन बसें इस क्षेत्र से होकर गुजरेंगी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि लिखने में कभी समझौता मत कीजिएगा। लिखने की धार बनाए रखना। उन्होंने आने वाले समय में वृक्षारोपण भी करने की बात कही। बिशनखेड़ी में सुरक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि अब पुलिस पेट्रोलियम भी यहां होगी, ताकि महिलाएं बहनें अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सकें। उन्होंने समस्याओं पर कि विधायक निधि तक से समस्या का समाधान करना पड़े तो वे करेंगे।





वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश हिंदुस्तानी ने कहा कि पत्रकारिता में इस बात का महत्व है कि कब नहीं बोलना है और क्या नहीं बोलना है । उन्होंने छात्रों से कहा कि यदि कभी किसी का इंटरव्यू लेना हो तो यह कभी मत पूछना कि आपको कैसा लग रहा है ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय इस साल से सिंधी भाषा में पीजी डिप्लोमा शुरु करने जा रहा है। उन्होंने इसके लिए विशेष तौर पर डायरेक्टर रवि टेकचंदानी का आभार व्यक्त किया। अपने उद्बोधन में तिवारी ने विद्यार्थियों से कहा कि वे सिंधी की दो पुस्तके द सिंध स्टोरी एवं द टियर्स ऑफ सिंधु जरूर पढ़ें ।

प्रतिभा पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर प्रतिभा आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं कुलसचिव डॉ. अविनाश वाजपेयी, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, संयोजक, सांस्कृतिक संयोजक, समन्वयक, विभागीय सांस्कृतिक समन्वयक, अनुशासन समिति के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय, सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. उर्वशी परमार एवं डॉ. अरुण खोबरे ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### फुटबॉल जगत ने खोया अपना मसीहा



**इंदौर, ( विनय उजाला )।** फुटबॉल जगत के मसीहा देवकीनंदन रायकवार कप्तान साहब अब हमारे बीच नहीं रहे। उन्होंने इंदौर में फुटबॉल के कई राष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार किए अचानक हमारे बीच से उनका जाना खेल जगत के लिए विशेष कर फुटबॉल के लिए बहुत दुखद है । उनके निधन पर जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष पिंटू जोशी ,अजय सिंह नरूका, नंदकिशोर पहाड़िया ,प्रिंसपाल टोंगिया ,रामचंद्र चौहान, अशोक वर्मा, मानक नागर, लोकेंद्र वर्मा, बनवारी रायकवार,राघवेंद्र ठाकुर, शशि यादव, नारायण खरबारिकर संदीप गौड़ ,सुरेश वैद्य, मोहम्मद इस्लामुद्दीन धीरज चौहान, सुंदर दास हेमनानी ,रामदास चौहान ,शैलेंद्र वर्मा, रमन वर्मा ,राकेश सिरसिया ,जयेश मार्टिन धर्मेंद्र खरे ,अक्कू ,बंटू पंकज राठौर ,अरुण उपाध्याय ,राजेंद्र पटेल, रजत रोज ,रमेश झीरवार, संजय मेहरा, विष्णु गहलोत, जमना सिलावट,अनोखी सिलावट, और स्टेडियम सभी खेल संघो द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित की गई इस दुख की घड़ी में दादा के सुपुत्र अलंकार रायकवार, विक्की रायकवार ,के साथ खेल जगत खड़ा है।

### शा. सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उमावि क्र 2 को सुयश



**इंदौर, ( विनय उजाला )।** शा सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उमावि क्र 2 की 25 छात्राओं को सभी विषयों सहित 276 छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में अलग अलग विषयों में विशेष योग्यता (distinction) प्राप्त हुई है। प्राचार्य दीपक हलवे ने बताया कि विद्यालय में गुलशन रघुवंशी को सर्वाधिक 95 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए है । उन्होंने बताया कि 8 छात्राओं क्रमशः गुलशन रघुवंशी, दिव्यांशी साहू, तनीषा प्रजापत, शिवानी वर्मा, आंशिक शर्मा और निकिता गरोठिया को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त होकर 51 छात्राओं ने शासन से उपहार स्वरूप प्राप्त होने वाले लेपटॉप की पात्रता हासिल कर ली है । विद्यालय का परीक्षा परिणाम 80% रहा।

### महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया हुई प्रारंभ

**इन्दौर ( विनय उजाला )।** राज्य शासन के तकनीकी शिक्षा संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश के समस्त पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया हेतु पंजीयन 30 अप्रैल से प्रारंभ कर दिया गया है। पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों में अर्हकारी परीक्षा 10वीं के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती विजया शिन्दे द्वारा बताया गया कि ऐसे उम्मीदवार भी पंजीयन कर सकते है जो सत्र 2024-2025 में 10वी कक्षा की परीक्षा में शामिल हुए है एवं जिनका परीक्षा परिणाम अभी जारी नहीं हुआ है, ऐसे उम्मीदवार यदि प्रवेश के लिये अपना रजिस्ट्रेशन कराते है तो उन्हें परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद कांउसलिंग पोर्टल पर परीक्षा परिणाम का विवरण दर्ज कर काउंसलिंग प्रक्रिया को पूर्ण करना आवश्यक होगा । अभ्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने में मदद के लिये सभी शासकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में हेल्प सेंटर स्थापित किए गए हैं। प्राचार्य श्रीमती विजया शिंदे द्वारा बताया गया समस्त पाठ्यक्रम एआईसीटीई, आरजीपीवी एवं काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर से संबद्ध हैं। शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में अनेक रोजगार मूलक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में छात्राओं को प्रवेश मिलेगा। वर्तमान में संस्थान में चार डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, फैशन टेक्नोलॉजी, आर्किटेक्चर एंड इंटीरियर डिजाईन एवं होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी संचालित किये जा रहे है। इन सभी पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, आयुक्त तकनीकी शिक्षा संचालनालय भोपाल द्वारा ऑनलाईन आयोजित की जा रही है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 01 जून 2025 है। यह इंदौर जिले का एकमात्र शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय है जो कि न्यूनतम शिक्षण शुल्क 10 हजार रुपए मात्र प्रतिवर्ष पर छात्राओं को विभिन्न रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम उपलब्ध करवा रहा है। छात्राओं के व्यावसायिक एवं रचनात्मक विकास हेतु संस्था द्वारा समय-समय पर एक्सपर्ट लेक्चर, इंडस्ट्री विजिट , वर्कशाप, इंटर्नशिप एवं सेमिनार का आयोजन किया जाता है। सर्वसुविधा युक्त एवं आधुनिक उपकरणों से लैस विभिन्न प्रयोगशालाओं द्वारा छात्राओं को प्रायोगिक ज्ञान प्रदान किया जाता है। सभी विभागों की अंतिम वर्ष की छात्राओं हेतु प्रतिवर्ष ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा विभिन्न कंपनियों में छात्राओं का प्लेसमेन्ट करवाया जाता है।

### 94 वर्षीय पिता पर पांच बेटियों ने मकान बेचने का बनाया दबाव

**इंदौर, ( विनय उजाला )।** श्री कुंजीलालजी गीते, निवासी 239, गोयल नगर, इंदौर, जिनकी आयु 94 वर्ष की है,और उनकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं है, को उनके लगातार विरोध करने के, रोने धोने के बावजूद पांच बेटियों द्वारा उन्हें बलपूर्वक, बरगला कर इस उम्र में मकान बेचने को बाध्य किया गया। जिसके कई कानूनी सबूत हैं ।उन पर भी अत्याचार और दबाव बनाया जा रहा है, कि वे उनके मकान की बिक्री के लिए हस्ताक्षर कर दें। और कल इन्हीं पांच बेटियों में से एक के द्वारा लड़ाई झगड़ा कर धमकी दी गई थी कि, चाहे प्रलय आ जाए, आंधी तूफान आए, रजिस्ट्री 7 मई को हो कर रहेगी। और 6 मई को रात को वे घर से गायब मिले,और पूरे घर पर ताला है। ऐसे में उनके साथ धोखा हो सकता है, और बलपूर्वक रजिस्ट्री करवाकर उन्हें बेघर किया जा सकता है।

लोक माता देवी अहिल्याबाई की 300वां जन्म जयंती पर होगा तीन दिवसीय कार्यक्रम

# नारी सशक्तिकरण सम्मेलन, महानाट्य का मंचन, व्याख्यान, पेंटिंग प्रदर्शनी आदि कार्यक्रम होंगे

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा लोक माता देवी अहिल्याबाई की जयंती पर तीन दिवसीय आयोजन करने जा रहा है। इस आयोजन को लेकर गूगल मीट (वीडियो कान्फ्रेंस) के माध्यम से शुक्रवार को एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में गूगल मीट के माध्यम से इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह शामिल हुए। बैठक में संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि इस बार देवी अहिल्याबाई की जयंती का महत्व इसलिये भी विशेष है क्योंकि यह उनका 300वां जन्म जयंती वर्ष है। इस कारण इंदौर और महेश्वर सहित देशभर में विभिन्न प्रकार के उत्सवों का क्रम जारी है। उन्होंने बताया कि देवी अहिल्याबाई जयंती उत्सव को विशेष बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा इंदौर के ऐतिहासिक



राजवाड़ा में 20 मई को कैबिनेट बैठक आयोजित की जा रही है।

प्रमुख सचिव शुक्ला ने बताया कि देवी अहिल्याबाई जयंती उत्सव 29 मई से 31 मई तक मनेगा। इस आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। इस तीन दिवसीय उत्सव में इंदौर, महेश्वर, वाराणसी आदि शहरों में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। सभी कार्यक्रमों को इस प्रकार से तैयार किया जायेगा, जिसमें जनमानस को देवी अहिल्याबाई के सुशासन, नारी सशक्तिकरण, उनके द्वारा किये गए लोक कल्याणीकारी कार्यों की झलक देखने को मिले। आयोजन के तहत महिलाओं का एक ऐसा विशाल सम्मेलन होगा, जिसमें ऐसी महिलाएं प्रमुख रूप से शामिल होगी, जिन्होंने स्वयं सहायता समूह, लघु उद्योग आदि से स्वयं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया है। इसके अलावा लोक माता के जीवन और कृतित्व पर केन्द्रित एक महानाट्य का मंचन भी होगा। इसी क्रम में देवी अहिल्याबाई द्वारा इंदौर, महेश्वर, वाराणसी आदि स्थानों पर किये गए मंदिरों के जीर्णोद्धार सहित कुएं, बावड़ियों, धर्मशाला आदि के निर्माण पर केन्द्रित एक पेंटिंग प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी, जिसे देशभर के श्रेष्ठ चित्रकारों ने बनाया है। इसके अलावा देवी अहिल्याबाई के जीवन कार्यों को लेकर एक फिल्म भी बनायी जायेगी, जिसका ट्रीजर इस उत्सव में प्रदर्शित किया जायेगा। प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने आगे बताया कि देवी अहिल्याबाई के जीवन और कृतित्व से जुड़ी पांडुलिपियों का संग्रह किया जा रहा है, उसे भी प्रदर्शित? किया जायेगा। इसके अलावा विद्वान वक्ताओं के व्याख्यान होंगे, जिसमें देवी अहिल्याबाई के सुशासन पर केन्द्रित होगा। आयोजन में संस्कृतिकर्मी, नाट्यकृर्मी, शिक्षाविद शामिल होंगे।

बैठक में संभागायुक्त दीपक सिंह ने कहा कि इंदौर में देवी अहिल्याबाई की जयंती उत्सव को यहाँ की विभिन्न सामाजिक संस्थाएं बड़ी पैमाने पर मनाती है। इस बार भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के जुड़ जाने से यह उत्सव और उल्लास के साथ मनेगा।

## इंदौर में 300 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक अहिल्या बावड़ी के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य हुआ पूरा


जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल, पर्यटन केंद्र के रूप में भी होगा विकास

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** इंदौर जिले के कनाड़िया में स्थित माँ देवी अहिल्या बाई होलकर द्वारा निर्मित 300 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक बावड़ी का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की पहल पर पूर्ण कर लिया गया है।

इंदौर विकास प्राधिकरण की इस परियोजना पर लगभग एक करोड़ रुपये की लागत आई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आगामी इंदौर प्रवास के दौरान इस ऐतिहासिक बावड़ी का लोकार्पण और देवी अहिल्या माता की प्रतिमा का अनावरण प्रस्तावित है।

जल संसाधन तुलसीराम सिलावट ने शुक्रवार को कनाड़िया पहुंचकर इस कार्य का अवलोकन किया। मंत्री सिलावट ने बताया कि यह बावड़ी न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसकी भव्यता और



सांस्कृतिक विरासत इसे एक संभावित प्रमुख पर्यटन केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर करती है। उन्होंने कहा कि इसकी सुंदरता और महत्व को देखते हुए इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और इंदौर की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर होगी।

मंत्री सिलावट ने कहा कि यह बावड़ी हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। माँ अहिल्या बाई होलकर की स्मृति से जुड़ी यह संरचना जल संरक्षण का जीता-जागता उदाहरण है। हम इसे सिर्फ संवार नहीं रहे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बना रहे हैं। यह पहल केवल विरासत संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता का भी एक प्रत्यक्ष उदाहरण है। वर्षों से उपेक्षित रही यह बावड़ी अब पुनर्जीवित होकर वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण और ग्रामीण जल आपूर्ति के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

पिछले वर्ष सितंबर माह में कनाड़िया के दौरे पर जल संसाधन मंत्री सिलावट पहुंचे तो उन्हें जानकारी मिली कि यह बावड़ी माँ अहिल्या बाई होलकर द्वारा निर्मित की गई थी और वर्तमान में कुछ लोग इसे मिट्टी से भरकर अन्य उपयोग में लेना चाह रहे हैं, तब उन्होंने तत्काल हस्तक्षेप कर इसके किसी अन्य उपयोग पर रोक लगाई।

इसके पश्चात अधिकारियों के साथ बैठक की और जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना बनाकर तेज़ी से कार्य प्रारंभ करवाया गया। यह कार्य अब लगभग पूर्ण हो गया है।

## रेल मंत्री ने की समीक्षा, दिया निर्देश- लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर करें विशेष गाड़ियों का परिचालन

विनय उजाला

**मुंबई।** जम्मू और चंडीगढ़ एयरपोर्ट के बंद होने के चलते जो पैसेंजर फंसे थे, उनके लिए भारतीय रेल द्वारा विशेष गाड़ियों की व्यवस्था की गई।

रेल परिचालन हेतु की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। स्थिति का पूर्ण जायजा लेने के बाद उन्होंने रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों की सहायता के लिए गाड़ियों का परिचालन किया जाए। नियमित गाड़ियों के साथ-साथ आवश्यकतानुसार विशेष गाड़ियों का भी परिचालन किया जाए। रेल मंत्री के निर्देश पर दिनांक 9 मई,2025 को जम्मू तथा उधमपुर से चार विशेष गाड़ियों का परिचालन किया गया । रेलवे ने



पहली विशेष गाड़ी 04612 का परिचालन जम्मू स्टेशन से सुबह 10:45 बजे किया जिसमें 12 कोच अनारक्षित श्रेणी के और 12 रिज़र्व क्लास के लगाए गए। 20 कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस दिन में 12:45 बजे उधमपुर से रवाना हुई और जम्मू तथा पठानकोट के रास्ते नई दिल्ली आई। 22 एलएचबी कोच वाली विशेष गाड़ी का परिचालन संध्या 7:00 बजे जम्मू स्टेशन से किया गया। एक और वंदे भारत विशेष गाड़ी का परिचालन किया गया जो दिन में 3:30 पीएम बजे जम्मू से खुली और संध्या में नई दिल्ली स्टेशन पहुंचेगी।


**पश्चिम रेलवे उधना ⇌ रक्सौल के बीच ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चलाएगा**

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथियाँ | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 05560 | उधना–रक्सौल (साप्ताहिक) | 18/05/2025 से 27/07/2025 | 15:35 बजे (रविवार) | 00:15 बजे (मंगलवार) |
| 05559 | रक्सौल–उधना (साप्ताहिक) | 17/05/2025 से 26/07/2025 | 05.30 बजे (शनिवार) | 12.35 बजे (अगले दिन) |

**हाल्ट:** भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, बगहा, नरकटियागंज और सिकटा स्टेशन दोनों दिशाओं में।

**संरचना:** एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच।

ठहराव के समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन संख्या 05560 की बुकिंग 11/05/2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेन विशेष किराये पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाईक करें : facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के साथ अपना वास्तविक पहचान पत्र भी साथ रखें


## देवारण्य योजना के तहत वन समितियों को औषधीय पौधों के संकलन पर कार्यशाला संपन्न

विनय उजाला

इंदौर, नप्र। आयुष विभाग द्वारा देवारण्य योजना के अंतर्गत एक जिला एक औषधि अश्वगंधा पहल के तहत अश्वगंधा की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए शुक्रवार को वन समितियों और कृषकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में जिला आयुष अधिकारी हंसा बारिया, वन विभाग की फॉरेस्ट रेंजर सुनीता ठाकुर, योजना के नोडल अधिकारी डॉ. शीतल कुमार सोलंकी, डॉ. कमलेश पाटिल, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. मनीष रघुवंशी, प्रदीप शर्मा, बीट प्रभारी सचिन मंडलोई के साथ इंदौर वन मंडल के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अश्वगंधा की खेती के आर्थिक और औषधीय महत्व को उजागर



करना तथा कृषकों और वन समितियों को इसके उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के लिए प्रशिक्षित करना था। हंसा बारिया ने बताया कि अश्वगंधा की खेती न केवल किसानों के लिए आर्थिक समृद्धि का द्वार खोलेगी, बल्कि आयुष क्षेत्र में इंदौर को एक नई पहचान भी दिलाएगी।

रेंजर सुनीता ठाकुर ने वन समितियों को अश्वगंधा की खेती के लिए तकनीकी सहायता और वन भूमि के उपयोग पर जोर दिया। डॉ. सोलंकी ने अश्वगंधा की खेती की आधुनिक तकनीकों और इसके औषधीय गुणों पर प्रकाश डाला। डॉ. गुप्ता, डॉ पाटिल और डॉ. रघुवंशी ने कृषकों को खेती की बारीकियों और बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन बढ़ाने के तरीकों के बारे में जानकारी दी।

प्रदीप शर्मा और बीट प्रभारी मंडलोई ने कार्यशाला में स्थानीय समुदायों और वन समितियों को योजना से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# इब्राहिम रिज़वी का स्वागत कर हजयात्रा की शुभकामनाएं दी





विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। प्रेस क्लब धरमपुरी के पूर्व अध्यक्ष, कलम के धनी, कुशल वक्ता व वरिष्ठ पत्रकार इब्राहिम रिज़वी सपत्नीक हज के सफर के लिए शुक्रवार इंदौर के लिए रवाना हुए।**

शनिवार को इंदौर से व्हाया हैदराबाद होते हुए जेद्दाह के लिए उनकी फ्लाइट है। हज के मुक़द्दस सफर पर जाने के पूर्व परिवार जनों सहित इष्ट मित्रों ने इब्राहिम रिजवी को भावभीनी विदाई दी।

इब्राहिम रिज़वी ने वरिष्ठ भारत कुमार जी महाजन,महेंद्र महाजन, पत्रकार शांतु राठौड़, विवेक जगताप, प्रशांत वर्मा,अरविंद राठौड़, पूर्व पार्षद राजेश सेन आदि के निवास पर पहुंचकर वरिष्ठों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान इब्राहिम रिज़वी को पुष्पहार पहनाकर व मिठाई खिलाकर सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी गई। हज पर रवाना होने से पहले गुरुवार को इब्राहिम रिज़वी को सफल यात्रा की शुभकामनाएं देने के लिए जवाहर मार्ग स्थित उनके निवास पर मित्रों, परिचितों और शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। नगर के जनप्रतिनिधि, व्यापारी, पत्रकार, अधिवक्ता, गणमान्य नागरिकों ने इब्राहिम रिजवी का पुष्पहार पहनाकर स्वागत कर हज यात्रा की शुभकामनाएं दी।

देश में अमन, चैन, भाईचारे और हिंदुस्तान की तरक्की की दुआएं करने की भी अर्ज की गई। नगर के वरिष्ठ व्यवसायी भारत कुमार महाजन, महेन्द्र महाजन, पारस जैन, शांतु राठौड़, पूर्व नगर भाजपा अध्यक्ष अखिलेश जगताप, प्रशांत वर्मा, नगर व्यापारी संघ अध्यक्ष अरविंद राठौड़, कमल राठौड़, मनीष महाजन, शरद पुरोहित, सर्वेश महाजन, अमृत पटवा, प्रवीण शर्मा, आनन्द जोशी, विवेक जगताप, कमलेश राठौड़, सरफराज खान, गर्वित जैन आदि ने पुष्पहार पहनाकर व मिठाई खिलाकर इब्राहिम रिज़वी को हजयात्रा की शुभकामनाएं दी।


**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला शाजापुर म.प्र.**
E-mail : csurgeonshjmp@nic.in, phone : 07364-227718
क्रमांक/निविदा/2025/2131 — शाजापुर, दिनांक :- 06/05/25

**ऑनलाईन पुनः ई-निविदा**

जिला चिकित्सालय शाजापुर में मेन पॉवर (आउटसोर्स) हेतु पुनः ऑनलाईन ई-निविदा (द्वितीय चरण) दिनांक 15.05.2025 से दिनांक 22.05.2025 तक आमंत्रित की जाना है। सम्बन्धित निविदा दस्तावेज न्यूनतम आर्हतायें, शर्तें, नियम, स्पेसिफिकेशन एवं अन्य विवरण आदि वर्णित है निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईड http://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम दिनांक 22.05.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक तथा निविदा प्रपत्र ऑनलाईन एवं मैन्युअल प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 23.05.2025 को शाम 5:30 बजे तक निर्धारित है। सभी प्रकार की आपत्तियां प्री-बिड मिटिंग तक ही मान्य होगी प्री-बिड मीटिंग के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। टेक्निकल निविदा 26.05.2025 को दोपहर 3:00 बजे खोली जावेगी। निविदा एवं दस्तावेज मेन्युअल प्रस्तुत करना अनिवार्य है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी जिला शाजापुर की वेबसाईट https://www.shajapur.nic.in पर देखी जा सकती है।

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल
अधीक्षक जिला-शाजापुर म.प्र.

G12590/25 — "स्वच्छता ही सेवा"

**कार्यालय सेनानी 7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल**
ई-मेल : co7bn_saf@mppolice.gov.in
क्रमांक-7वी वाहिनी/विसबल/QM/907/ए/2025 — दिनांक : 05/05/2025

**:: ई-निविदा सूचना ::**

वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल के पर्यवेक्षण में आयोजित होने वाले विभिन्न राज्य स्तरीय आयोजन, शासकीय कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिताएं तथा भर्ती इत्यादि समय बैठक व्यवस्था के समय लगने वाली टेण्ट सामग्री हेतु दरें (प्रति इकाई) प्राप्त किये जाने के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in/ तथा www.mppolice.gov.in पर उपलब्ध हैं। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है, तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा। इस हेतु ई-निविदा पोर्टल पर अद्यतन रहें।

हेतु-सेनानी
7वीं वाहिनी विसबल,
भोपाल

जी-12563/25 — "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

# सम्पादकीय

## जातीय जनगणना : पिछड़े समुदायों को हासिल क्या होगा?

सवाल वही है- पिछड़े समुदायों को हासिल क्या होगा? उनका पिछड़ापन दूर करने का एजेंडा ना तो सामाजिक न्याय की पार्टियों के पास है, ना इस सियासत में नई रंगी कांग्रेस के पास, और ना ही भाजपा के पास।इसमें शायद ही कोई संशय था कि केंद्र की भाजपा सरकार देर-सबेर जातिगत जनगणना कराने पर राजी हो जाएगी। वजह यह है कि सत्ताधारी दल के मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 1990 के दशक में सोशल इंजीनियरिंग' की जो अवधारणा अपनाई, उसका जातियों की अलग-अलग गिनती और उनकी अलग पहचान को मान्यता देने से कोई बुनियादी विरोधी नहीं है।दरअसल, यह तरीका सामाजिक न्याय की पार्टियों की ओबीसी या दलित के रूप में संबंधित जातियों की संगठित पहचान उभारने की कोशिश की एक प्रभावी काट है। इस तरीके को आगे बढ़ाते हुए भाजपा ने मंडल और बहुजन राजनीति को हाशिये पर धकेल दिया है।इसके बावजूद उन पार्टियों ने जातीय जनगणना की मांग के जरिए भाजपा पर दबाव बनाने का गुमराह दांव खेला। अब आम जनगणना के साथ जातीय गणना का निर्णय लेकर भाजपा ने उससे उपजी सियासी फायदे की संभावना को हथिया लिया है। मगर सवाल वही है- इससे पिछड़े समुदायों को हासिल क्या होगा?आर्थिक, सामाजिक या शैक्षिक पिछड़ापन दूर करने का एजेंडा ना तो सामाजिक न्याय की पार्टियों के पास है, ना इस सियासत के रंग में नई रंगने वाली कांग्रेस के पास, और ना ही भाजपा के पास। अधिक से अधिक इन सबके पास सरकारी नौकरियों एवं शिक्षा संस्थानों में आरक्षण की सीमा बढ़ाने का एजेंडा है, जो आज के निजीकरण के दौर में बहकावे के अलावा कुछ नहीं है।निजी क्षेत्र में आरक्षण वर्तमान संवैधानिक व्यवस्था के तहत लगभग नामुमकिन है। तो घूम-फिर कर बात भावनाओं के तुष्टीकरण पर टिक जाती है। ठीक उसी तरह जैसे भाजपा के हिंदुत्व से हिंदुओं की रोजमर्रा की समस्याओं का कोई हल नहीं निकला है, भले उनके एक बड़े हिस्से को इस भ्रम से तसल्ली मिलती हो कि अब उनका राज है!चूंकि पिछड़ेपन के बुनियादी कारणों को दूर करने और वास्तविक सामाजिक परिवर्तन का कोई एजेंडा पूरे राजनीतिक दायरे में नहीं है, इसीलिए यह बेहिचक कहा जाएगा कि जातिगत जनगणना पर बनी आम सहमति प्रतिगामी है। किसी देश का इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा कि उसका पूरा राजनीतिक नेतृत्व प्रगतिशील कार्यक्रमों पर चर्चा के बजाय सर्व-सम्मति से उसे प्रतिगामी पथ पर ले जाए!

### दैनिक विनय उजाला सुविचार

फसल के लिए पहले खेतों को बीज देना पड़ता है, वैसे ही विश्व में सुख शांति के लिए पहले मन से सुख शांति का दान देना पड़ता है।
**- लता मालवीय, इंदौर**

जिस तरह पतझड़ के बिना पेड़ पर नए पत्ते नहीं आते,
ठीक उसी तरह कठिनाई और संघर्ष के बिना अच्छे दिन भी नहीं आते!
**- ताहिर अली, भोपाल**

दिखावे के प्रेम से अकेलापन बेहतर हैं।
**- एच. एल. खुशाल, इंदौर**

धोखा कभी मरता नहीं आज आप दोगे कल आपको जरूर मिलेगा।
**- देवकीनंदन शर्मा, भोपाल**

जरूरी नहीं की कुछ गलत करने से ही दुख मिले,
कभी-कभी हद से ज्यादा अच्छे होने की भी कीमत चुकानी पड़ती है।
**- राशि परिहार, इंदौर**

अगर आप जिन्दगी की दौड़ में धीरे चलते हुए भी
कभी रुके नही हैं, तो यकीन मानिए आप सबसे तेज है।
**- नरेश वर्मा, महू**

### चिंता नहीं?


न समझो
बुढ़ापा है
कितना अंधेरा
ढलती दुपहरी
का पीला उजाला
उन्मुक्त मन
का उड़ता परिंदा
छांव ठांव में
रुकता बसेरा
ज्ञान की ज्योति
नयनों के कोटर में
मन के समंदर में
विचारों के मंथन से
अवतरित हुआ
अनुभव अनोखा
रुक रुक सफर
पर थिरता कदम
नहीं कोई बंधन
न कोई वहम
पृथ्वी पे आये
कला लेकर हम
गुजरी जवानी में
भुलाये हुनर
कमाना था खाना था
घर संसार चलाना था
बिसरा गये थे
तन मन धरम
तो चूको नहीं
अब पाया समय
ये आयु समृद्ध
न पालो वहम
बहुत चल लिये
ज़िंदगी की डगर
जाना है अब तो
प्रभु के नगर
कब तक रहेंगे
अब न सोचना है
जिसने है भेजा
उसी राह चल दो



दैनिक विनय उजाला
**कुसुम सोगानी**

### आपरेशन सिंदूर

तुम ना समझो के ना पाक पाक सिंदूर की ताकत को,
मां भारत की सुहागन ललनाएं
जब क्रोधित होती है रणचंडीबन,
शेर पर कर सवार,गले में मुंड माला,
हाथ में भाला हरेक ना पाकको
कुचलती चलती है, नहीं रुकती तब तक,,
सांसे रुक न जाए राक्षसों की, सिंदूर की ताकत तुम क्या जानों,
सती सावित्री भीड़ गई थी यमराज से,
चार विवाहों की छूट तुम्हें,
नकली मर्दानगी दिखाते फिरते,
भारत के हरेक पुरुष के पुरुषार्थ की पूजा करती वो नारी,
उसके सिंदूर को तुमने पोछा है,
टिकी,बिंदी,बिछुड़ी,चूड़ी तोड़ी तुमने,
खुले बाल कर ललकार रहीं,,
आओ! कमीनों किस्में हिम्मत है,
अब! ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ,,
जो मिटा देगा पूरी आतंकी कौम को,
तुमने! निर्दोष सताइस को मारा,
हम सताइश लाख से कम न मारेंगे,
उनके सीने पर तिरंगा गाड़ कर,
तुम्हारे खून से पूछे सिंदूर का बदला लेंगे हम,
कसम! भारत मां की खाकर निकले घर से,
आतंकवाद और आतंकवादियों को
जड़ से मिटाकर विश्व को मुक्त करेंगे हम,
विजई होकर,वंदे मातरम् वंदे मातरम् उदघोष कर,
फहराएंगे विजईतिरंगा लाल किले पर,
आतंक वाद फ्री इंडिया विश्व गुरु बन जाएंगे हम,,
जय भारती,जय भारती,जय भारती,



दैनिक विनय उजाला
**डॉ.बनवारीलाल जाजोदिया,यथार्थ**
**इंदौर ( म, प्र )**

---

अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि भारत में जैसे ही उसके पाले हुए आतंकियों ने सामूहिक हत्या को अंजाम दिया, पाकिस्तान इतना डर गया कि उसने अपनी सेना को देश सुरक्षा के लिए लगा दिया। अनुमान है कि हर रोज वह कम से कम पांच सौ करोड़ तो इस सुरक्षा पर खर्च कर ही रहा है।

# हर मोर्चे पर पिटता मेंटल डायबिटीज का शिकार पाकिस्तान

मनोज वार्ष्णेय



दैनिक विनय उजाला



आजादी के बाद से ही पाकिस्तान भारत के खिलाफ झगड़े तथा आतंक की विसात बिछाता रहा है। आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, सामरिक और विकास जैसे मोर्चे पर वह दूसरे देशों से मदद लेकर भारत के खिलाफ आतंकवाद को पालता है। खुद के विकास के लिए दूसरे देशों के सामने गिड़गिड़ाकर और दयनीय बनकर जो रकम लाता है, उस रकम को वह विकास में न लगाकर आतंकियों को सुरक्षित करने तथा उन्हें दूसरे देशों में, खासकर भारत में जाकर इंसानियत का कत्ल करने के लिए फंडिंग करता है। लेकिन मेंटल डायबिटीज का शिकार पाकिस्तान हर मोर्चे पर भारत से पिटता रहा है। भारत ही क्यों, उन देशों से भी उसे शर्मसार होना पड़ता है जो उसे गाहे-बगाहे आर्थिक-सामरिक मदद देते हैं।

मेंटल डायबिटीज सुनने में भले ही अटपटा लगे लेकिन जिस तरह से पाकिस्तान के नेताओं का मानसिक दिवाला निकल हुआ नजर आता है, उससे साफ पता चलता है कि जिस तरह से मधुमेह का शिकार व्यक्ति शारीरिक रूप से खोखला हो चुका होता है, ठीक वैसे ही अब पाकिस्तान खोखला हो चुका है। किसी भी देश के विकसित होने के लिए चार बातें महत्वपूर्ण होती हैं। पहली वह आर्थिक रूप से मजबूत हो, दूसरा उसके पास इतनी सैन्य ताकत हो कि वह अपने देश-जनता की दूसरे देशों से रक्षा कर सके, तीसरी यह कि उसका सामाजिक इतना रूतबा हो कि कोई भी देश उसका महत्व कम न कर सके तथा चौथी बात और सबसे बड़ी बात यह कि उसके नागरिक उसके लिए अपनी जान न्योछावर करने में कतई न झिझकें। गत वर्षों के इतिहास को नजरअंदाज करके सिर्फ इस वर्ष यानि 2025 को ही देख लें तो स्पष्ट हो जाता है कि पाकिस्तान हर कहीं पिट रहा है। पाकिस्तान की माली हालत इतनी खराब है कि वह अपने देश के लोगों को अपने देश में ही पनप रहे आतंकवाद से राहत नहीं दिलवा पा रहा। बलूचिस्तान में जब-तब पाकिस्तानी सेना पिटती रहती है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के दस्ते उसकी सेना को काफिलों को बम आदि के जरिए उड़ा देते हैं और कई बार तो हालात इतने खराब हो जाते हैं कि पूरी ताकत के बाद भी वह अपनी सेना की मदद नहीं कर पाता। इसी साल मार्च में बलूच विद्रोहियों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक कर लिया था और आतंकवादियों के दम पर कूदने वाली पाक सेना उस रेल को लगभग दो दिन में छुड़ा पायी थी। अफगानिस्तान के तालिबानी नेताओं ने भी इसी तरह से उसके साथ बर्ताव किया है। भारत में आतंकवादियों के माध्यम से मासूम नागरिकों की, विशेषकर महिलाओं के सामने उनके पति की हत्या के बाद से तालिबानी भी नाराज हैं। वह खुद कह रहे हैं कि पश्तूनों को इस मामले में नहीं पड़ना चाहिए।

आर्थिक मोर्चे पर तो उसकी हालत इतनी खराब है कि वह अपनी जनता को पानी तक मुहैय्या करवाने में असमर्थ है। दरअसल वह जो भी आर्थिक मदद दूसरे देशों, मददगार संगठनों आदि से लेता है, उसका एक बड़ा भाग भारत के खिलाफ आतंकवाद को समर्थन देने में करता है। उसकी सेना की जितनी भी अवैध गतिविधियां भारत के खिलाफ होती हैं, उसमें भी वह बड़ी धनराशि खर्च कर देता है। अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि भारत में जैसे ही उसके पाले हुए आतंकियों ने सामूहिक हत्या को अंजाम दिया, पाकिस्तान इतना डर गया कि उसने अपनी सेना को देश सुरक्षा के लिए लगा दिया। अनुमान है कि हर रोज वह कम से कम पांच सौ करोड़ तो इस सुरक्षा पर खर्च कर ही रहा है। यदि वह आतंक को पालता नहीं तो यह धन उसके विकास में काम आता। इस पर भारत ने उन सभी मददगार संस्थाओं से अपील की है कि वह पाकिस्तान को आर्थिक मदद न दें, क्योंकि वह जो मदद देते हैं वह पाकिस्तान, भारत की मासूम जनता को आतंकित करने में खर्च करता है। खुद अमेरिका या उसके जैसे दूसरे देश भी अब समझ रहे हैं कि पाकिस्तान किस तरह से उसे मिल रही मदद को गलत काम में खर्च कर रहा है।

पाकिस्तान की सबसे बड़ी चोट है उसका सामाजिक असम्मान। चीन,तुर्किए और एक दो देशों के अतिरिक्त उसके पक्ष में कोई खड़ा नजर नहीं आ रहा है। भारत के ऑपरेशन सिंदूर ने उसके देश में आतंक के चेहरों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और पाकिस्तान सिर्फ बिलबिलाकर रह गया। उसे उम्मीद थी कि भारत के इस ऑपरेशन की उसके मददगार दोस्त राष्ट्र निंदा करेंगे,लेकिन सभी ने भारत को न सिर्फ सराहा बल्कि यह कहा कि उसे अपनी रक्षा को पूरा अधिकार है। यूं भी इस्लामिक आतंक से दुनिया के अधिसंख्या राष्ट्र पीड़ित हैं। इस तरह से पाकिस्तान को जहां से मदद की उम्मीद थी,वहां से उसे असम्मान ही मिल रहा है। किसी भी देश के लिए यह शर्मनाक ही होगा कि उसको विश्व के दूसरे देश असम्मान के भाव से देखें। जरा याद कीजिए कि उसने किस तरह से क्रिकेट के विश्व कप आयोजन के दौरान नखरे दिखाए थे और बाद में उसकी कितनी बेइज्जती हुई थी। यहां पर भी भारत का पलड़ा ऊंचा ही रहा था। सैन्य अथवा सामरिक क्षेत्र में तो उसकी हालत बांग्लादेश जैसी है। भारत ने पाकिस्तान को तीन बार उसके घर में ही जाकर धूल चटा दी और वह अरबों डालर के उधार से प्राप्त सैन्य सामग्री से अपनी रक्षा नहीं कर सका। कारण यह रहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैन्य अभियान के लिए सेना को पूरी छूट दी तथा देश की जनता ने भी अपनी सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए हर प्रकार से सहयोग किया। इसके विपरीत पाकिस्तान के हुकमरान सेना के इशारे पर नाचते रहे। इससे बड़ी शर्म और दुखद बात कोई नहीं हो सकती कि किसी भी देश का नागरिक युद्ध या युद्ध जैसी परिस्थिति में अपने देश की मदद के स्थान पर दूसरे देश भाग जाने की बात कहें। यह बात सभी जानते हैं कि पाकिस्तान की मस्जिदों से मौलानाओं/आम जनता ने खुलकर यह बात कही थी कि वह भारत का साथ देंगे या भारत भाग जाएंगे। बात सीधी सी है कि इस तरह की बातें वही करते हैं, जो खुद को अपने घर में सुरक्षित महसूस नहीं करते और पाकिस्तान की सेना की हालात तो वहां का हर नागरिक जानता है।

आखिर पाकिस्तान हर मोर्चे पर पिट क्यों रहा है? इसका एक सीधा सा उत्तर यह भी है कि वह सिर्फ भारत के खिलाफ ही सारे काम कर रहा है। उसका ध्यान, धन, सैन्य ताकत सिर्फ इस बात के लिए उपयोग हो रही है कि किस तरह से भारत को आतंकित रखा जाए। जबकि भारत अपने देश के नागरिकों के विकास के साथ ही कूटनीतिक,सामरिक क्षेत्र में तो जबरदस्त तरीके से काम कर ही रहा है। पाकिस्तान जहां तक सोच ही नहीं पाता,वहां से आगे भारत कार्यों को अंजाम दे चुका होता है। पाकिस्तान में जा रहा भारत का पानी रोकना हो या फिर उसकी एनर्जी को डराकर ही खर्च करा देना कम नहीं होता। अब पाकिस्तान भले ही यह सोच-सोचकर परेशान हो कि भारत का अगला कदम क्या होगा? **( लेखक राजस्थान से प्रकाशित नवज्योति के पूर्व साहित्य संपादक हैं )**

# ..ताकि पानी की न हो बर्बादी

प्रतिमा अरोड़ा



दैनिक विनय उजाला

महानगरों में ही नहीं छोटे शहरों में भी गर्मी के दिनों में पानी की समस्या पैदा हो जाती है। लोगों को अपनी दिनचर्या के काम निपटाने के लिए ही नहीं बल्कि पीने के लिए भी पानी की किल्लत होने लगती है। स्थिति इतनी भयावह हो जाती है कि बड़ी बड़ी कोठियों में रहने वाले या झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोग सभी पानी की कमी की मार झलने के लिए अभिशप्त हो जाते हैं। भोजन के बिना भले ही हमारा गुजारा कुछ दिन तक हो जाए लेकिन पानी के बिना थोड़ा वक्त गुजारना भी मुश्किल हो जाता है।

हम अपने इर्द गिर्द लोगों को अकसर पानी की बर्बादी करते हुए देखते हैं। हमारे देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में साफ स्वच्छ पानी की बेहद कमी के कारण लोगों को पानी की समस्या से हर वक्त जूझना पड़ता है। भारत के सूखाग्रस्त इलाकों में तो महिलाओं को पानी भरने के लिए कई मीलों की दूरी तय करनी पड़ती है। सर्दी, गर्मी हो या बरसात उन्हें पानी लाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। कहते हैं प्रकृति अपनी अवहेलना को कभी बरदाश्त नहीं कर पाती। लोगों द्वारा पानी का बेहतहाशा गलत इस्तेमाल का ही यह नतीजा है कि आज हम पानी के मोहताज हो गए हैं। बड़े शहरों में ही नहीं छोटे शहरों में भी लोग खरीदकर पानी पी रहे हैं और पानी की इसी कमी के चलते आज पानी बेचने का कारोबार दिन दुगनी रात चौगुनी उन्नति कर रहा है। उच्च या मध्यम वर्ग के लिए पानी खरीदकर पीना या इस्तेमाल करना ज्यादा मुश्किल नहीं होता लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर तबके लिए पानी की कमी उनके बीच पानी हासिल करने के लिए आपसी मारपीट तक का कारण बन जाती है। हम सभी जानते हैं कि यदि हमने पानी का गलत इस्तेमाल करने की अपनी इस आदत को लगाम नहीं दी तो वह दिन दूर नहीं जब हम पानी की एक एक बूंद के लिए तरस जाएंगे। आने वाले दिनों में हमें पानी की समस्या न हो इसके लिए हर व्यक्ति को चाहिए कि वह पानी सोच समझकर खर्च करें। पानी मनुष्य के जीवन के लिए हवा के बाद सबसे महत्वपूर्ण होता है। इसलिए इसकी बूंद बूंद को बचाना निहायत जरूरी है। घरों में काम करने के दौरान लोग पानी का इस्तेमाल इस ढंग से करते हैं कि पानी की बेवजह बर्बादी होती है। अकसर घरों में देखा गया है कि जिनके पास वाहन होते हैं, वह अपने वाहनों को धोने में इतना ज्यादा पानी खर्च करते हैं कि इससे पानी की अनावश्यक बर्बादी होती है। वाहन को धोने के लिए पानी की पाइप की मोटाई इतनी ज्यादा रखी जाती है कि जिससे पानी के पूरे प्रेशर से वाहन की सफाई अच्छी तरह से कर सकें। अकसर लोग यह भूल जाते हैं कि अपनी मोटर बाईक या कार धोने में वे कितने पानी की बर्बादी कर देते हैं। कई लोग तो एक वाहन धोने के लिए कम से कम 5 से 10 गैलन पानी बर्बाद कर देते है।

कुल मिलाकर होना यह चाहिए कि वाहन धोने के लिए हमें पानी का सोच समझकर इस्तेमाल करना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले तो इस बात को जान ले कि अपने वाहन की नियमित सफाई करें। उसे सुबह के समय घर से बाहर निकालते समय सूखे कपड़े से अच्छी तरह साफ सफाई करें जिससे वह चमक जाए। प्रतिदिन की सफाई से वाहन में न केवल उसकी चमक बनी रहती है बल्कि उसकी साफ सफाई में ज्यादा पानी की बर्बादी नहीं होती। अपने वाहन को रोज धोने की बजाय उसे सप्ताह या 15 दिन में एक बार ही पानी से धुलाई करें। इससे वाहन की चमक बने रहने के साथ पानी की बर्बादी को भी आसानी से रोका जा सकता है।

अपनी कार या मोटर साइकिल, स्कूटर को धोते समय ज्यादा मोटे पाइप का इस्तेमाल न करें बल्कि पाइप का इस्तेमाल करने से बचें क्योंकि पाइप से गाड़ी धोने से पानी की बर्बादी होती है। अपने बड़े वाहन को धोने के लिए साफ पानी की बजाय ऐसे पानी को इकट्ठा करके रखें जो वेस्ट हो ताकि साफ पानी की अनावश्यक बर्बादी न हो। कार, बाइक या स्कूटर की साफ सफाई के लिए बाजार में कई ऐसे स्प्रे भी मिलते हैं जिनसे उनकी धुलाई साफ सुथरे ढंग से आसानी से हो सकती है। इससे भी पानी बचाने में हमें सहायता मिल सकती है। वाहन को पाइप से धोने की बजाय यदि एक बाल्टी में पानी को भरकर उसमें सर्फ या शैम्पू घोलकर एक सूखे कपड़े से वाहन की सफाई की जाती है तो वाहन को कम पानी में आसानी से साफ किया जा सकता है। इससे वाहन की साफ सफाई अच्छे ढंग से हो सकती है।

**-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**

## शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**इन्दौर ( विनय उजाला )।** इंदौर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी की है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश आगामी 4 जुलाई 2025 तक लागू रहेगा। जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार इन्दौर नगरीय सीमा के अन्दर किसी भी समुदाय के व्यक्ति द्वारा दूसरे समुदाय की भावनाओं के विपरीत ऐसा कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जायेगा, जिससे शांति भंग होने की आशंका हो और न ही दूसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं के विरूद्ध किसी प्रकार का उत्तेजनात्मक भाषण दिया जायेगा और न ही सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना एवं अफवाहें फैलाई जायेगी।

## बलूचिस्तान आजाद करो

कदम बड़े है आगे तो और आगे बढ़ जाने दो।
दो सेना को आदेश पीओके पर चढ़ जाने दो।
स्वर्णिम मौका मिला है मानवता आबाद करो।
भूल सुधारों 47 की बलूचिस्तान आज़ाद करो।

माना है 47 कि गलती को तुमने सुधार दिया।
370 का अवरोध हटा घाटी का उद्धार किया।
झेलम सिंधु की धारा प्रफुल्लित दिखाई देती हैं।
राष्ट्रवाद की ऐतिहासिक जीत दिखाई देती हैं।

इतिहास उठाकर देखो हमनें आघातों को झेले हैं।
शिवा महाराणा के वंशज सदा ही अंगारो से खेले हैं।
युद्ध युद्ध जो बोल रहा अंतिम युद्ध कर दिखलादो।
अणु परमाणु क्या है एक बार भेड़ियों को बतलादो।

भेड़ियों की टोली के सरदार शैरो को ललकारा रहें।
भेड़िए शायद भूल गए हम घर मे घुस कर मार रहें।
अखंडता का संकल्प लिए कभी नही झुक सकते हैं।
विश्व विजय की और बढे है कभी नही रुक सकते हैं।

कश्मीर का कण-कण हमकों प्राणों से प्यारा हैं।
खण्ड-खण्ड को एक करेंगे अखण्ड लक्ष्य हमारा हैं



दैनिक विनय उजाला
**कवि राकेश दाँगी ( इंदौर )**

## कैप्टन टेक्नोकास्ट का संकलित FY25 कुल आय में 43.57% की वार्षिक वृद्धि, शुद्ध लाभ रु. 8.05 करोड़ तक दोगुना हुआ

विनय उजाला

**मुंबई। कैप्टन टेक्नोकास्ट लिमिटेड ( CTCL 7 540652 ), जो प्रिसिजन इंडस्ट्रियल कास्टिंग्स के प्रमुख निर्माता, निर्यातक और आपूर्तिकर्ता है, ने वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही और पूरे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की।**

कुल आय रु. 51.92 करोड़, वार्षिक वृद्धि 47.45%, ईबीआईटीडीए रु. 7.63 करोड़, वार्षिक वृद्धि 83.65%, ईबीआईटीडीए मार्जिन (%) 14.69%, वार्षिक वृद्धि 290 बेसिस प्वाइंट्स , शुद्ध लाभ रु. 4.71 करोड़, वार्षिक वृद्धि 94.16%, शुद्ध लाभ मार्जिन (%) 9.08%, वार्षिक वृद्धि 218 बेसिस प्वाइंट्स , प्रति शेयर आय (EPS) रु. 4.46, वार्षिक वृद्धि 107.4% कुल आय ? 93.52 करोड़, वार्षिक वृद्धि 43.57त्न , ईबीआईटीडीए रु.13.07 करोड़, वार्षिक वृद्धि 78.67%, ईबीआईटीडीए मार्जिन (%) 13.97%, वार्षिक वृद्धि 275 बेसिस प्वाइंट्स , शुद्ध लाभ ? 8.05 करोड़, वार्षिक वृद्धि 109.20%, शुद्ध लाभ मार्जिन (%) 8.60%, वार्षिक वृद्धि 270 बेसिस प्वाइंट्स, प्रति शेयर आय (EPS) रु. 7.72, वार्षिक वृद्धि 126.39त्न वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कैप्टन टेक्नोकास्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री अनिल वी. भालू ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वित्त वर्ष 2024-25 कैप्टन टेक्नोकास्ट के लिए निरंतर प्रगति और रणनीतिक विकास का वर्ष रहा है। हमने गुणवत्ता, संचालन कुशलता और ग्राहक-केंद्रित नवाचार पर अपने फोकस के चलते प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है।

FY25 में हमारा समेकित राजस्व 47% की वार्षिक वृद्धि के साथ बढ़ा, जो विभिन्न क्षेत्रों से कास्टिंग की मजबूत मांग और वाल्व्स सेगमेंट में वृद्धि के कारण संभव हुआ। निर्यात व्यवसाय का योगदान 40% तक पहुंच गया, जो यह दर्शाता है कि हमारे ग्राहकों द्वारा हमारी कास्टिंग गुणवत्ता और सेवा की सराहना की जा रही है। हमारे EBITD मार्जिन में भी मजबूत वॉल्यूम ग्रोथ और निर्यात से बेहतर योगदान के कारण विस्तार हुआ।

हम अपनी क्षमताओं को मजबूत करने, भारत भर में अपने उत्पादों की पहुंच बढ़ाने और भविष्य के निर्यात के लिए खुद को तैयार करने में लगातार निवेश कर रहे हैं। वैश्विक व्यापार की दिशा बदल रही है और भारत एक प्रतिस्पर्धी विनिर्माण हब के रूप में उभर रहा है — ऐसे में हमें विश्वास है कि कैप्टन टेक्नोकास्ट विशेष रूप से वाल्व्स सेगमेंट में नई अवसरों का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

आगे बढ़ते हुए, हम टिकाऊ विकास, नवाचार और बाजार में गहरी पैठ पर केंद्रित रहेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि हमने जो आधार तैयार किया है, वह आने वाले वर्षों में हमारी महत्वाकांक्षाओं को समर्थन देगा। इस यात्रा में हमारे समर्पित टीम, ग्राहकों, भागीदारों और शेयरधारकों को उनके निरंतर समर्थन के लिए मैं दिल से धन्यवाद देता हूँ।

# भारत के शस्त्रों से पाकिस्तान पस्त, ढाल बने और विध्वंस भी किया

नई दिल्ली, एजेंसी

**ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने गुरुवार की रात भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की। भारतीय सेनाओं ने अपने शक्तिशाली सुरक्षा कवचों से सभी नापाक मंसूबों को ढेर कर दिया। लड़ाकू विमानों, ड्रोन, रॉकेट व मिसाइलों के जरिए पाकिस्तान ने रात 8 से 10 बजे के बीच जम्मू, पठानकोट, फिरोजपुर, कपूरथला, जालंधर व जैसलमेर के सैन्य ठिकानों और आयुध केंद्रों पर हमला किया। पाकिस्तान के दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारत ने पड़ोसी देश के लाहौर, इस्लामाबाद, पेशावर व सियालकोट समेत सात शहरों पर एकसाथ जवाबी कार्रवाई की।**





सूत्रों के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर मिसाइलें दागकर तनाव बढ़ाने की कोशिश की। हर मिसाइल को बेअसर कर दिया गया। एस-400 मिसाइल सिस्टम, बराक-8 मिसाइल, आकाश मिसाइल और डीआरडीओ की ड्रोन रोधी तकनीकों का इस्तेमाल पाकिस्तान के हमले को विफल करने के लिए किया गया। भारत ने भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के पाकिस्तान के प्रयासों का तेजी और सटीकता से जवाब दिया। पाकिस्तानी हमले के लिए भारत की तीव्र, समन्वित प्रतिक्रिया ने भारतीय वायु रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र की ताकत साबित कर दी।

### एस-400 मिसाइल सिस्टम

भारतीय वायुसेना ने बुधवार रात भारत की तरफ आ रहे टारगेट्स को वायु रक्षा प्रणाली एस-400 सुदर्शन चक्र मिसाइल सिस्टम से निशाना बनाया। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, एस-400 से सफलतापूर्वक सभी टारगेट्स को तबाह कर दिया गया। वहीं भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हार्पी ड्रोन्स से पाकिस्तान के वायु सुरक्षा प्रणाली को निशाना बनाया और लाहौर स्थित रडार सिस्टम को तबाह कर दिया। एस-400 वायु रक्षा प्रणाली उपकरणों का एक नेटवर्क है, जिसे हवाई खतरों से निपटने के लिए किसी विशिष्ट क्षेत्र में तैनात किया जाता है। यह दुश्मन के लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और ड्रोन्स को हवा में ही निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भारतीय वायुसेना के सबसे ताकतवर हथियारों में से एक माना जाता है। यह किसी भी संभावित खतरे को हवा में ही तबाह करने में सक्षम है। एस-400 मिसाइल सिस्टम को चीन और पाकिस्तान के खतरे को ध्यान में रखकर तैनात किया गया है।

### हारोप ड्रोन दुश्मन के रडार सिस्टम और हवाई हमलों को करता है नष्ट

हार्पी या हारोप ड्रोन इस्राइल द्वारा निर्मित मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) है, जिसे इस्राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने विकसित किया है। यह एक लॉइटरिंग म्युनिशन है। जिसे मुख्य रूप से दुश्मन के रडार सिस्टम और हवाई रक्षा प्रणालियों को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह ड्रोन निगरानी और सटीक हमले दोनों में सक्षम है, जो इसे सैन्य अभियानों में एक प्रभावी हथियार बनाता है। हार्पी ड्रोन का फायर एंड फॉरगेट मिसाइल भी कहा जाता है। क्योंकि हमला करने के बाद ये ड्रोन नष्ट हो जाता है। भारत ने इन्हें 2000 में इस्राइल से खरीदा था।

### स्कैल्प मिसाइल- लंबी दूरी के घातक हमलों के लिए डिजाइन किया गया

स्कैल्प, जिसे स्टॉर्म शैडो के नाम से भी जाना जाता है, एक एयर-लॉन्च क्रूज मिसाइल है, जिसे लंबी दूरी के घातक हमलों के लिए डिजाइन किया गया है, जो बात इसे दुनिया भर के रक्षा बलों की पसंदीदा बनाती है, वह यह है कि यह रात में और सभी मौसम में संचालित हो सकती है। 450 किलोमीटर की रेंज होने के कारण, स्कैल्प मिसाइल की सटीकता की वजह उन्नत नेविगेशन प्रणाली है, जो जीपीएस (ग्राउंड पोजिशनिंग सिस्टम) और आईएनएस (इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम) का उपयोग करती है। एक यूरोपीय संघ एमबीडीए द्वारा निर्मित यह मिसाइल कठोर बंकरों को भेदने का आदर्श हथियारहै।

### स्वदेशी आकाश मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली

देश में ही तैयार आकाश सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली ने गुरुवार को भारतीय शहरों को निशाना बनाकर किए गए पाकिस्तानी ड्रोन हमलों को नकाम करने में अहम भूमिका निभाई है। 8 मई और 9 मई की दरम्यानी रात भारतीय सेना ने पश्चिमी सीमा और जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की ओर से किए गए कई ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम किया और उनका जवाब दिया।

# करतारपुर साहिब कॉरिडोर सेवा अनिश्चितकाल के लिए निलंबित

## घुसपैठ, ड्रोन से हमले और सीमा पर गोली बारी का माकूल जवाब दे रहा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद तनाव बढ़ गया है। लगातार तीसरे दिन विदेश मंत्रालय ने प्रेस वार्ता में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि भारत पाकिस्तानी घुसपैठ, ड्रोन से हमले और सीमा पर संघर्ष विराम उल्लंघन का माकूल जवाब दे रहा है। उन्होंने कहा कि करतारपुर साहिब कॉरिडोर सेवाएं अगले आदेश तक अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दी गई हैं। बता दें कि करतारपुर कॉरिडोर पाकिस्तान में गुरुद्वारा दरबार साहिब को जोड़ता है। ये सिख धर्म के संस्थापक, गुरु नानक देव का अंतिम विश्राम स्थल है। पंजाब के गुरदासपुर जिले में डेरा बाबा नानक मंदिर से थोड़ी दूर स्थित यह धार्मिक आस्था का केंद्र वीजा-मुक्त है। 4.7 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर भारतीय सीमा को पाकिस्तान में गुरुद्वारा दरबार साहिब से जोड़ता है। इसे 2019 में शुरू किया गया था।



### धार्मिक जगहों पर हमला पाकिस्तान की एक और शर्मनाक करतूत

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने दावे किए हैं कि उसने धार्मिक जगहों पर हमले नहीं किए। ये बिल्कुल झूठ है। पाकिस्तान ने गुरुद्वारे पर हमले किए हैं। उन्होंने कहा, पाकिस्तानी पक्ष ने एक विशेष डिजाइन के साथ पूजा स्थलों को निशाना बनाया। यह पाकिस्तान के लिए भी एक नया निम्न स्तर है। विक्रम मिस्री ने कहा कि स्कूलों और पूजा स्थलों सहित बुनियादी नागरिक ढांचे को जानबूझकर निशाना बनाना निंदनीय है। नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास गुरुद्वारों, चर्चों और मंदिरों पर जानबूझकर गोलाबारी की गई है।

भारतीय सशस्त्र बलों पर बेतुके आरोप लगा रहा पाकिस्तान

मिस्री ने पाकिस्तान के इस दावे को खारिज कर दिया कि भारत अपने ही क्षेत्र पर हमला कर रहा है। उन्होंने ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमले के बारे में गलत सूचना फैलाने के लिए पाकिस्तान को आड़े हाथ लिया। उन्होंने इसे सरासर झूठ बताया। मिस्री ने कहा, अपनी हरकतों को स्वीकार करने के बदले पाकिस्तान भारतीय सशस्त्र बलों पर बेतुके आरोप लगा रहा है। वे ऐसी हरकतों में पारंगत हैं जैसा कि उनका इतिहास दिखाता है। पाकिस्तान सांप्रदायिक कलह पैदा करने के इरादे से परिस्थितियों को सांप्रदायिक रंग देने की बेतहाशा कोशिश कर रहा है।

पाकिस्तानी हमले का खंडन कर रही सरकार

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, कल रात पाकिस्तान ने भड़काऊ और आक्रामक कार्रवाई की। भारतीय शहरों और नागरिक बुनियादी ढांचे के अलावा सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर हमले किए गए। भारतीय सशस्त्र बलों ने आनुपातिक तरीके से जिम्मेदारी भरा और माकूल जवाब दिया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान के इन हमलों का पाकिस्तानी राज्य मशीनरी (सरकार) आधिकारिक और स्पष्ट रूप से खंडन कर रही है, जो हास्यास्पद है। इससे उनका कपट सामने आ गया है। विदेश सचिव ने पाकिस्तान के इस बर्ताव को फरेब का एक और उदाहरण बताया।

### अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल की मौत का जिम्मेदार पाकिस्तान

विदेश सचिव ने एक बार फिर पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों की पोल खोलते हुए कहा, बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादी समूह का मुख्यालय है, जिस पर संयुक्त राष्ट्र ने प्रतिबंध लगा रखा है। इसका नेता मौलाना मसूद अजहर एक प्रतिबंधित व्यक्ति है... जैश-ए-मोहम्मद किसी न किसी तरह से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल की मौत के लिए जिम्मेदार है, लेकिन असली संबंध अहमद उमर सईद शेख के माध्यम से है।

### जैश-ए-मोहम्मद के ठिकाने पर हमला

उन्होंने कहा, अहमद उमर सईद शेख ब्रिटिश पाकिस्तानी जिहादी था, जिसे भारत में रखा गया था, लेकिन 2000 में उसे छोड़ दिया गया था। ये वही व्यक्ति था जिसने डेनियल पर्ल को लालच दिया और बाद में उनकी हत्या कर दी गई। सबकुछ देखने पर साफ होता है कि ये सभी स्पष्ट रूप से आपस में जुड़े हुए व्यक्ति और संस्थान हैं। विदेश सचिव ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के ठिकाने पर हमला कर उसे नेस्तनाबूद कर दिया है।

# हिसाब बराबर कर दिया तो हमले रोक दो : मेहबूबा

जम्मू, एजेंसी

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भारत और पाकिस्तान से एक-दूसरे पर हमले रोकने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में मासूम बच्चे मारे जा रहे हैं। आखिर इन बच्चों और महिलाओं का क्या कसूर है? महबूबा ने कहा, पुलवामा हो या पहलगाम हो, ये हादसे याद दिलाते हैं कि कैसे हमारा मुल्क तबाही के रास्ते पर पहुंचा। उन्होंने कहा कि सैन्य कार्रवाई से बीमारी की जड़ तक नहीं पहुंचा जा सकता। इससे शांति स्थापित नहीं की जा सकती है।

महबूबा मुफ्ती ने कहा, हमारा देश पूरी दुनिया में बहुत बड़ी ताकत बनकर ऊभर रहा है। पाकिस्तान के आंतरिक हालात अच्छे नहीं हैं। ऐसे में दोनों मुल्कों को राजनीतिक दखल का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलवामा हमले के बाद बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक हुई तो उससे क्या हुआ। ऐसे ही पहलगाम के बाद ये कार्रवाई हो रही है।



### प्रधानमंत्रियों से फोन पर बात करने की अपील

पीडीपी चीफ ने कहा कि दोनों देशों की ओर से अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। अब दोनों ने हिसाब बराबर कर दिया है तो जंग रोक देनी चाहिए। हमारे बच्चों को क्यों मारा जा रहा है। मेरे लोगों का खून क्यों बहाया जा रहा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद कहा था कि अब युद्ध का दौर खत्म हो चुका है। ऐसे में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों को फोन पर बात कर लेनी चाहिए। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि हमारे सीमावर्ती इलाकों में बहुत दहशत है। मेरी गुजारिश है कि इस सिलसिले को बंद किया जाए। यह इंसानियत के खिलाफ है।

इसलिए दोनों देशों से मेरी गुजारिश है कि ये जो हमले हो रहे हैं, उसे बंद कर दीजिए।

## संक्षिप्त समाचार

### आईटी कंपनियों में वर्क फ्रॉम होम शुरू! युद्ध जैसे हालात में जारी किया निर्देश

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालातों के बीच भारतीय और ग्लोबल आईटी कंपनियों ने एक बार फिर वर्क फ्रॉम होम की सुविधा शुरू कर दी है। इन कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को जारी निर्देश में साफ कहा है कि हालात सामान्य होने तक सभी तरह की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्राओं को भी रोक दिया जाए। इन कंपनियों ने खासकर दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के हाई अलर्ट जोन वाले क्षेत्रों में काम कर रहे कर्मचारियों को यह सुरक्षा-निर्देश जारी किया है।

जानकारी के अनुसार, भारतीय और ग्लोबल आईटी कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम को लेकर एडवाइजरी जारी की है। यह दिशानिर्देश खासतौर से दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के इलाकों में तैनात उनके कर्मचारियों के लिए जारी किए गए हैं। इन क्षेत्रों को युद्ध की आशंका की वजह से हाई अलर्ट पर रखा गया है। इन कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय गैर-जरूरी यात्राओं को भी स्थगित करने का निर्देश दिया है. इसके अलावा कर्मचारियों के सहयोग के लिए ऑल इंडिया कमांड सेंटर भी बनाए गए हैं।

#### इन कंपनियों ने शुरू किया वर्क फ्रॉम होम

सूत्रों का कहना है कि ग्लोबल आईटी कंपनी और परामर्श फर्म डेलॉय, केपीएमजी, ईवाई, एचसीएल टेक और भारतीय कंपनी टेक महिंद्रा ने अपने कर्मचारियों को डब्ल्यूएफएच को लेकर एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि ऐसे पेशेवर जो बॉर्डर एरिया में तैनात हैं और हाई अलर्ट वाले जोन में रहते हैं, उन्हें तत्काल अपने जगह पर लौटने को कहा गया है। साथ ही सभी कर्मचारियों को सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन करने के लिए भी कहा गया है।

### आतंकी तहव्वुर राणा की सुरक्षा कारणों के चलते एक दिन पहले पेशी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को शुक्रवार को एनआईए रिमांड से पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। एनआईए की विशेष अदालत ने तहव्वुर को 6 जून न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। सुरक्षा कारणों के चलते राणा को निर्धारित तारीख से एक दिन पहले ही कोर्ट में पेश किया गया था। न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद राणा को तिहाड़ जेल ले जाया गया।

एनआईए ने तहव्वुर राणा को 10 अप्रैल को स्पेशल प्लेन से अमेरिका से भारत लेकर आई थी। 10 अप्रैल को उसे स्पेशल एनआईए जज चंद्रजीत सिंह ने उसे 18 दिन की कस्टडी में भेज दिया था। इसे दोबारा 12 दिन के लिए बढ़ा दिया गया था। 30 अप्रैल को कोर्ट ने एनआईए की मांग पर राणा की आवाज और लिखावट के सैंपल लेने की परमिशन दी थी। इससे पहले 28 अप्रैल को स्पेशल एनआई जज चंदर जीत सिंह ने राणा को 12 दिन की कस्टडी में भेज दिया था। तहव्वुर को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था।

## जम्मू-कश्मीर के उरी पहुंचे उपराज्यपाल, जवानों से बोले- हाउ इज द जोश



जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से कल रात नागरिक इलाकों को निशाना बनाया गया। शुक्रवार को उन्होंने उरी का दौरा किया और स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की। एलजी मनोज सिन्हा ने उरी में सेना के जवानों से काफी गर्मजोशी से मिले और उनसे पूछा, हाउ इज द जोश? जवानों की ओर से इसका जवाब दिया गया कि हाई सर! न्यूज एजेंसी एएनआई ने इस मुलाकात का वीडियो क्लिप जारी किया है। इसमें देखा जा सकता है कि भारतीय सेना के जवान पूरे उत्साह में नजर आ रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास के इलाकों में पाकिस्तानी सैनिकों की ओर से भारी गोलेबारी की गई। इसकी चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई और उसके परिवार के दो सदस्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी हमले का समुचित तरीके से जवाब दिया है। अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तानी सैनिकों ने गुरुवार रात नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया और उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नागरिक इलाकों में भारी गोलाबारी की। पाकिस्तान ने उरी के सिलिकोट, बोनियार, कमलकोट, मोहरा और गिंगल समेत कई इलाकों को निशाना बनाया।

## हाईकोर्ट चीफ जस्टिस भड़के, बोले- सेना युद्ध लड़ रही और आप घर बैठ आराम फरमाना चाहते हैं

चंडीगढ़, एजेंसी

भारत-पाक तनाव और जंग के हालात का असर अब कई शहरों में दिखने लगा है। कई शहरों के लिए जहां हवाई उड़ानें रद्द की गई हैं, वहीं चंडीगढ़, सिरसा से अमृतसर और कटरा जाने वाली रोडवेज बसें बंद कर दी गई हैं। इस वजह से चंडीगढ़ से छात्रों की घर वापसी शुरू हो गई है। चंडीगढ़ स्थित पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट में भी इस तनावपूर्ण हालात का असर देखने को मिला, जब वकीलों के संघ ने दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण माहौल का हवाला देकर शुक्रवार, 9 मई को काम बंद रखने का फैसला किया। इस पर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू ने कड़ी आपत्ति जताई है।

जस्टिस शील नागू ने कोर्ट रूम में ही दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आज न्यायिक कार्य स्थगित करने के निर्णय पर नाराजगी जताई और कहा कि सेना युद्ध लड़ रही है लेकिन आपलोग घर पर बैठकर आराम करना चाहते हैं। दरअसल, बार एसोसिएशन ने कल रात युद्ध जैसे हालात के मद्देनजर शुक्रवार को नो वर्क डे मनाने का फैसला किया था और हाई कोर्ट से कोई भी प्रतिकूल आदेश पारित नहीं करने का अनुरोध किया था।

**हाई कोर्ट से गायब रहे वकील...** आज हाई कोर्ट से वकील गायब रहे। जब चीफ जस्टिसने पंजाब और हरियाणा के बीच जल बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद से संबंधित एक याचिका की सुनवाई करना शुरू किया तो पंजाब सरकार की ओर से पेश वकील ने एसोसिएशन के कार्यस्थगन का हवाला देकर मामले की सुनवाई स्थगित करने की मांग की तो जस्टिस नागू भड़क गए।

### काम बंद करने का आह्वान दुर्भाग्यपूर्ण

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान जस्टिस नागू ने कहा, काम बंद करने का आह्वान दुर्भाग्यपूर्ण है। मैंने आपके बार एसोसिएशन के अध्यक्ष से भी कहा है। खासकर तब, जब सेना लड़ाई लड़ रही है, और आप घर पर बैठकर आराम फरमाना चाहते हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि संस्थाओं को काम करना जारी रखना होगा। जस्टिस नागू ने कहा, हमें भी काम करना होगा...नहीं तो देश की पूरी व्यवस्था ठप्प हो जाएगी।

## आने-जाने वाले नागरिकों की पड़ताल की जा रही

# एलओसी के बाद अब नेपाल सीमा पर अलर्ट, अतिरिक्त फोर्स तैनात

पीलीभीत, एजेंसी

**गुरुवार रात भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया। इसके बाद सीमावर्ती इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी हुए हैं। जनपद की सीमा भी नेपाल से लगी है। खुली सीमा होने के चलते बॉर्डर पर अलर्ट है।**



शुक्रवार को अफसरों के निर्देश पर बॉर्डर पर निगरानी के लिए फोर्स बढ़ाया गया। क्षेत्रीय पुलिस के अलावा पीएससी की दो टीमों को बॉर्डर पर भेजा गया है। पुलिस की टीमें एसएसबी के साथ मिलकर बॉर्डर पर नियमित गश्त कर नजर बनाए हैं। आने-जाने वाले नागरिकों की पड़ताल की जा रही है। पक्के रास्तों के अलावा कच्चे रास्तों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। नदी के रास्तों पर भी निगरानी की जा रही है।

माधोटांडा और हजारा क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों के लोगों को अवैध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर उसे साझा करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। डीएम और एसपी की ओर से एसएसबी के अफसरों से लगातार संपर्क कर सुरक्षा व्यवस्था के बिंदुओं पर बातचीत की जा रही है।

पीलीभीत में दंगा एवं अन्य आपात स्थिति से निपटने के लिए यलो अलर्ट रिहर्सल किया गया। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों के अलावा संवेदनशील इलाकों में पुलिस फोर्स को तैनात किया गया। पीएसी के जवान भी मुस्तैद किए गए। दोपहर करीब 2:30 बजे डीएम संजय कुमार सिंह और एसपी अभिषेक यादव ने भ्रमण कर रिहर्सल के तहत तैनात फोर्स की स्थिति देखी। अफसरों ने बेलो वाला चौराहा, जामा मस्जिद क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत जानी। मातहतों को जरूरी निर्देश दिए। हालांकि इस दौरान ड्यूटी चार्ट मौजूद न मिलने पर एसपी ने नाराजगी जताई। सीओ सिटी को सुधार कराने के निर्देश भी दिए।

सतर्कता के बीच पुलिस सोशल मीडिया पर भी नजर रख रही है। एसपी के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीरता बरती जा रही है। आम नागरिकों को अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी जा र ही है। साथ ही गलत सूचनाओं का आदान-प्रदान न करने की सलाह दी जा रही है।

### पुलिस फोर्स, एसएसबी के साथ नियमित रूप से गश्त कर रही

पीलीभीत में पूरी सतर्कता बरती जा रही है। पूर्व में मॉक ड्रिल भी किया गया। शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी जा रही है। बॉर्डर क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस फोर्स को तैनात कर निगरानी को और प्रभावी करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस फोर्स, एसएसबी के साथ नियमित रूप से गश्त कर रही है। - **अभिषेक यादव**, एसपी

### भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी कड़ी

लखीमपुर खीरी जिले से लगी भारत-नेपाल सीमा पर भी चौकसी कड़ी कर दी गई है। गौरीफंटा बार्डर पर हाई अलर्ट होने से शुक्रवार को तीसरे दिन एसएसबी द्वारा बार्डर पर बारीकी से चेकिंग व सतर्कता बढ़ाने के साथ ही सीमा पर मोहाना नदी घाट पर भी गश्त-पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई। नेपाल आने व जाने वाले लोगों तथा वाहनों की एन्ट्री के साथ ही बारीकी से सघन चेकिंग जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### साईं पुरसनाराम साहिब दरबार कलश यात्रा का स्वागत



**उज्जैन, निप्र।** सांई पुरसनाराम साहिब साध हथंगे वालो का दो दिवसीय मेला अब्दालपूरा में शुक्रवार एवं शनिवार को लगेगा मेले से पूर्व साहिब दरबार से शुक्रवार को समाजजन द्वारा कलश यात्रा निकली गई। जिसका स्वागत विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान नगर उपाध्यक्ष जगदीश पांचाल, मंडल उपाध्यक्ष रितेश जटिया, महामंत्री शानू मेहता, धर्मेंद्र परिहार, श्याम मेहता, घनश्याम शर्मा एवं समाज जन उपस्थित रहे।

### चक्रतीर्थ पर जल मंदिर का शुभारंभ



**उज्जैन, निप्र।** जल गंगा सवर्धन अभियान के अंतर्गत भगतसिंह सेवा समिति एवं नगर निगम के सहयोग से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पूज्य पिताश्री स्व.पूनमचंद यादव की स्मृति में चक्रतीर्थ पर जल मंदिर की स्थापना की गई। जिसका शुक्रवार को वैशाख मास प्रदोष महापर्व पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मुक्तक गोस्वामी, समिति सदस्य पं अमृतेश त्रिवेदी, पं शुभम डब्बावाला आदि उपस्थित थे।

### मेहंदी के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश



**उज्जैन, निप्र।** शुक्रवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड घटिया में स्व.नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम कक्षा के आयोजन के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत छात्र/छात्राओं एवं महाविद्यालयीन स्टाफ द्वारा मेहंदी बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया, साथ ही जल संरक्षण की शपथ ली। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक मोहन सिंह परिहार, परामर्शदाता सुश्री रचना शर्मा, श्रीमती चेतना यादव, हेमेंद्र पाटीदार, डॉ रेखा सोलंकी, डॉ वंदना डेविड, प्रतिभा अहरवाल एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

### सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए वेदों के सूत्रों का पाठ किया गया




**उज्जैन, निप्र।** कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ गोविंद गंधे ने जानकारी दी की शुक्रवार को अकादमी में भारत-पाक सीमा पर चल रहे युद्ध में सैनिकों का मनोबल बड़ाने उनकी रक्षा करने तथा राष्ट्र को विजयश्री प्राप्त हो, इस उद्देश्य से शहर के संस्कृतज्ञो ने ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा अथर्ववेद के उन सूत्रों का पाठ किया जिनका प्रयोग वेदकाल में किया जाता था। ऋग्वेद से रक्षोघ्न सूक्त, अथर्ववेद से राष्ट्राभिवर्धनम् सूक्त तथा अथर्ववेद से ही विजय प्राप्ति सूक्त तथा यजुर्वेद से कल्याण मंत्र का जाप किया गया। इस सूक्त पाठ में निम्न संस्कृतज्ञो ने डॉ महेन्द्र पण्ड्या, डॉ. सर्वेश्वर शर्मा, डॉ. उपेन्द्र भार्गव, श्रीमती सीमा सोनी, डॉ. अमीताभ शुक्ल, डॉ. दिनेश चौबे, डॉ. रमेश शुक्ल, सुभाष कुमावत, अभय तिवारी, डॉ. प्रतिक्षा शर्मा ने भागीदारी की।

### पार्षद शर्मा ने निजी खर्च से सफाई कराई

**नागदा जं., निप्र।** बिरलाग्राम के मुख्य मार्केट की सफाई लंबे समय से नहीं होने के कारण क्षेत्र के व्यापारियों एवं आने जाने वालों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा था। वार्ड पार्षद साहिल शर्मा द्वारा शुक्रवार को स्वयं के निजी खर्च से सफाई कार्य शुरु किया गया। पार्षद शर्मा ने बताया कि बिरलाग्राम के मुख्य मार्केट की सफाई स्थानीय उद्योग के कर्मचारियों द्वारा की जाती है ऐसे में नगरपालिका कर्मचारी क्षेत्र में आते है जिससे लगभग दो वर्षो से सफाई नहीं होने की स्थिति बनी हुई थी, बारिश के दौरान पानी मुख्य मार्गो पर बहने लगे ऐसे में गुरुवार से पार्षद द्वारा सफाई कार्य निजी खर्च से शुरु किया जो कि शुक्रवार को भी जारी रहा। बता दे कि इस पहले वार्ड 19 के पार्षद महेंद्रसिंह चौहान उर्फ धोनी ने अपने निजी खर्च से वार्ड की नालियों की सफाई कराई थी।

### सीडीपी ने लैंक्सेस के जल संरक्षण को शीर्ष ग्रेड 'ए' रेटिंग दी

**नागदा जं., निप्र।** जलवायु संरक्षण पहल सीडीपी ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में उत्कृष्ट योगदान के लिए लैंक्सेस को सम्मानित किया है। अपने नवीनतम मूल्यांकन में, सीडीपी ने विशेष रसायन कंपनी को 'जलवायु' श्रेणी में शीर्ष ग्रेड 'ए' दिया है। इससे लैंक्सेस, उन 24,700 से अधिक कंपनियों में शीर्ष 2 प्रतिशत में शामिल हो गया है जिनका मूल्यांकन सीडीपी ने किया। ग्रेड 'ए' उन कंपनियों को दिया जाता है जो जलवायु संरक्षण में अपनी गतिविधियों पर विशेष रूप से पारदर्शी और व्यापक रूप से रिपोर्ट करती हैं और संबंधित परियोजनाओं को लागू करती हैं। इसके लिए, उन्हें अपनी रणनीतियों और उपायों को प्रदर्शित करना होगा, जैसे कि वैज्ञानिक रूप से ठोस लक्ष्य निर्धारित करना और जलवायु संरक्षण योजना तैयार करना। इसके अतिरिक्त, सीडीपी ने जल संसाधनों के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के प्रति लैंक?सेस की प्रतिबद्धता का मूल्यांकन किया।

# भाजपा द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी के उज्जैन नगर के मंडल अध्यक्षों द्वारा मण्डल की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। उसी तारतम्य मैं भाजपा लोकशक्ति कार्यालय पर दक्षिण विधानसभा के मंडलों के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कार्यक्रम नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के नेतृत्व मैं आयोजित किया गया।

मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार भाजपा मंडलों के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के द्वारा भाजपा का दुपट्टा पहनाकर किया गया व बधाई प्रेषित की गई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि आप सभी अपने अपने क्षेत्र में पूरी सक्रियता और मजबूती से कार्य करें और भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी सहित विकास कार्यों को भी आमजन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने पाकिस्तान में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को तबाह करने का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय सेना को बधाई देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई पाक प्रेरित आतंक को समूल नष्ट करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प की पूर्ति की दिशा में एक बड़ा कदम है। जिन्होंने पहलगाम में माताओं-बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। भारतीय सेना ने उनके खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर उन्हें मिट्टी में मिलाने का काम किया है। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति कलावती यादव, प्रभुलाल जाटवा, उपाध्यक्ष जगदीश पंचाल, आनंद सिंह खिंची, मुकेश यादव, पंकज मिश्रा, सुहास वैद्य, मण्डल अध्यक्ष परेश कुलकर्णी, गजेन्द्र खत्री, सतीश सिंदल, हरीश सोलंकी, मुकेश पोरवाल, वीरेंद अंजना सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सिंहस्थ मेला क्षेत्र और बायपास को जोड़ने वाली 11 सड़कों के निर्माण की अनुशंसा

# सिंहस्थ मेला क्षेत्र और बायपास को जोड़ने वाली 11 सड़कों के निर्माण के लिए की अनुशंसा

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला की अध्यक्षता में सिंहस्थ 2028 के कार्यों के क्रियान्वयन के लिए वीसी से शुक्रवार,9 मई को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उज्जैन जिले में यूडीए द्वारा बनाई जाने वाली 11 सड़कों के निर्माण की अनुशंसा की गई। उक्त मार्ग मेला क्षेत्र, सिंहस्थ बायपास को जोड़ेंगे। बैठक में महापौर, अध्यक्ष, आयुक्त, अपर आयुक्त निवास के निर्माण पर चर्चा कर निर्देश दिए गए कि यह निर्माण लोक निर्माण विभाग के मापदंडों अनुसार हो इसका ध्यान रखें। बैठक में छत्रीचौक स्थित रीगल टॉकीज पर पार्किंग, प्लाजा व दुकानों के निर्माण, मेला कार्यालय एवं झोन कार्यालय, उज्जैन रेलवे स्टेशन के दोनों ओर 12 मीटर चौड़ाई के फूट ओवर ब्रिज के निर्माण के प्रस्ताव भी रखे गए।

बैठक में मंदसौर जिले के शिवना नदी तट सौंदर्यीकरण, रिंग रोड के उन्नयन, शाजापुर के मक्सी रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग के चौड़ीकरण, देवास जिले के मेंढकी नाले पर स्टॉप डेम एवं इंटेकवेल का निर्माण जिससे इंडस्ट्री का पानी सीधे क्षिप्रा नदी में ना मिले, देवास रेलवे स्टेशन के बाहरी क्षेत्र का विकास एवं होल्डिंग एरिया बनाने पर भी चर्चा की गई। आगर मालवा जिले में मां बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा में विकास एवं उन्नयन कार्य, उक्त सभी जिलों में सिंहस्थ 2028 दृष्टिगत फायर स्टेशन का उन्नयन कार्य आदि पर चर्चा कर अनुशंसा की गई।

बैठक में संभागायुक्त संजय गुप्ता, कलेक्टर इंदौर एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, देवास कलेक्टर, मंदसौर कलेक्टर, आगर मालवा कलेक्टर, शाजापुर कलेक्टर, खंडवा कलेक्टर खरगोन कलेक्टर, अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### उज्जैन में पाक के प्रधानमंत्री का पुतला जलाया



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** शुक्रवार को शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार एवं सिंधु दर्शन यात्रा समिति द्वारा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इंद्रेश कुमार प्रतिवर्ष निकलने वाली सिंधु दर्शन यात्रा की बैठक में शामिल होने आये थे। उन्होंने पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की स्मृति में एक स्मारक बनाने की बात कही है। इंद्रेश कुमार ने कहा कि अब पाकिस्तान को सबक सिखाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा की मुस्लिम समुदाय को पहले आतंकवाद से जुड़ा हुआ माना जाता था। लेकिन पहलगाम की घटना के बाद मुस्लिम समाज ने अब आतंक के विरुद्ध अपनी आवाज उठाई है। इस अवसर पर सिंधु दर्शन समिति उज्जैन के प्रमुख प्रकाश चित्तौड़ा, भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता गुलरेज शेख सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अग्रवाल समाजजनों को परिसर की चॉबी सौंपी

विनय उजाला



**नागदा जं., निप्र।** अग्रवाल समाज की संपत्ति को लेकर वर्ष 2009 से चले आ रहे विवाद का पटाक्षेप गुरुवार की रात्रि में हो गया। समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति परिसर की चॉबी सौंप दी गई। समाजजनों ने 14 जून का कॉलेज की परीक्षा चलने तक विद्यार्थियों को बैठने की अनुमति दी।

अग्रवाल समाज द्वारा वर्ष 1982 से अग्रोहा शिक्षण समिति के नाम से एक स्कूल का संचालन किया जा रहा था वर्ष 2009 से 2017 के बीच समिति के दस्तावेजों में हेरफेर कर स्कूल भवन पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया गया था, जिसको लेकर 6 मई की सुबह समाज अध्यक्ष मनीष अग्रवाल के नेतृत्व में समाजजनों का प्रतिनिधिमंडल विधायक डॉ.तेजबहादुरसिंह चौहान से मिला था। विधायक ने समाजजनों को मदद का आश्वासन दिया था। दो दिन चली वार्तालाप के बाद गुरुवार की रात्रि में धर्मेन्द्र गुप्ता द्वारा परिसर की चॉबी समाजजनों को सौंप दी। इस दौरान समाज के दिनेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, ललित गनेरीवाल, लता खेतान, नरेंद्र खेतान, अजय खेतान, राहुल अग्रवाल आदि मौजूद रहे। समाज अध्यक्ष अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान समय में कॉलेज के विद्यार्थियों की परीक्षा चल रहा है जिसकी बैठक व्यवस्था अग्रोहा भवन में है ऐसे में समाजजनों द्वारा 14 जून तक भवन उपलब्ध कराने की बात कहीं है इसके बाद पूरे भवन पर अग्रवाल समाज का आधिपत्य होगा। गौरतलब है कि समाजजनों द्वारा कमल शर्मा पर समिति के दस्तावेजों में हेरफेर करने का आरोप लगाया गया था, शर्मा के इस्तीफा देने के बाद मामला शांत हो गया। समिति अध्यक्ष डीके शर्मा के शहर से बाहर होने पर परिसर की चॉबी गुप्ता द्वारा सौंपी गई।

# सीएमएचओं डॉ. पटेल ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरिक्षण

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उज्जैन डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा शुक्रवार को उज्जैन जिले के पानबिहार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सस्था में गर्भवती महिलाओं से दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधा एवं प्रसूता महिलाओं को दी जाने वाली सारथ्य सुविधाओं के बारे में महिलाओं से चर्चा कर जानकारी प्राप्त की एवं संस्था में कार्यरत स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिये गये। पानबिहार में ही आआंगनवाड़ी केन्द्र में आयोजित टीकाकरण सत्र का भी अवलोकन कर शतप्रतिशत बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण करने एवं टीकाकरण सत्र का आयोजन निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार करने हेतु निर्देश दिये गये। सी.एम.एच.ओ. द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाले मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाये एवं मधुर व्यवहार करने हेतु निर्देश दिये गये एवं समस्त प्रकार की आवश्यक औषधी एवं उपकरणों की उपलब्धता, पैथालॉजी जांच सेवायें उपलब्ध कराने व बेहतर साफ सफाई रखने, समस्त रिकार्ड अद्यतन रखने समस्त स्टॉफ को मुख्यालय पर ही रहकर कार्य करने हेतु निर्देश दिये गय।

निरीक्षण के दौरान सी.एम.एच.ओ. डॉ.अशोक कुमार पटेल के साथ डॉ. आदित्य माथुर ऐपिडिमियोलॉजिस्ट भी उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा महाराणा प्रताप जयंती मनाई



**नागदा जं., निप्र।** शुक्रवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई एवं भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को सेल्यूट कर आतंकवाद को सपोर्ट करने वाले पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए भारत सरकार की सराहना की गई है। महाराणा प्रताप जयंती के मौके पर राष्ट्रीय प्रमुख उपाध्यक्ष ठाकुर भेरूसिंह चौहान के द्वारा स्टेट हाइवे नंबर 17 पर स्थित महाराणा प्रताप जी के स्मारक पर गंगाजल से अभिषेक करके माल्यार्पण किया गया। इस दौरान विधायक डॉ तेजबहादुरसिंह चौहान, पूर्व विधायक दिलीपसिंह शेखावत, लालसिंह राणावत, सुल्तान सिंह शेखावत, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय प्रमुख उपाध्यक्ष ठाकुर भेरूसिंह चौहान, जीवनसिंह तंवर, यशपाल सिंह सिसोदिया, बजरंग सिंह चौहान, गजराज सिंह पंवार, राजेंद्र सिंह झाला, गोविन्द सिंह देवड़ा, भवानी सिंह देवड़ा, यशपाल सिंह कुशवाह, शैलेन्द्र सिंह चौहान, लक्ष्मण सिंह डोडिया, युवराज सिंह चौहान, प्रेम कुंवर चन्द्रावत, नेपाल सिंह चावड़ा, पंचम सिंह, भूपेन्द्र राणावत आदि मौजूद रहे।

# पक्षियों के लिए सुरक्षित आश्रय बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी' : प्रो. अर्पण भारद्वाज

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान के तत्वावधान में ऑपरेशन सिंदूर के मध्य %विश्व प्रवासी पक्षी दिवस% के अवसर पर एक सारगर्भित परिसंवाद आयोजित किया गया। इस वर्ष की थीम 卐पक्षी-अनुकूल शहरों और समुदायों का निर्माण卐 रही, जिसके अंतर्गत शहरीकरण, मानवीय गतिविधियों और जलवायु परिवर्तन के कारण पक्षियों पर पड़ रहे प्रभावों को समझने और उन्हें संरक्षण प्रदान करने की दिशा में सामूहिक जागरूकता को बढ़ावा दिया गया।

प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज, कुलगुरु, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन ने कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के प्रारंभ में पं. जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. धर्मेंद्र मेहता ने भी अपने विचार रखे।

जेआरएफ शोधार्थी अजय जायसवाल सहित एमबीए और प्राणीविज्ञान की विद्यार्थियों नुपुर ललावत, नयनदीप कौर, सलोनी राय, आरुषि भटनागर, सिद्धार्थ यादव, प्रियांशी गोस्वामी, ध्रुव राठौर और स्टाफ सदस्य गोविंद तोमर व सत्यनारायण मालवीय ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## वीरेंद्र मालपानी लायंस क्लब के झोन चेयरपर्सन मनोनीत

विनय उजाला



**नागदा जं., निप्र।** लायंस इंटरनेशनल की डिस्ट्रिक्ट 3233-जी-2 के सत्र 2025 - 26 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ ने लियो के पूर्व प्रांताध्यक्ष , लायंस क्लब नागदा के अध्यक्ष लायन विरेन्द्र मालपानी को नवीन सत्र का झोन चेयरपर्सन नियुक्त किया। क्लब प्रवक्ता सुनील त्रिवेदी एवं घनश्याम राठी ने बताया कि उनके झोन में नवीन सत्र से लायंस क्लब नागदा, लायंस क्लब नागदा ग्रेटर, लायंस क्लब नागदा जन्मेजय, लायंस क्लब नागदा गोल्ड, लायंस क्लब नागदा अविघ्न एवं लियो क्लब नागदा ग्रेटर शामिल किए गए है। लायन विरेन्द्र मालपानी ने सन 2008 से एक लियो सदस्य के रूप लायनवाद में शुरुआत की थी उसके बाद लियो अध्यक्ष, लियो प्रांत अध्यक्ष, लायन सचिव, अध्यक्ष रहते हुए कई डिस्ट्रिक्ट एवं रीजन अवार्डो से सम्मानित हुए, इसी के चलते उन्हें लायंस के आगामी नेतृत्व ने यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। इस नियुक्ति पर पूर्व प्रांतपाल मदन माहेश्वरी, द्वितीय उपप्रांतपाल पंकज मारू, लायंस क्लब नागदा ग्रेटर अध्यक्ष अशोक बिसानी, लायंस क्लब नागदा जन्मेजय अध्यक्ष सुलतान सिंह शेखावत, लायंस क्लब नागदा गोल्ड अध्यक्ष पी डी शुक्ला , लायंस क्लब नागदा अविग्न अध्यक्ष मनीष गेहलोत , लियो क्लब नागदा ग्रेटर अध्यक्ष अनुज कांठेड़,चंद्रशेखर जैन , गोविंदलाल मोहता ,गुलजारीलाल त्रिवेदी आदि ने खूशी जाहिर की।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय मिशन ऑन एडिबल आईल योजना के तहत 15 मई तक आवेदन आमंत्रित

**खण्डवा, निप्र।** कृषि विभाग में क्रियान्वित भारत सरकार की केन्द्र पोषित योजना राष्ट्रीय मिशन ऑन एडिबल आईल (तिलहन) के अंतर्गत संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विकास म.प्र. भोपाल एवं भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश अनुसार आयातित खाद्य तेलों पर भारत की निर्भरता को कम कर घरेलू तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देकर किसानों की आय में सुधार करके आत्मनिर्भरता बढ़ाने के उद्देश्य हेतु वर्ष 2025-26 से योजना लागू की गई है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास के उप संचालक श्री के.सी. वास्कले ने बताया कि योजना प्रावधान अनुसार जिले में सोयाबीन फसल के वैल्यू चेन क्लस्टर बनाये जायेंगे, जिससे सोयाबीन फसल में नवीनतम अनुशंसित किस्मों को बढावा देने हेतु जिले के विभिन्न किसान उत्पादन संगठन व सहकारी संस्था या सार्वजनिक एवं निजी निगम, जो कि तिलहन क्षेत्र में कार्य करते हों, का चयन वैल्यू चेन पार्टनर के रूप में किया जायेगा। जिसके लिये कार्यरत एफपीओ एवं सहकारी समिति, जो कि कंपनी या सहकारिता अधिनियम के तहत पंजीकृत होकर तीन वर्षों का सोयाबीन फसल का अनुभव हो व तीन वर्षों में संस्था के द्वारा 9 लाख से अधिक का कारोबार किया गया हो। कृषि उपसंचालक श्री वास्कले ने बताया कि आवेदन पत्र विकास खंड स्तरीय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से प्राप्त करेंगें तथा वांछित जानकारी मय सहपत्रों की सत्यापित छायाप्रति के साथ 15 मई तक कार्यालय उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जसवाडी रोड, खण्डवा में जमा करना होगा। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। प्राप्त आवेदनों में से वरीयता के आधार पर जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति के द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर वैल्यू चौन पार्टनर का चयन किया जायेगा।

### ग्राम चांदपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्रामीणों ने किया श्रमदान

**खण्डवा, निप्र।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला खंडवा विकासखंड पंधाना के गुड़ी सेक्टर के ग्राम चांदपुर में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्वी चौरिटेबल सोसाइटी गुड़ीखेड़ा द्वारा श्रमदान की गतिविधि आयोजित की गई।जिसमें विकासखंड समन्वयक श्री अजय गुजरे द्वारा जल संरक्षण के बारे में बताया गया एवं चांदपुर नाले पर बने चेक डैम की साफ सफाई एंव चेक डेम में जमी गाद श्रमदान कर निकाली गई। जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच श्री राजेश डोरे नवांकुर संस्था, एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सफलता की कहानी : नर्मदाप्रसाद की बेटी को नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई में मिली बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं



**खण्डवा, निप्र।** खालवा विकासखण्ड के ग्राम टिमरनी के निवासी श्री नर्मदाप्रसाद अपनी पत्नी श्रीमति रीना को प्रसव पीड़ा होने पर श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खण्डवा लेकर आये थे। जहां चिकित्सक एवं स्टाफ द्वारा रीना का सामान्य प्रसव कराया गया। रीना ने बच्ची को जन्म दिया। बालिका का वजन कम होने के कारण शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कृष्ण वास्केल ने बच्ची का तत्काल स्वास्थ्य परीक्षण कर एस.एन.सी.यू. में भर्ती कराया और उनका नियमित उपचार किया गया। लगभग एक माह बाद बच्ची के स्वस्थ्य होने पर छुट्टी दे दी गयी और फॉलोअप के लिए आने को कहा। बच्ची के पिता श्री नर्मदाप्रसाद ने बताया कि जिला अस्पताल के एस.एन.सी.यू. में बहुत अच्छी सुविधा है। यहाँ पर चिकित्सक एवं स्टाफ द्वारा 24 घंटे बच्ची की निगरानी रखी गई। बच्ची के उपचार के साथ साथ यहाँ भोजन भी गुणवत्तापूर्ण मिला। लगभग 1 माह तक मेरी बच्ची यहाँ भर्ती रही लेकिन हमें किसी प्रकार का शुल्क नहीं लगा। बच्ची का उपचार भी पूर्णत: नि:शुल्क हुआ।चिकित्सक और स्टाफ का व्यवहार भी अच्छा है।अब हमारी बच्ची पूर्णत: स्वस्थ है तथा उसका वजन भी बढ़ने लगा है। जिला अस्पताल के एस.एन.सी.यू से मिली बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मैं स्वास्थ्य विभाग एवं स्टाफ का बहुत बहुत आभार व्यक्त करता हूँ।

### फसल अवशेष से खाद बनाये, जलाने पर लगेगा जुर्माना

**बुरहानपुर, निप्र।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग उप संचालक श्री एम.एस.देवके ने जिले के किसानों से गेहूं, मक्का एवं केला फसल की कटाई के बाद बचे फसल अवशेष को ना जलाने की अपील की है। फसल अवशेष जलाना पर्यावरण के लिए अत्यन्त हानिकारक है, इसे कतई ना जलाए। फसल कटाई उपरांत खेत में बचे अवशेषों का उचित प्रबंधन किया जाना अत्यंत आवश्यक है। किसान फसल अवशेष नष्ट करने हेतु रोटावेटर चलाकर फसल अवशेष को बारीक कर मिट्टी में मिलाएं, जिससे जैविक खाद तैयार होती है। फसल अवशेष से भूसा तैयार कर पशु आहार के रूप में उपयोग करें। जिन क्षेत्रों में कंबाइन हार्वेस्टर से फसल कटाई की जाती है, वहां हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारिपर एवं रीपर-कम बांइडर का उपयोग करें। जिससे फसल को काफी नीचे से काटा जा सकता है। फसल अवशेष जलाने की आवश्यकता नहीं होती है। जिले में खेतों की गहरी जुताई, हैप्पी सीडर तथा जीरोटिलेज सीडड्रिल डेल से बुवाई को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# ग्राम दैत में श्रमदान के साथ आयोजित हुई जल चौपाल







विनय उजाला

**खण्डवा, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान एवं कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान जिले में 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। इसी कड़ी अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम दैत (सेक्टर खुटला कला) में जल संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु एक प्रभावी जल चौपाल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड पुनासा एवं नवांकुर संस्था श्री संत सिंगाजी सेवा समिति जलवा बुजुर्ग के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ।

#### ग्रामीणों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

जन अभियान परिषद के समन्वयक श्री जगदीश पटेल ने बताया कि चौपाल से पूर्व ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से ग्राम दैत के गणगौर घाट पर श्रमदान कर जल स्रोतों की सफाई की गई व संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रेरित करना था।

इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रभारी राकेश मालवीय, जन अभियान परिषद के मैंटर श्री हरीश सातले, श्री सचिन मंसारे, तथा सी.एम.सी.एल.डी.पी. के छात्र उपस्थित रहे। ग्राम के अनेक ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम में जल संरक्षण से जुड़ी उपयोगी जानकारियाँ साझा की गईं और सभी को पारंपरिक जल व्यवस्थाओं को पुनर्जीवित करने हेतु प्रेरित किया गया। चौपाल के दौरान स्थानीय निवासियों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की और जल बचाने की सामूहिक शपथ ली। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रतिज्ञा एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## नशा मुक्ति के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





विनय उजाला

**खण्डवा, निप्र।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता व रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष के निर्देशन में विश्व रेडक्रॉस सोसाइटी के जनक सर हेनरी के जन्म दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सुजीत वर्मा द्वारा तंबाकू एवं अन्य तंबाकू उत्पादों से स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई। डॉ. नेहा शुक्ला दंत चिकित्सक द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां एवं परामर्श दिया गया। इसी कड़ी में ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय खंडवा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 22 आम नागरिकों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल द्वारा कहा गया कि रक्तदान महादान है, इससे हम लोगों की जान बचा सकते हैं। इसलिए हमें इस पुनीत कार्य के लिए दूसरों को प्रेरित करना चाहिए।

उनके द्वारा यह भी कहा गया कि आमतौर पर लोग रक्तदान करने से डरते हैं, क्योंकि उनको लगता है कि शरीर कमजोर हो जाएगा, यह सब भ्रांतियां हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति 3 माह में स्वैच्छिक रक्तदान कर सकता है। थैलेसीमिया की बीमारी, जो कि एक अनुवांशिक बीमारी है, एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में प्रवाहित होती है। इसमें कमजोरी, थकान, पीलापन एवं शरीर का विकास धीमी गति से होता है और बार-बार खून की कमी होने के कारण खून चढ़ाना पड़ता है। श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय खंडवा में भी विश्व रेड क्रॉस दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम के तहत काउंसलर जितेंद्र प्रजापति द्वारा विद्यार्थियों को एच.आई.वी. एड्स से बचाव, निदान की जानकारी दी गई।

## उधना-रक्सौल के मध्य चलेगी स्पेशल ट्रेन

**रतलाम, (विनय उजाला)।** ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान ट्रेनों में यात्रियों के अतिरिक्त दबाव को देखते हुए रतलाम मंडल से होकर उधना से रक्सौल के मध्य दोनों दिशाओं में 11 - 11 फेरे स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 05559 रक्सौल उधना स्पेशल 17 मई, 2025 से 26 जुलाई, 2025 तक रक्सौल से प्रति शनिवार को 05.30 बजे चलकर रतलाम मंडल के सीहोर (02.33/02.35, रविवार), उज्जैन (04.25/04.35), नागदा ((05.16/05.18) एवं रतलाम ((06.15/06.25) होते हुए 12.35 बजे उधना पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 05560 उधना रक्सौल स्पेशल 18 मई, 2025 से 27 जुलाई, 2025 तक उधना से प्रति रविवार को 15.35 बजे चलकर रतलाम मंडल के रतलाम (22.20/22.30, रविवार), नागदा (23.00/23.02), उज्जैन (23.50/23.55) एवं सीहोर (01.50/01.52, सोमवार) होते हुए प्रति मंगलवार को 00.15 बजे रक्सौल पहुँचेगी। इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में सिकटा, नरकटियागंज, बगहा, कप्तानगंज, गोरखपुर, गोंडा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ललितपुर, बीना,संत हिरदारामनगर, सीहोर, उज्जैन, नागदा, रतलाम, गोधरा, वडोदरा एवं भरूच स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। यह ट्रेन सेकंड एसी, थर्ड एसी, स्लीपर एवं सामान्य श्रेणी कोच के साथ चलेगी। ट्रेनों के संबंध में विस्तृत एवं अद्यतन जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## ''एक जिला-एक उत्पाद'' गोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड फेयर समिट में बुरहानपुर जिले के उत्पाद पहुंचे



**बुरहानपुर, निप्र।** 9 मई से 11 मई 2025, तक गोवा में अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड फेयर समिट/एक्स्पो का आयोजन श्यामाप्रसाद मुखर्जी एसी स्टेडियम, पणजी में किया जा रहा है। इस समिट में एक जिला एक उत्पाद अंतर्गत बुरहानपुर जिले के उत्पाद शामिल किये गये है। आयोजित समिट में उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग भोपाल म.प्र. से प्रतिनिधि के रूप में उद्यानिकी विभाग उप संचालक बुरहानपुर श्री राजू बडवाया एवं ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी श्री अभिषेक पटेल द्वारा मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से एक जिला एक उत्पाद अंतर्गत चयनित विभिन्न फसलों के सजीव एवं प्रसंस्कृत उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई हैं। प्रदर्शनी में बुरहानपुर जिले के केला चिप्स, केला पाउडर, हल्दी, शहडोल संभाग से हल्दी पाउडर, मुरब्बा एवं मशरूम पाउडर, बैतुल जिले से गाजरिया आम, रीवा संभाग से शहद, कच्ची घानी तेल, सरसो तेल, अलीराजपुर जिले से मायनर मिलेट एवं विभिन्न तरह के कच्ची घानी तेल तथा भोपाल संभाग से काले गेहूं का आटा, नमकीन, पापड़ एवं अन्य जिलों से विभिन्न तरह के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई हैं। प्रदर्शनी में अन्य राज्यों से आये उद्यमियों एवं किसानों के द्वारा मध्यप्रदेश के विभिन्न उत्पादों जैसे केला पाउडर, केला चिप्स्, हल्दी, खुरसानी इमली आदि की सराहना की गई। टीप फोटोग्राफ विडियोग्राफ संलग्न क्र- 5 व 6 शामिल है।

## सफलता की कहानी

### पीएमएफएमई योजना की मदद से विरेन्द्र ने न केवल अपना व्यवसाय शुरू किया बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार देने में सक्षम बने

विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान करना है।**

इस योजना का मुख्य बिंदु इन उद्यमों को औपचारिक रूप से संगठित करना और उन्हें राष्ट्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद करना है। यह योजना छोटे स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण करने वाले उद्योगों को मजबूत और उन्हें आधुनिक तकनीकों और संसाधनों का उपयोग करने में सक्षम बनाती है।

बुरहानपुर जिले के निवासी विरेन्द्र वाणी प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) से लाभान्वित होकर अपनी कहानी सांझा करते हुए कहते है कि, वे पहले सिर्फ फूड प्रोडक्ट की ट्रेडिंग का कार्य किया करते थे। लेकिन अब वे बनाना चिप्स, आलू चिप्स, राजगुरा लड्डू इत्यादि उत्पाद अपनी यूनिट में तैयार करके जिले एवं अन्य राज्यों में विक्रय करते है।

विरेन्द्र बताते है कि, वर्ष 2024-25 में उनका संपर्क उद्यानिकी विभाग से हुआ, जहां से इस महत्वपूर्ण योजना के संबंध में पूरी जानकारी मिली। विभाग के माध्यम से पीएमएफएमई योजनान्तर्गत मुझे खाद्य प्रसंस्करण उद्योग शुरू करने के लिए 35 प्रतिशत के अनुदान 10 लाख रूपये का ऋण प्राप्त हुआ। लाभार्थी विरेन्द्र बताते है कि, वे अपनी अंबिका केला चिप्स यूनिट में केला चिप्स के तरह-तरह के फ्लेवर्स जैसे- सादा, लाल-काली-पीली मिर्च फ्लेवर, पुदिना, टोमॉटो, पेरी-पेरी इत्यादि साथ ही आलू के वेफर्स भी तैयार किये जाते है।

# रविवार, 11 मई, 2025 को कोई दिवसकालीन ब्लॉक नहीं

## पश्चिम रेलवे का माहिम एवं सांताक्रुज़ स्टेशनों के बीच रात्रिकालीन जम्बो ब्लॉक

विनय उजाला

**मुंबई।** रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु पश्चिम रेलवे द्वारा शनिवार/रविवार, 10/11 मई, 2025 की मध्यरात्रि को माहिम जंक्शन एवं सांताक्रुज़ स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन धीमी लाइनों पर 01.00 बजे से 04.30 बजे तक 3.5 घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जायेगा।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक के दौरान डाउन धीमी लाइन की सभी ट्रेनें मुंबई सेंट्रल एवं सांताक्रुज़ स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइनों पर चलायी जायेंगी। ये ट्रेनें प्लेटफॉर्म की अनुपलब्धता के कारण महालक्ष्मी, प्रभादेवी एवं माटुंगा रोड स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी तथा प्लेटफॉर्म की



अपर्याप्त लंबाई के कारण इन ट्रेनों को लोअर परेल, माहिम एवं खार रोड स्टेशनों पर डबल हॉल्ट दिया जायेगा। इसी प्रकार, अप धीमी लाइन की ट्रेनें सांताक्रुज़ से मुंबई सेंट्रल/ चर्चगेट के बीच अप फास्ट लाइन पर चलायी जायेंगी, जो खार रोड स्टेशन पर डबल हॉल्ट लेंगी तथा प्लेटफॉर्म की अनुपलब्धता के कारण महिम, माटुंगा रोड, प्रभादेवी, लोअर परेल एवं महालक्ष्मी स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी। ब्लॉक के कारण कुछ अप एवं डाउन उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी।

इस ब्लॉक की विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त ब्लॉक व्यवस्था को ध्यान में रखें। अत: रविवार, 11 मई, 2025 को पश्चिम रेलवे के उपनगरीय खंड पर कोई दिवसकालीन ब्लॉक नहीं रहेगा।

# स्वास्थ्य संस्थाओं में स्त्री रोग विशेषज्ञों ने की हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जाँच

विनय उजाला



**खण्डवा, निप्र।** जिला अस्पताल खंडवा एवं सामुदायिक व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शुक्रवार को स्त्री रोग विशेषज्ञ व चिकित्सकों द्वारा हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच कर उपचार किया गया। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को चिकित्सक द्वारा नि:शुल्क सोनोग्राफी के लिए खण्डवा भेजकर नि:शुल्क सोनोग्राफी की जा रही है। साथ ही उन्हें आवश्यक दवाईयां भी दी जा रही है, ताकि मातृ मृत्यु दर में कमी लायी जा सके। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.डी. बकोरिया ने बताया कि इस अभियान के तहत प्रसव पूर्व देखभाल की गुणवत्ता एवं कवरेज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, निदान एवं परामर्श सेवाओं की उपलब्धता की दृष्टि से प्रतिमाह की 9 एवं 25 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान चलाया जा रहा है। डॉ. बाकोरिया ने हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान जैसे एनीमिया, उच्च रक्तचाप, शुगर, पूर्व सिजेरियन प्रसव, जुड़वा बच्चे, गर्भ में उल्टा बच्चा, पूर्व में गर्भपात, पूर्व में जन्मे शिशु में जन्मजात विकृति, कम वर्ष व 35 वर्ष से अधिक उम्र में गर्भधारण होना, अधिक बच्चे होना तथा टीबी, गुरदे, हदय रोग, मलेरिया, एचआईवी, हैपेटाइटिस बी जैसे रोगों से ग्रसित गर्भवती महिलाएं हाईरिस्क की श्रेणी में आती हैं। गर्भवती महिलाओं की काउंसलिंग कर स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने, पौष्टिक आहार लेने व संस्थागत प्रसव कराने की समझाइश दी जा रही है।

## बाजार भाव

### इंदौर मंडी

# मूंगफली तेल तेज

**इंदौर (व्यापार प्रतिनिधि)।** चना कांटा 5900 - 6000 विशाल चना 5800 - 5850 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग (गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द (गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन - (प्रति क्विंटल)-** सोयाबीन 4375 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।



**दाल भाव (प्रति क्विंटल)** - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार (प्रति 10 किलो) -** मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुबंई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए।

**मावा** - 320 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 89800 रुपए।
चाँदी 100000 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।
सोना 3025 डॉलर प्रति औंस
चाँदी 3343 सेंट प्रति औंस

## संक्षिप्त समाचार

### 10 मई 2025 को नेशनल लोक अदालत

**अलीराजपुर, निप्र।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलीराजपुर श्री अनीष कुमार मिश्रा महोदय के मार्गदर्शन में जिला अलीराजपुर एवं तहसील जोबट के समस्त न्यायालयों में दिनांक 10 मई 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, नेशनल लोक अदालत हेतु तैयारियां पूर्ण की गई। संपूर्ण जिला अलीराजपुर के लिये कुल 08 खंडपीठ का गठन किया गया हैं, जिसमें जिला मुख्यालय पर 05 खंडपीठ एवं तहसील जोबट हेतु 03 खण्डपीठों का गठन किया गया है, जिनमें न्यायालयों में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन के प्रकरण निराकरण हेतु रखे जावेगें। लोक अदालत हेतु न्यायालय परिसर में नगर पालिका, विद्युत विभाग, बैंक आदि के काउंटर भी लगाये गये है, जिसके द्वारा विद्युत, जलकर, सम्पत्तिकर, बैंक ऋण के प्रकरणों में प्रावधानित छूट प्रदान की जावेगी। यह एक सुअवसर है जब पक्षकार गण अपने सभी आपराधिक व सिविल शमनीय प्रकरणों का आपसी समझौते से स्थाई व अंतिम निराकरण करवाकर लाभ उठा सकेगे।

# विवाह समारोह में गूंजे भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे

## देशभक्ति गीतों ने बांधा समां, जमकर थिरके लोग

विनय उजाला

**झाबुआ, निप्र।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पूरे देश भर में पड़ोसी देश पाकिस्तान के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है अब आम लोग भारतीय सेना के प्रति अपना समर्पण एवं प्रेम दिखाने के लिए नवाचार भी कर रहे हैं ऐसा ही वाकया देखने को मिला 8 मई को झाबुआ के अंबा पैलेस मैरिज गार्डन पर जैसे जैसे भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की खबरें एवं भारतीय सेना द्वारा एयर स्ट्राइक के माध्यम से आतंकी अड्डों को समाप्त करने की खबरें आ रही हैं यह खुशी पूरे देश में मनाई जा रही है वैसे-वैसे देशवासी अपनी भारतीय सेना का होसला बढ़ाने के लिए अपने अपने तरीके से नित नए प्रयास कर रहे हैं

9 मई को झाबुआ में वाघेला परिवार



अलीराजपुर का दुल्हा गौरव एवं पवार परिवार झाबुआ की दुल्हन योगेश्वरी एक सूत्र में बंध गए इस विशिष्ट आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए दुल्हन के पिता राजेंद्र सिंह पवार ने बताया कि इस अवसर पर दूल्हे ने वर निकासी से लेकर तोरण मारने तक की सभी प्रक्रियाओं में देशभक्ति गीत बजवाकर देशभक्ति का परिचय दिया है ऐसे में दुल्हन पक्ष भी कहां पीछे रहता उन्होंने बारात के स्वागत से लेकर मंच व्यवस्था एवं वन में शो कार्यक्रम में पूरे गीतों की प्रस्तुतियों में देशभक्ति गीतों की जबरदस्त झलक देखने को मिली इस अवसर पर उपस्थित गायक मुकेश कोठारी एवं प्रकाश चौहान ने राष्ट्रभक्ति गीतों से सभी के बीच समा बांध दिया लगातार 2 घंटे तक आयोजित हुए इस कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों पर बराती एवं घराती लोगों ने जमकर नृत्य भी किया। इस दौरान विवाह कार्यक्रम के लिए बनाए गए दूल्हा दुल्हन के मंच पर अलीराजपुर से वर पक्ष एवं झाबुआ के वधू पक्ष के लोगों ने मिलकर भारतीय सेना जिंदाबाद भारत माता की जय वंदे मातरम पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकवाद मुर्दाबाद जैसे नारे लगाकर पूरे समारोह को देशभक्ति में तब्दील कर दिया था। इस अवसर पर पवार परिवार के भूतपूर्व सैनिक संदीप पवार ने कहा कि आतंकवाद के फन को कुचलना का समय आ गया है पाकिस्तान आने वाले समय में चार भागों में बट जाएगा भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के आगे पाकिस्तान बहुत जल्द हथियार डाल देगा शादी समारोह में हिस्सा लेने आए अहमदाबाद के समाजसेवी डॉक्टर रमेश सिंह ने कहा कि हमने 1971 का युद्ध भी देखा था जब बांग्लादेश बना था अभी भी गुजरात के सीमावर्ती इलाकों में रोजाना सायरन एवं ब्लैकआउट जैसी बातें आम हो गई है पाकिस्तान अब आखरी सांसे से गिन रहा है सामाजिक महासंघ के अध्यक्ष नीरज सिंह राठौर ने इस युद्ध काल में सभी को एकजुट रहकर सरकार एवं भारतीय सेना द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई इस इस विवाह समारोह में दिखाए गए देशभक्ति के जज्बे की पूरे शहर में चर्चा होती रही

# लोक अदालत में होगा प्रकरणों का निराकरण

### 13 हजार प्रीलिटिगेशन एवं 2450 न्यायालयीन लंबित प्रकरण लोक अदालत में रखे जाएंगे

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 10 मई शनिवार को जिला न्यायालय मण्डलेश्वर एवं तहसील न्यायालय बड़वाह, सनावद, भीकनगॉव खरगोन, कसरावद एवं महेश्वर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

नेशनल लोक अदालत में न्यायालयीन लंबित प्रकरणों में से राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, सिविल मामले, पारिवारिक विवाद, कुटुम्ब न्यायालय के मामले, विद्युत, श्रम, मोटर दुर्घटना दावा, अपीले आदि के लगभग 2450 मामले रखे गये है। साथ ही बैंक, जलकर, विद्युत आदि के लगभग 13 हजार प्रीलिटिगेशन मामले रखे जाना संभावित है।

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर द्वारा नेशनल लोक अदालत में विद्युत, बैंक, नगर पालिका आदि के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला एवं प्रत्येक तहसील न्यायालय स्तर पर कुल 16 खण्डपीठे एवं नियमित न्यायालयीन प्रकरणों के लिए कुल 26 खण्डपीठें गठित की गई है।

लोक अदालत के माध्यम से निराकरण पर प्रक्रिया अनुसार न्यायशुल्क भी वापसी योग्य हैं एवं चेक बाउंस के प्रकरणों में राजीनामा होने पर नियमानुसार लगने वाले अतिरिक्त राजीनामा परिव्यय राशि में भी न्यायालय द्वारा विवेक अनुसार छूट प्रदान की जा सकती है।

नेशनल लोक अदालत के संबंध में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर सुश्री प्रीति जैन की ओर से समस्त अधिवक्तागण, अधिकारियों, पक्षकारों एवं आम जन से आह्वान किया गया है कि वे 10 मई 2025 की नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण कराकर लोक अदालत सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान एवं अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

# सम्मेलनः प्रजापत समाज के 28 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

विनय उजाला

**धार, निप्र।** नागदा में समाज के 28 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें विधिविधान एवं मंत्रोच्चार के साथ सुबह की शुभ वेला में वर वधू के फेरे मांग मंगलसूत्र पहनाकर सात वचन हुए पाणिग्रहण संस्कार हुआ ।सम्मेलन अध्यक्ष बबलु प्रजापत खेरोद तथा जिला अध्यक्ष अमृतलाल एवं सम्मेलन के पुर्व अध्यक्ष हीरालाल जी प्रजापत सम्मेलन के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रजापत माकनी ओर दयारामजी माकनी सचिव अनिल प्रजापत, सह सचिव बद्रीलाल जी कड़ोद कोषाध्यक्ष अशोक जी माकनी सह कोषाध्यक्ष ओंकार लाल जी नागदा अन्य सभी पदाधिकारी सदस्य की देखरेख में समस्त कार्यक्रम आयोजित हुए। सम्मेलन में अतिथि के रूप में राजेश जी अग्रवाल बदनावर



शामिल हुए सम्मेलन में व्यवस्थाएं चाक चौबंद रही। सम्मेलन स्थल पर विशाल टेंट में वर वधु पक्ष के ठहरने के लिए अलग अलग व्यवस्था करवाई गई। पर्याप्त डेकोरेशन के साथ सजावट की गई थी। टेंट के बाहर पार्किंग स्थल की पर्याप्त व्यवस्था थी। महिलाओं एवं पुरुषों के लिए भोजन समिति द्वारा कार्य किया गया जो सुबह से शाम तक चलता रहा। सम्मेलन को सफल बनाने में सभी कार्यकर्ता जुटे रहे समाज के युवा कार्यकर्ताओं तथा समस्त ग्रामवासियों द्वारा मेहनत एवं लगन से कार्य किया जाकर इस सम्मेलन को सफल बनाया। सम्मेलन के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं कर ली गई थी। प्रत्येक काम के लिए अलग-अलग समितियां बनाई जिसमें कार्यकारणी बना कर कर जिम्मेदारियां दी जिसमें कार्यकारणी सदस्य कृष्णा प्रजापत, संजय प्रजापत, नरेंद्र प्रजापत गणेश प्रजापत योगेश प्रजापत राम प्रजापत शिवनारायण प्रजापत शामिल रहे और आयोजन सफल हुआ।

# स्वामी विवेकानंद उ. मा. विद्यालय के बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में क्षेत्र का परचम फहराया

### कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत?

विनय उजाला

**दसाई (अमझेरा), निप्र।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा वार्षिक परीक्षा कक्षा 10वीं एवं 12वी बोर्ड के परिणाम घोषित किये गये। विद्यालय में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम कक्षा 12वीं की सभी संकाय गणित, जीव विज्ञान, कामर्स, कृषि एवं कलॉ संकायों के परीणाम शत-प्रतिशत रहे। साथ ही हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम कक्षा 10वीं बोर्ड के परीणाम भी शत-प्रतिशत होकर बेहतरीन परिणाम आने से बच्चों एवं अभिभावकों में काफी उत्साह देखा गया। स्वामी विवेकानंद उ. मा. विद्यालय के संचालक अशोक सिंह रघुवंशी ने बताया है कि सफलता ही हमारी संस्थान की परम्परा रही है। हमारी संस्था अनुषासन, संस्कार एवं श्रेष्ठ षिक्षा के नाम से 35 वर्षों से जानी जाती है। इस वर्ष भी क्षेत्र में हमारे विद्यालय में हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यम कक्षा 12वीं बोर्ड का परीक्षा परीणाम शत-प्रतिशत रहा है। विषाल पाटीदार ने सबसे श्रेष्ठ 90 प्रतिशत प्राप्त कर क्षेत्र में परचम फहराया वही



75 प्रतिषत से अधिक अंक प्राप्त करके कुल 23 छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री मेधावी योजना का लाभ लेने में सफलता प्राप्त की है। कक्षा 10वीं बोर्ड में हिन्दी माध्यम के 77 में से 75 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है। वही पूजा जायसवाल चीराखान ने 90 प्रतिषत हासिल किये। अंग्रेजी माध्यम में 23/23 उत्तीर्ण होकर सानिध्य पाटीदार पदमपुरा ने 96 प्रतिशत प्राप्त कर पूरे क्षेत्र में सफलता का परचम फहराकर विद्यालय का नाम रोषन किया। विद्यालय के प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बेहतर परिणाम आनु पर विद्यालय के अनुभवी शिक्षक/शिक्षिकाएँ जिनके अथक परिश्रम से श्रेष्ठ बोर्ड परीक्षा परिणाम आते है। इसका श्रेय विद्यालय के बच्चे अभिभावकगण एवं विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाओं को जाता है। जो बच्चों को तराश कर श्रेष्ठ सफल विद्यार्थी बनाते है।

विद्यालय के संचालक अशोक सिंह रघुवंशी ने इन सभी प्रतिभाशाली बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# अंकित मूल्य से अधिक मूल्य में बेची जा रही शराब, नियमों की खुलेआम उड़ा रहे धज्जियां

विनय उजाला

**धामनोद, निप्र।** क्षेत्र में आसपास शराब के नए ठेकेदार द्वारा अपनी मनमर्जी कर युवा पीढ़ी को शराब की लत में डूबने पर आतुर है क्षेत्र में स्थिति यह हो गई कि कई युवा अपने घर का सामान बेचकर शराब की खरीदी कर रहे हैं वही शराब ठेकेदार भी अपनी मनमर्जी बाज नही आ रहे है मूल्य से अधिक कीमत पर शराब बेचकर ग्राहकों को लुटा जा रहा है इस संदर्भ में शराब के शौकीन लोग अब नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं और जिम्मेदारों को शिकायत कर रहे है वीडियो बनाकर शोसयल मिडिया पर वायरल भी कर रहे है

**बियर की केन पर मूल्य 120 ले रहे 150 रुपए :** बार-बार आ रही







शिकायतों पर हमारे प्रतिनिधि खुद ग्राहक बनकर शराब दुकान पर पहुँचे वहां उन्होंने एक बोल्ड नामक बियर की केन खरीदी जिस पर मिनिमम विक्रय मूल्य 104 रुपए और अधिकतम विक्रय मूल्य 120 था फिर दुकान संचालक ने 150 रूपये दुकान के फोनपे बारकोड पर डलवाए ग्राहक ने विरोध किया तो कहने लगे अभी तो यही मूल्य देना पड़ेगा नहीं तो जाओ जहां कार्रवाई करना है कर दो

**वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया वायरल :** कुछ ग्राहकों ने बियर की केन का अधिक मूल्य लिए जाने का विरोध किया और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शराब ठेकेदारों की मनमर्जी के खिलाफ वीडियो वायरल किया इधर शराब शौकीनों का कहना है कि पहले से ही शराब यहां महंगी मिलती है अब धामनोद नगर के आसपास तीनों दुकानों पर शराब ठेकेदार अधिक मूल्य वसूल रहे हैं उपरोक्त संदर्भ में अब मुख्यालय पर कार्रवाई की बात की है

**होटल ढाबो पर पहुंच कर जांच करते हैं शराब ठेके की है या नहीं :** शराब ठेकेदार के कर्मचारी रात में यह जांच करते हैं कि शराब ठेके की है या नहीं तो शराब संचालकों द्वारा जाता है और कहा जाता है कि यदि ठेके की शराब नहीं भेजोगे तो आपके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी आबकारी विभाग का कार्य कर रहे ठेकेदार के कर्मचारी लोगों को डरा धमका रहे हैं नगर के कुछ लोगों का कहना है कि यदि शराब के ठेकेदार इसी तरह से मनमर्जी कर लोगों को परेशान करेंगे तो निश्चित रूप से आगे विवाद की स्थिति निर्मित होगी

# 12 मई बुद्ध पूर्णिमा पर देश-विदेश में 24 लाख से अधिक लोग एक समय में करेंगे गायत्री यज्ञ

### बड़वानी जिले के 4 हजार घर में गूंजेंगे गायत्री मंत्र

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्ग दर्शन में 12मई बुद्ध पूर्णिमा अवसर पर देश,विदेश में लगभग 24 लाख घरों में गायत्री यज्ञ एक साथ एक समय मैं किए जाने की योजना बनी है। जिला समन्वयक महेंद्र भावसार ने जानकारी दी की माताजी,अखंड दीपक जन्म शताब्दी वर्ष के प्रयाज में गायत्री परिवार द्वारा आयोजन किया जा रहा है। विवेकबुद्धि की प्रतिनिधि गायत्री सदभावनाओ और उत्कृष्ट चिंतन प्रदान करने वाली माता है, गायत्री को सद विचार और यज्ञ का सत्कर्म प्रतीक मानते है, उसी ज्ञान रूपी मशाल प्रतिक को आध्यात्मिक भावनाओ के साथ गायत्री परिजन बुद्ध पूर्णिमा अवसर पर गृह गृह यज्ञ, ग्राम ग्राम गायत्री स्थापित करेगे। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्यजी माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म सरक्षण में विश्व शांति एवम मानव कल्याण, सैन्य शक्ति का मनोबल बड़े, राष्ट्र में सुख शांति स्थापित हो की प्रार्थना कर गायत्री मंत्र और महा मृत्युंजय मंत्र की हजारों आहुतियां यज्ञ में समर्पित की जावेगी।

सहायक समन्वयक विक्रम जमरे की टीम वनवासी अंचल में फलिया ,फलिया गायत्री के सद्ज्ञान को पहुंचाने के लिए जुटे है। पर्यावरण शुद्धि में, यज्ञ माध्यम से शक्तिशाली तत्वों को वायु मंडल में फैला कर, असंख्य रोग कीटाणु को नष्ट करना भी गायत्री परिवार का उद्येष्य है।

युवा प्रकोष्ठ जिला प्रभारी लखन विश्व कर्मा ने बताया की विराट आयोजन से कुबुद्धि, कुविचार, दुर्गुणों से विकृत मनोभूमि से व्याप्त मनुष्य में देवत्व का उदय करना और सबके कल्याण की प्रार्थना की जावेगी गायत्री परिवार द्वारा जिले की 9 तहसील के 4 हजार घर में देव स्थापना की जानी है।आयोजन को लेकर व्यापक तैयारी की गई है। जिले के शक्ति पीठ ,प्रज्ञा पीठ,चेतना केंद्र पर यज्ञ सामग्री पैकेट परिजनों द्वारा तैयार किए है। आयोजन पश्चात दक्षिणा में गुटका,पाउच,व्यसन,क्रोध, बुराई का परित्याग संकल्प भी यजमानों द्वारा कराए जायेगे।

अभियान को संचालित करने संस्था के पुरोहित,कर्मकांडी परिजन, प्रशिक्षित महिला मंडल घरों में जाकर वैदिक मंत्रोचार से गायत्री यज्ञ कराएंगे। यज्ञीय आयोजन में सम्मिलित होने के लिए निकटतम शक्ति पीठ गायत्री परिजनों से संपर्क कर कोई भी व्यक्ति अपने घर यज्ञ करा सकेगे ।आयोजन में होगे प्रयोजन देव स्थापना,मंडल गठन,प्रज्ञा अभियान,अखंड ज्योति पत्रिका सदस्य बनना, इक्कीसवीं सदी का संविधान सदसंकल्प पाठ की स्थापना।

# शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश पाने का सुनहरा अवसर

### प्रवेश के लिए 31 मई 2025 तक करवा सकते हैं पंजीयन

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** आईटीआई तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत जिलें में संचालित शासकीय आईटीआई खरगोन में एक वर्षीय, दो वर्षीय पाठयक्रम में प्रवेश के लिए 08वी एवं 10 वी उत्तीर्ण इच्छुक उम्मीदवार 02 मई से 31 मई 2025 तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते है।

रजिस्ट्रेशन में त्रुटी सुधार 01 मई से 31 मई 2025 तक करवा सकते है। संस्था के प्राचार्य हितेषी सुरागे ने बताया कि संस्था में इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट, सर्वेयर, कोपा, स्टनोग्राफी हिन्दी, ड्राफ्टस मेन सिविल, वेल्डर, मैकेनिक डीजल इंजन एवं मैकेनिक मोटर व्हीकल में प्रवेश के लिए एमपी ऑनलाईन के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। अधिक जानकारी के लिए संचालनालय की वेबसाईट एवं www.dsd.mp.gov.in पर संस्था कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

8वी उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी वेल्डर ट्रेड में प्रवेश के लिए

### मालवा प्रांत संघ का शिक्षा वर्ग का प्रथम बार पेटलावद में हो रहा आयोजन

# भूमिपूजन कार्यक्रम व ध्वज स्थापना के साथ शुभारंभ

विनय उजाला

**पेटलावद, निप्र।** मालवा प्रांत का व्यवसायी संघ शिक्षा वर्ग प्रथम बार झाबुआ जिले के पेटलावद में लगने जा रहा है जो की दिनांक 17 मई से 2 जून तक स्थानीय सीएम राइज स्कूल में लगेगा। संघ शिक्षा वर्ग के कार्य का भूमिपूजन और ध्वज पूजन शुक्रवार 9 मई को किया गया जिसमें माननीय विभाग संघचालक श्री तेजराम जी माँगरोदा और विभाग सह कार्यवाह आकाश चौहान द्वारा पूजन संपन्न करवाई गई। विधि विधान से पूजा अर्चना कर ध्वज स्थापीत किया गया। इस अवसर पर संघ के कार्यकर्ता और नगर के गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति भी बडी संख्या में







उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने सामूहिक हनुमान चालिसा का पाठ किया।

भूमीपूजन के पश्चात एक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें संघ शिक्षा वर्ग के व्यवस्था पालक व रतलाम विभाग सह कार्यवाह आकाश चौहान ने कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि झाबुआ जिले के पेटलावाद को शिक्षा वर्ग की व्यवस्था मिली,पूरी कार्य योजना सभी के सामने रखी और कार्य योजना में लगे सभी 27 विभागों के कार्यकर्ताओं के दायित्व के बारे में परिचय करवाया। इस मौके पर तेजराम जी ने कहा कि संघ का शिक्षा वर्ग संस्कारों का निर्माण करने का स्थल है जहां पर किताबी ज्ञान नहीं परोक्ष काम करते हुए प्रेरणा दी जाती है। जिसमें आये हुए शिक्षक व शिक्षार्थी एक समान होते है। दोनो को एक समान स्थितियों में रह कर एक जैसा परिश्रम करना होता है। संघ शिक्षा वर्ग मातृभूमि के प्रति अपने कर्तव्य की भावना को दृढ करता है। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों को अपने कर्तव्य के निर्वाह के लिए प्रेरीत किया गया। सीएम राइज स्कूल में संघ शिक्षा वर्ग की तैयारियां चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस प्रशासन की रात्रि कालीन "कॉम्बिंग गश्त" में गुंडे, बदमाशों और असमाजिक तत्वों के विरुद्ध की कार्रवाई



**खरगोन, निप्र।** पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) भापुसे नरेंद्र रावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन में पुलिस प्रशासन द्वारा रात्रिकालीन पैदल कॉम्बिंग गश्त् की गई, जिसमें 40 स्थायी और 166 गिरफ्तार वारंटीयो की गिरफ्तारी के साथ साथ 135 लिस्टेड गुंडे और 74 निगरानी बदमाशों को भी चेक किया गया।

### 23 मई को राजस्व विभाग के 02 शासकीय वाहनों की होगी खुली नीलामी

**खरगोन, निप्र।** राजस्व विभाग के जिला कार्यालय के 02 शासकीय वाहनों की खुली नीलामी की बोली 23 मई 2025 को दोपहर 03 बजे नवीन कलेक्ट्रेट कार्यालय में निविदादाताओं के समक्ष लगाई जाएगी। वाहन क्रमांक एमपी-02-एबी-9999 डस्टर, मॉडल 2013 की शासकीय बोली 02 लाख 25 हजार रुपये निर्धारित की गई है। इसी प्रकार एमपी-02-एवी-4785 बोलेरो (डीजल) मॉडल 2012 की शासकीय बोली 01 लाख 30 हजार रुपये निर्धारित की गई है। वाहन जिस हालत में रखा है उसी हालत में सौंपा जाएगा। बोली लगाने से पूर्व बोलीदार को 10 हजार रुपये आमनत के रूप में बेंक ड्राफ्ट कलेक्टर के नाम से जमा करना होगा। यह राशि कलेक्टर कार्यालय के जिला नाजीर के पास 22 मई 2025 तक जमा करना अनिवार्य होगा। निविदाकार को अलग-अलग वाहन की बोली के लिए अलग-अलग बैंक ड्राफ्ट प्रस्तुत करना होगा। सफल बोलीदार को 25 प्रतिशत राशि उसी दिन जमा करनी होगी। 03 दिवस में राशि जमा न करने पर धरोहर राशि शासन के पक्ष में राजसात की जाएगी।

### वि श्व रेडक्रॉस दिवस कार्यक्रम का आयोजन जिला संघ कार्यालय किया गया



**बड़वानी, निप्र।** श्री जे .एस डामोर सहायक आयुक्त पदेन अध्यक्ष रेड क्रॉस जिला संघ बड़वानी के निर्देशन में विश्व अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस सर हेनरी डयूनॉट का जन्म दिवस उत्सव पूर्वक मनाया गया।प्रतिवर्ष विश्व रेड क्रॉस दिवस इंटरनेशनल फाउंडेशन ऑफ़ रेड क्रॉस रेड क्रीसेंट सोसायटी समारोह का आयोजन करती है इस वर्ष कार्यक्रम का थीम मानवता के पक्ष में के अंतर्गत कार्य करना है जिसमें जिला शाखा द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण मैं लोगों का सहयोग, करना नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, जन जागरूकता स्वास्थ्य, ? निष्कत असहाय लोगों का परीक्षण करना निरंतर सप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना श्री गणेश श्रीवास्तव जिला संगठन रेड क्रॉस ने बताया पर्यावरण को लेकर भी कार्य किया जा रहा है जिसमें रेड क्रॉस के बच्चों द्वारा वृक्ष लगाया गया सभी बच्चों को लू से बचने की हिदायत भी दी गई जिला पदाधिकारी ने समस्त जूनियर रेड क्रॉस बच्चों को बधाई दी कार्यक्रम के लिए ।कार्यक्रम में उपस्थित रेड क्रॉस बॉयज दक्षराज बच्चन, कुंदन भूरिया,आरती, लक्षिता, शीतल, अहम कुमार शामिल हुये।

### सेना के शौर्य को प्रणाम - रवि नाईक कांग्रेस जिलाध्यक्ष




**खरगोन, निप्र।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक ने श्रीकृष्ण टॉकीज चौराहे पर कांग्रेस पार्टी द्वारा सेना के समर्थन में किये गए प्रदर्शन पर कहा कि, पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने जो पाक पोषित आतंकी ठिकानों को तबाह कर अदम्य साहस का प्रदर्शन किया, कांग्रेस पार्टी और उसके कार्यकर्ता भारतीय सेना के शौर्य को प्रणाम करते हैं। एक सौ चालीस करोड़ जनता चाहती है, कि अब पाकिस्तान को सबक सिखाने का वक्त आ गया है। पीओके पर कब्जा कर भारत में शामिल किया जाय। भारतीय सेना के समर्थन में कांग्रेस द्वारा खुशियां मनाते हुए आतिशबाजी कर सेना को धन्यवाद भी ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस महासचिव दिनेश पप्पू पटेल, जितेंद्र भावसार, जिला प्रवक्ता राजेश मण्डलोई,संजीव गांगुली, धर्मेन्द्र कुशवाह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष पूर्णा ठाकुर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कादर बेग, विजय कोचले, इमरान पीओपी के सी वर्मा आदि मौजूद थे।

---

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ

# खेलों से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है : कलेक्टर

## बच्चों को प्रतिदिन एक घंटे अवश्य खेलना चाहिए







विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** युवा खिलाडियों को विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से मुख्यालय पर खेल और युवा कल्याण विभाग खरगोन व्दारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ कलेक्टर भव्या मितल और पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना द्वारा किया गया।

उद्घाटन समारोह में कलेक्टर भव्या मित्तल ने कहा कि युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक रहने और अनुशासन को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रतिदिन एक घण्टे अपने खेल का नियमित अभ्यास करना चाहिए, जिससे वह अपने खेलों में अच्छे खेल का प्रदर्शन कर सकें। पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना ने कहा कि खेल हमारी मानसिक और शारीरिक विकास का उत्तम साधन है।

शिविर में जिला खेल अधिकारी श्रीमती पवी दुबे ने शिविर की जानकारी देते हुए कहा है कि जिले के सभी ब्लाकों में तीन खेल एवं मुख्यालय पर 18 कोच 13 खेलों का प्रशिक्षण प्रतिदिन दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि शिविर में फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी, हॉकी, योगा, टेनिस स्केटिंग, तीरंदाजी, बेडमिटन, बास्केटबॉल, मलखमं और मार्शल आर्ट सहित विभिन्न खेलों में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्रशिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी भी मौजूद थे। इस अवसर पर मार्शल आर्ट का डेमो प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन भगवानपुरा समन्वयक भानुप्रताप दंसौदी ने किया और आभार खरगोन समन्वयक जितेन्द्र हिरवे ने किया।

---

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा

# जिले के विकास के लिए जनप्रतिनिधि और अधिकारी समन्वय से काम करें : सांसद गजेंद्र सिंह पटेल

## निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण किए जाएं : सांसद पाटिल

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** बड़वानी संसदीय क्षेत्र के सांसद गजेन्द्रसिंह पटेल की अध्यक्षता जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में खण्डवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक श्रीमती झुमा सोलंकी एवं केदार डावर, कलेक्टर भव्या मित्तल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बापूसिंह परिहार, जनपद अध्यक्ष महेन्द्र सिंह किराड़े, श्रीमती संगीता नार्वे, समिति के सदस्य सरपंच श्री दुर्गेश बर्डे, भीलगांव सरपंच श्री मांगीलाल, अन्य जनप्रतिनिधि एवं सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**कोई भी शाला शिक्षक विहीन न रहें :** सांसद गजेन्द्रसिंह पटेल ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से कहा कि जिले के विकास के लिए आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग के संकल्प के अनुरूप जिले की सभी शालाओं एवं छात्रावासों में शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए शीघ्रता से कार्य योजना बनाई जाए। शौचालय के लिए राशि उपलब्ध कराने में सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी मदद करेंगे। सांसद श्री पटेल ने कहा कि जिले की शिक्षक विहीन शालाओं में शिक्षकों की व्यवस्था की जाए और शिक्षकों के स्थानांतरण के दौरान इसका विशेष ध्यान रखा जाए। गर्मियों के दिनों में पेयजल की उचित व्यवस्था की जाए और एनवीडीए की नहरों में पानी छोड़ने तथा बंद करने की तारीखें तय की जाए।

**ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आमजन को सुगमता से पेयजल उपलब्ध हो :** खण्डवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने बैठक में कहा कि सभी अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आमजन को सुगमता से पेयजल उपलब्ध हो। किसानों को समय पर अच्छी गुणवत्ता का बीज और खाद मिलें। बीज वितरण में किसानों के साथ धोखाधड़ी न हो और जिले में खाद की कमी न हो। 10 लाख से अधिक की लागत के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण सांसद की उपस्थिति में ही किया जाए। जिन कार्यों में केन्द्र सरकार की राशि लगी हो उनका लोकार्पण एवं भूमिपूजन सांसद के संज्ञान में लाये बगैर नहीं होना चाहिए। निर्माण कार्य समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किये जाए। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने नगरीय क्षेत्रों के सीवरेज कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**घरों की छत पर सौलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित करें :** बैठक में सांसद द्वय ने कहा कि जनपद पंचायतों की बैठकों में सांसद निधि एवं विधायक निधि के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाए और इन कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराया जाए। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत सभी लोगों को अपने घरों की छत पर सौलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित करने कहा गया। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान में चयनित ग्रामों में विकास कार्यों के लिए जनपद पंचायतों की बैठक लेकर जनप्रतिनिधियों से भी प्रस्ताव लिये जाए। अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि पंचायतों में निर्माण कार्य कागजों पर ना हो। यदि राशि का आहरण कर लिया गया हो तो काम मौके पर दिखना भी चाहिए। जिन निर्माण कार्यों के लिए वन विभाग की अनुमति चाहिए उनके लिए वन विभाग 01 सप्ताह के भीतर अनुमति प्रदान करें। वन अधिकार पट्टा धारकों को भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाया जाए।

#### 646 मजरे, टोले एवं फलियों में विद्युतीकरण के लिए 39.50 करोड़ रुपए का प्रस्ताव

बैठक में बताया गया कि विद्युत मण्डल की आरडीएसएस योजना के अंतर्गत धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान में चयनित 249 ग्रामों के 646 विद्युत विहीन मजरे, टोले एवं फलियों में विद्युतीकरण के लिए 39 करोड़ 50 लाख रुपये के प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। आरडीएसएस योजना के अंतर्गत जिले में 11 विद्युत उपकेन्द्र के कार्य कराएं जा रहे हैं। इनमें से गेरूबड़ी-सांगवी, शिवना, चांदनीपुरा, अम्बा एवं कमोदवाड़ा के कार्य पूर्ण कर लिये गए हैं। बैठक में विधायक श्री केदार डावर ने बताया कि भगवानपुरा में कॉलेज के लिए आबंटित जमीन पर विद्युत विभाग द्वारा लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इससे कॉलेज भवन निर्माण में व्यवधान आ सकता है। इस पर कलेक्टर सुश्री मित्तल ने पीआईयू के अधिकारी, एसडीएम एवं एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री को मौके पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

---

# ना फेरे, ना मंडप : जब संविधान बना साक्षी और बुद्ध बने प्रेरणा

### भोपाड़ा में हुआ परंपराओं से हटकर अनूठा विवाह



विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** परंपरा से हटकर सामाजिक जागरूकता की मिसाल पेश करते हुए कसरावद तहसील के ग्राम भोपाड़ा में शुक्रवार को एक अनोखी शादी संपन्न हुई, जिसमें न तो सात फेरे लिए गए और न ही कोई धार्मिक अनुष्ठान हुआ। इस विवाह में भारतीय संविधान को साक्षी मानते हुए दूल्हा-दुल्हन ने जीवनभर साथ निभाने की शपथ ली। स्टेज पर भगवान गौतम बुद्ध और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब की छाया प्रतियों पर माल्यार्पण कर विवाह की शुरुआत हुई। विवाह संस्कार उपासिका (दुल्हनें) मनीषा, काजल और उपासक (दुल्हे) राम, करण का विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर बुद्ध वंदना और संविधान की शपथ रामटेके और संतोष पंचोली ने दिलवाई।

उपासिका मनीषा और काजल ने बताया कि यह पहल परंपरागत विवाह पद्धति से हटकर की गई है, जिसे समाज में स्वीकार करवाना आसान नहीं था। संविधान ने हमें जो अधिकार और बराबरी दी है, आज हम उसी मार्ग पर चलते हुए जीवन की नई शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब अंबेडकर के मार्गदर्शन और संविधान की बदौलत ही आज समाज में समता और न्याय की बात हो रही है।यह विवाह सिर्फ एक सामाजिक बंधन नहीं, बल्कि विचारों और अधिकारों की साझेदारी का प्रतीक बन गया। ऐसे आयोजनों के ज़रिए समाज में नई सोच और बदलाव की लहर लाई जा सकती है। इस विवाह को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। ग्राम के भमोरिया ने इस पहल पर खुशी जताते हुए आयोजन से जुड़े सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और इसे सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक प्रेरणास्पद कदम बताया।

---

# जनपद सदस्य मांगीलाल गाडगे, सरपंच सहित आमजनों ने उठाई मांग

## नावडाटौड़ी-कसरावद अंडरपास के दोनों ओर मार्गो पर सर्विस रोड निर्माण का मिला आश्वासन

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** नावडाटौडी-कसरावद मार्ग पर बन रहे बायपास अंडर ब्रिज के पास आवगमन के लिए सर्विस रोड निर्माण को लेकर जिले में हुई दिशा बैठक में समस्या रखी तो जनप्रतिनिधि सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने समस्या की गंभीरता को समझते हुए सर्विस रोड निर्माण स्वीकृत कराए जाने के लिए फिलहाल आश्वासन दिया है।



**दूसरे दिन भी मांग उठाई गई है :** शुक्रवार को जिले में प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें सर्विस रोड की मांग उठाई गई। वहीं ब्रिज की ऊंचाई बढ़ाने पर जोर दिया गया। संबंधित क्षेत्र के जनपद सदस्य, एवं पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष मांगीलाल गाडगे द्वारा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, कलेक्टर भव्या मित्तल व नेशनल हाईवे सड़क निर्माण कंपनी के एसडीओ अविनाश सोनी के समक्ष समस्या रखी गयी। आमजन सहित ग्राम पंचायत का ठहराव प्रस्ताव सौपा। इस पर संज्ञान लेते हुए सर्विस रोड निर्माण करने का आश्वासन दिया है।

सरपंच लोकेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी मिली तो संबंधित रोड निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर से संपर्क किया।

#### सांसद पटेल को युवा भाजपा नेता पवन सिंह राठौर ने भी समस्या से अवगत कराया

संसद द्वारा संबंधित निर्माण कंपनी और निर्देश दिए गए हैं इस पर वरिष्ठ अधिकारियों सर्विस रोड के लिए फिलहाल आश्वासन मिला है। सांसद व कलेक्टर व कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। गुरुवार को एसडीम सत्येंद्र बेरवा को इसे लेकर समस्या बताई गई थी। शुक्रवार को जिले में हुई दिशा बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दा समस्या के रूप में रखा गया है। सायता निवासी सरदार सिंह तंवर एडवोकेट कुणाल दुबे, करण सिंह पटेल, डॉ विरेन्द्र सिंह पटेल, चंद्रशेखर दुबे आदि ने प्रशासन के द्वारा दिए गए आश्वासन पर संभावना जताते हुए हर्ष जताया। ग्रामवासियो एवं कृषको की मांग है कि नावडाटौडी-कसरावद मार्ग पर बायपास का निर्माण कार्य चल रहा हैं। नावडाटौडी जाने के लिये अंडर ब्रिज के बायपास पर दोनो तरफ सर्विस रोड नही बनाई जा रही हैं। जबकि उक्त मार्ग धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। सर्विस रोड नही बनाने से आमजन, ग्रामिणो एवं राहगीरो को 15-20 कि.मी. का फेर लगने की पूर्ण संभावना हैं। तथा इसके अलावा भारी वाहन, परिक्रमा बसे एवं अन्य वाहनो को बायपास से निचे उतरने में परेशानी होगी। गन्ने के ट्राले एवं केले की ट्रको को भी बाहर जाने में लंबी दुरी तय करना पडेगी। इसके अलावा ग्राम वासीयो को किसानो को आवागमन मे मुश्किलो का सामना करना पडेगा। आमजनों की मांग है कि नावडाटोडी कसरावद मार्ग पर बन रहे बायपास की अंडर ब्रिज के पास सर्विस रोड बनवाई जाए।

---

### संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा, सोशल मीडिया पर निगरानी और जनसुरक्षा पर विशेष ध्यान

# आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़वानी पुलिस सतर्क व संकल्पित

विनय उजाला



**बड़वानी, निप्र।** आज दिनांक 09.05.2025 को पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना (म.प्र. पुलिस, भोपाल) द्वारा आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिए गए निर्देशों के अनुक्रम में, बड़वानी जिले के पुलिस अधीक्षक श्री जगदीश डावर ने सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक आयोजित की। इस बैठक का उद्देश्य वर्तमान राष्ट्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा सामाजिक समरसता बनाए रखना था।

बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी संवेदनशील स्थलों जैसे सामरिक संस्थान, प्रमुख धार्मिक स्थल, बाजार, बांध, रेलवे स्टेशन आदि की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। इन स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा करते हुए सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था, बाउंड्रीवॉल की मजबूती तथा प्रवेश नियंत्रण की व्यवस्था की जांच सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। जहां भी आवश्यक हो, वहां सुरक्षा कर्मियों की संख्या में तत्काल वृद्धि करने के निर्देश भी दिए गए।

जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल को यह भी निर्देशित किया गया कि वे बाजार, मॉल, सिनेमा हॉल जैसे जनसंकुल क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ाएं तथा आकस्मिक जांच के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें। इसके अतिरिक्त, संवेदनशील क्षेत्रों में निवास कर रहे लोगों की जनगणना कर, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर सतत निगरानी रखी जाए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि जिले में प्रातः, सांय तथा रात्रिकालीन गश्त को नियमित किया जाए और वरिष्ठ अधिकारी स्वयं क्षेत्रों का निरीक्षण करें। थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त को भी बढ़ावा दिया जाए, जिससे आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित हो सके। सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों, भ्रामक अथवा भड़काऊ पोस्टों पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर साइबर सेल के माध्यम से त्वरित कार्रवाई की जाए।

सुरक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से भी मजबूत करने हेतु फर्जी सिम कार्ड की बिक्री पर रोक लगाने के लिए सिम विक्रेताओं की जांच तथा चङ्गुष्ट दस्तावेजों की वैधता सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही, संदिग्ध व्यक्तियों से समय-समय पर पूछताछ की जाए तथा विस्फोटक सामग्री के लाइसेंसी विक्रेताओं की भी आकस्मिक जांच कराई जाए।

बड़वानी पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि वे शांति बनाए रखें, किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। प्रशासनिक समन्वय, नागरिक सहयोग एवं तकनीकी निगरानी के माध्यम से पुलिस विभाग जिले में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## संक्षिप्त समाचार

### लोहार पिपल्या में किया डगवेल निर्माण कार्य



**देवास, निप्र।** 'जल है तो कल है, आओ मिलकर कदम बढ़ाएं'। देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नगरीय निकायों एवं प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। अभियान के तहत नगरीय निकायों एवं प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल की एक-एक बूंद को सहेजने के लिए 30 जून तक अभियान जारी रहेगा। अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत लोहार पिपल्या में डगवेल निर्माण कार्य किया गया। जिससे बारिश के दिनों में पानी संग्रहित होगा तथा वाटर लेवल भी बढ़ेगा, जिससे पेयजल के साथ खेती करने के लिए भी पानी मिल सकेगा।

### असामाजिक तत्वों ने महाराणा प्रताप की मूर्ति के आसपास फेंके मरे हुए चूहे, राजपूत समाज ने आवेदन दिया



**सोनकच्छ, निप्र।** नगर में असामाजिक तत्वों द्वारा महाराणा चौक पर स्थित हिंदुआ सुरज महाराणा प्रताप की प्रतिमा के आसपास मरे हुए चुहे व अन्य आपत्तिजनक सामग्री फेंक दी। जिसके विरोध में राजपूत समाज ने टी आई दीपक यादव को एक आवेदन सौंपा। जिसमें उन्होंने कार्रवाई की मांग की है। साथ ही कहा कि, इससे नगर का माहौल खराब न हो।

### जिले में ग्रामीण क्षेत्र में 4 लाख एवं नगर निगम में 25 हजार पौधे लगाए, प्रत्येक विकासखंड में मियावाकी पद्धति से पौधारोपण करें

# जिले के सभी शासकीय भवनों पर रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए

## 'जल गंगा संवर्धन अभियान'' के तहत जिले में 1488 खेत तालाब, 24 अमृत सरोवरों और 3500 डगवैल रिचार्ज का निर्माण किया जाएगा

विनय उजाला



**देवास, निप्र।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में ''जल गंगा संवर्धन अभियान'', देव संवर्धन अभियान, अमृत संचय अभियान, कैटरेक्ट मुक्त देवास, मेरा स्कूल-स्मार्ट स्कूल, कोडिंग फॉर ऐवरिवन अभियान की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा अमृत संचय टीम के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान में विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विभागवार जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में सभी शासकीय भवनों पर रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए। उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए देवास के सभी उद्योगों में रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगवाए। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नई कॉलोनियों को रूफ टॉप वॉटर एवं सरफेस वॉटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य रूप से लगाने की शर्त पर ही अनुमति दें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि पार्षदों और वार्ड अधिकारियों को लक्ष्य देकर एवं नागरिकों को जागरूक कर शहर में रूफ टॉफ हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में आने वाले समय में वृहद् स्तर पर पौधा रोपण करें। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में 04 लाख एवं नगर निगम क्षेत्र में 25 हजार पौधे रोंपे। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि प्रत्येक विकासखण्ड में कम से कम एक जगह मियावाकी पद्धति से पौधारोपण करें।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में जिले की 13 रैंक है। जिस पर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि अभियान में और तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है। सभी विभाग अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों को समय पर पूर्ण करें। अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग भी करते रह।

**पंचायत विभाग जिले में 1488 खेत तालाब बनवा रहा :** बैठक में बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पंचायत विभाग द्वारा जिले में 1488 खेत तालाब बनाए जा रहे है। जिसमें बागली में 386, देवास में 185, कन्नौद में 355, खातेगांव में 378, सोनकच्छ में 126 और टोंकखुर्द में 118 खेत तालाबों का निर्माण होगा। अभियान के तहत 24 अमृत सरोवरों का निर्माण होगा, जिसमें बागली में 7, देवास में 2, कन्नौद में 7, सोनकच्छ में 7 और टोंकखुर्द 1 में अमृत सरोवर का निर्माण किया जाएगा। अभियान के तहत पंचायत विभाग द्वारा 3500 डगवैल रिचार्ज बनाए जाएंगे, जिसमें बागली में 1200, देवास में 300, कन्नौद में 600, खातेगांव में 500, सोनकच्छ में 450 और टोंकखुर्द में 450 डगवैल रिचार्ज बनाए जाएंगे।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि क्षिप्रा शुद्धिकरण कार्य के लिए चलाए जा रहे दो माह के विशेष अभियान में जनभागीदारी से प्रतिदिन सफाई करें। अभियान के तहत क्षिप्रा के आसपास अतिक्रमण को चिन्हित कर, अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई करें। बैठक में नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत शहर में 7 तालाबों, 15 बावड़ी तथा 35 कुओं सफाई, संरक्षण एवं जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है। जिससे जल संचय क्षमता में 20 हजार क्यूबीक मीटर की वृद्धि होगी। शहर में 10 सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है। शहर में बगीचों का हरित विकास किया जा रहा है। पानी के अपव्यय को रोकने एवं रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाए जा रहे है।

**वर्षा का 100 लीटर पानी में से सिर्फ 06 लीटर पानी ही जमीन में जा रहा :** बैठक में अमृत संचय टीम के सुनील चतुर्वेदी ने प्रजेंटेशन के माध्यम से वर्षा के जल को सहजने के लिए विभिन्न प्रकार के रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल संकट दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। हमें वर्षा के जल को सहज कर जमीन में उतारना होगा, जिससे भूमिगत जल में वृद्धि होगी। एक हैक्टयेर में एक करोड़ लीटर जल का संचय हो सकता है। वर्षा जल को भूमि में उतारने से जल संकट की समस्या को दूर किया जा सकता है। वर्तमान में देवास जिले में 700 से 800 फ़ीट पर पानी मिल रहा है। अभी वर्षा का 100 लीटर पानी में से सिर्फ 06 लीटर पानी ही जमीन में जा रहा है। वाटर लेवल कम होने से नदिया सुख रही हैं। रैन वॉटर को जमीन में उतारने की जरूरत है।

### अच्छे शिक्षकों को चिन्हित कर उन्हें प्रशिक्षण दें...

मेरा स्कूल-स्मार्ट स्कूल, कोडिंग फॉर ऐवरिवन अभियान की समीक्षा कर कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि अच्छे शिक्षकों को चिन्हित कर उन्हें प्रशिक्षण दें। बच्चों को नई तकनीकों की जानकारी दें, जिससे बच्चों का जनरल नॉलेज बडे। बच्चों को ज्ञानवर्द्धक स्टोरी और महापुरूषों की स्टोरी बताए, जिससे बच्चे प्रेरित होकर महापुरूषों के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाए।

# कियोस्क संचालक की सूझबूझ से छात्र के 28 हजार रुपए ठगी से बच गए



विनय उजाला

**सतवास, निप्र।** अगर कियोस्क संचालक अपनी समझबूझ का परिचय दे तो साइबर ठगों के मंसूबें नाकाम किए जा सकते हैं। ऐसे ही सतवास के एक कियोस्क संचालक की समझबूझ से छात्र को चपत लगने से बच गई। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद जिला देवास व्दारा जिले में साइबर फ्रॉड रोकने के लिए जिले के सभी थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारियों द्रारा प्रतिदिन चौपाल लेकर साइबर फ्रॉड की घटनाओं पर लगातार अंकुश लगाया जा रहा है। इसी तारतम्य में कस्बा सतवास के जन्नत कियोस्क सेंटर के संचालक शाबिर खान द्वारा दो फर्जीवाडे रुकवाए गए, जिसमें एक पढने वाले विद्यार्थी के पास एक फर्जी लिंक आई जिस लिंक में अश्लील विडियो लिंक के माध्यम से खुल गया था जिससे उक्त छात्र से 28,000 रुपए की मांग की गई। उक्त छात्र 28,000 रुपए जमा करने कियोस्क संचालक शाबिर खान के पास पहुंचा। कियोस्क संचालक की सूझ-बूझ से उक्त छात्र को 28,000 रुपए खाते में नही डालने की समझाइश दी एवं समझाया की फर्जी लिंक पर आइंदा क्लिक न करे। जिससे उक्त छात्र का 28,000 रुपए का साइबर फ्रॉड होने से बचा. इसी प्रकार आनलाइन भैंस खरीदने के लिए एक व्यक्ति की आनलाइन भैंस खरीदी के नाम पर 65,000 रुपए की बातचीत हुई, जिसमें से 10,000 रुपए नकद डालने के लिए कहा गया। जब यह पैसे डालने के लिए कियोस्क सेंटर गया तो पुन: कियोस्क सेंटर के संचालक शाबिर खान ने फर्जी लिंक होना बताया। इस तरह उसके द्रारा 10,000 रुपए जमा नहीं किए गए व फ्रॉड होने से बचा। इसी प्रकार म.प्र. ग्रामीण बैक कियोस्क में बैठने वाले अरविन्द गुर्जर के पास एक व्यक्ति हडबडाहट में आया और बोला कि मेरे बच्चे को पुलिस ने पकड लिया है और वह पुलिस वाला आनलाइन से 28,000 रुपए में मेरे बच्चे को छोडने का बोल रहा था, जो कियोस्क संचालक अरविन्द गुर्जर ने अपनी सूझ-बूझ से उसके लडके को फोन किया गया जो लडके द्रारा बताया गया कि मैं सेफ हूं मुझे किसी ने नहीं पकडा है। अरविन्द गुर्जर की सूझ बूझ से 28,000 रुपए का फ्रॉड होने से रोका गया। इस सराहनीय कार्य के लिए थाना प्रभारी बीडी बीरा थाना सतवास द्वारा दोनो कियोस्क संचालकों को थाने पर बुलाकर माला पहनाकर सम्मानित किया व प्रशंसा की गई।

# आबकारी विभाग ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग के दल द्वारा मुख़बिर सूचना पर देवास-इंदौर बायपास पर जेल चौराहे के पास एक ऑटो को रोककर तलाशी लेने पर ऑटो से 200 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं 96 केन विदेशी मदिरा बियर कुल 84 बल्क लीटर देशी/विदेशी मदिरा बरामद हुई जो चालक द्वारा अवैध रूप से संग्रह कर परिवहन किए जाने से मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के 1915 की धारा 34(1) क एवं 34(2) के तहत एक प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है तथा चालक को गिरफ्तार किया गया। जब्त मदिरा एवं वाहन की कीमत लगभग 02 लाख 27 हजार रुपए है।

### बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स

# जिले के मलखंभ खिलाड़ी देवेंद्र पाटीदार ने चार स्वर्ण और एक रजत जीता

## कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी देवेंद्र पाटीदार को दी बधाई

विनय उजाला



**देवास, निप्र।** बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 में देवास जिले के विकासखंड टोंकखुर्द के ग्राम लसूडिया कुलमी के मलखंभ खिलाड़ी देवेंद्र पाटीदार ने पोल मलखंभ में स्वर्ण पदक, हैंगिंग मलखंभ में स्वर्ण पदक, ऑल राउंड मेंस व्यक्तिगत में स्वर्ण, रोप मलखंब में रजत पदक, और टीम इवेंट में स्वर्ण पदक अर्जित किया है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी देवेंद्र पाटीदार को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि देवास जिले के खिलाड़ी देवेंद्र ने अनुशासन, परिश्रम और समर्पण का परिचय देते हुए प्रदेश और जिले का गौरव बढ़ाया है। आने वाले दिनों में वे और अधिक पदक जीतकर देवास जिले और प्रदेश को गौरवान्वित करेंगे।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 का आयोजन 04 से 15 मई 2025 तक बिहार के विभिन्न शहरों ङ्क पटना, राजगीर, भागलपुर, गया और नई दिल्ली में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का 229 सदस्यीय दल भाग ले रहा है, जिसमें 176 खिलाड़ी और 53 सहयोगी स्टॉफ शामिल हैं।

# हरसूद पुलिस ने नगर में किया निरीक्षण



विनय उजाला

**हरसूद, निप्र।** शुक्रार दोपहर एहतियात के तौर पर हरसूद पुलिस द्वारा ऐसे स्थलों का निरीक्षण किया गया, जहां पर बडी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। शुक्रवार दोपहर हरसूद एसडीओपी लोकेंद्रसिह एवं हरसूद थाना प्रभारी राजकुमार राठौर द्वारा पुलिस जवानों के साथ रेलवे स्टेशन छनेरा, फीलगुड चौराहा स्थित बस स्टैंड एवं नया हरसूद स्थित संयुक्त कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हरसूद थाना प्रभारी राजकुमार राठौर द्वारा रेलवे स्टेशन छनेरा के स्टेशन मास्टर को पुलिस थाना हरसूद के फ़ेन नंबर भी दिए गए, ताकि सूचना एवं जानकारी मिल सके।

# सदस्य एसएन मिश्रा प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक सम्पन्न

विनय उजाला

**सिवनी, निप्र।** मध्य प्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सदस्य श्री एसएन मिश्रा, श्री मुकेश शुक्ला और सचिव श्री अक्षय कुमार सिंह ने शुक्रवार 9 मई को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय बैठक कर आयोग के प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों एवं जन अपेक्षाओं के आधार पर और अधिक जनोन्मुखी एवं सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन के संबंध में मार्गदर्शी सिद्धांतों से अवगत कराया। आयोग के सदस्य श्री एसएन मिश्रा ने कहा कि प्रदेश शासन की मंशा है कि प्रशासन जनोन्मुखी हो, आम जनों के लिए सुलभ हो, सभी जिलों में शासन की क्रियान्वित योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक सुगमता से पहुंचे और आम जनों को दी जा रही सुविधाओं बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति, सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा का बेहतर क्रियान्वयन हो। उन्होंने प्रशासनिक इकाइयों की पद संरचना एवं उनके आकार एवं कार्यों के अनुपात में पदों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासनिक इकाइयों की पद संरचना के युक्तियुक्तकरण पर विस्तृत प्रकाश डाला।

आयोग के सदस्य श्री एसएन मिश्रा ने कहा कि शासन की मंशा अनुरूप तहसील, उपखण्ड पुनर्गठन यदि प्रस्तावित हो तो वे इस तरह किया जाए ताकि प्रशासनिक सेवाएं जिले के नागरिकों को और अधिक सुगमता से प्राप्त हो सकें। जिला मुख्यालय पर अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचने वाले खंड, तहसील एवं ग्रामीण नागरिकों को समय पर सुविधाओं व योजनाओं का लाभ मिले सके।

# हितग्राही मेरा ई केवाईसी एप' से कर सकते हैं अपनी ई केवाईसी

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** जिला आपूर्ति अधिकारी देवास ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत संचालित लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था के सुचारू कियान्वयन एवं स्मार्ट पीडीएस व्यवस्था के सफल संचालन तथा वास्तविक पात्र हितग्राहियों की उनकी पात्रता अनुरूप खाद्यान्न सामग्री नियत समय सीमा में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा पात्र हितग्राहियों की ई केवाईसी कराए जाने के लिए माह अप्रैल 2025 में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

जिला आपूर्ति अधिकारी देवास ने बताया कि ई केवाईसी के दौरान पीओएस मशीन में 05 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, वृद्धजन, या अन्य जिनका बायोमैट्रिक सत्यापन नहीं हो पा रहा है, ऐसे हितग्राहियों के साथ-साथ ऐसे हितग्राही जो अपनी मूल उचित मूल्य दुकान के बाहर मध्य प्रदेश के किसी भी अन्य स्थान में निवासरत है या जो हितग्राही अपने कार्य की व्यस्तता के कारण उचित मूल्य दुकान या कैम्पों में उपस्थित नहीं हो सकते है, ऐसे सभी हितग्राहियों की ई केवाईसी के लिये शासन द्वारा मेरा ई केवाईसी एप' लॉन्च किया है। एप के माध्यम से उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं के अतिरिक्त पात्र हितग्राही भी स्वयं अपने एंड्रोइड मोबाईल फोन के माध्यम से मेरा ई केवाईसी एप को डाउनलोड कर स्वयं भी एवं परिवार के सदस्यों का भी साथ ही अन्य पात्र हितग्राहियों का भी ई केवाईसी फेस एथेटिकेशन के माध्यम से कर सकते है।

# बच्चन नायक वृद्धाश्रम झिंझरी में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

विनय उजाला

**कटनी, निप्र।** म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में गुरुवार को बच्चन नायक वृद्धाश्रम झिंझरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर सुमित शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन के द्वारा वृद्धजनों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई तथा नालसा द्वारा संचालित (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 तथा नि:शुल्क विधिक सहायता योजना एवं नालसा टोल फ्री नम्बर 15100 के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

साथ ही जिन वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने थे, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाने हेतु पैरालीगल वालेंटियर को निर्देशित किया गया साथ ही वृद्धजनों को फल वितरण किया गया।इस दौरान वृद्धाश्रम संचालक एवं पैरालीगल वालेंटियर मनीषा पयासी, आराधना तिवारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से राजनिवास पाण्डेय एवं संदीप मिश्रा उपस्थित रहें।

### आदिगुरु शंकराचार्य जयंती पखवाड़ा अंतर्गत व्याख्यानमाला का आयोजन

# प्राचार्य ने नई वर्तमान शिक्षा पद्धति में अध्यात्म के समन्वय को समझाया

विनय उजाला





**हरसूद, निप्र।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य जयंती पर व्याख्यानमाला का आयोजन दिनांक शुक्रवार को महाविद्यालय हरसूद में किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता दीपक शर्मा ने आदिगुरु शंकराचार्य के बाल्यकाल एवं जीवनकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदिगुरु शंकराचार्य ने अल्पायु में ही ग्रंथों की रचना कर दी थी। विद्या अध्ययन में रूचि के कारण अपना अध्ययन कुछ ही महीनों में पूरा कर लिया था। सात वर्ष की आयु में उन्होंने सभी शास्त्रों में महारथ हासिल कर ली थी। वाद विवाद में वे अपने विरोधियों को संतुष्ट करने में समर्थ थे। श्री शर्मा ने मंडन मिश्र से शास्त्रार्थ का प्रसंग भी सुनाया। प्राचार्य जयेश वैष्णव ने नई वर्तमान शिक्षा पद्धति में अध्यात्म के समन्वय को समझाया।

जन अभियान परिषद हरसूद के ब्लॉक समन्वयक ललित पवार द्वारा कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा रखी गई। उन्होंने जन अभियान परिषद के माध्यम से लगातार आयोजित महापुरुषों की जयंती एवं कार्यक्रम एवं जल गंगा संवर्धन अभियान, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम आदि की जानकारी देते हुए कहा कि आज समाज में लीडरशिप के लिए समाज कार्य के विद्यार्थियों को आगे आना चाहिए।

कार्यक्रम में मेंटर्स रामदास उपाध्याय, चंद्रकांत उपाध्याय, उदय चौहान, सुरेंद्र यादव, राज यादव सहित बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थी, प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर के सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन मेंटर्स चंद्रकांत उपाध्याय ने किया एवं आभार मेंटर्स रामदास उपाध्याय माना।

### भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बीसीसीआई का बड़ा फैसला

# आईपीएल एक हफ्ते के लिए स्थगित



नई दिल्ली, एजेंसी

**भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआई ) ने भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच शुक्रवार को बड़ा फैसला लिया है। बीसीसीआई ने तनाव को देखते हुए आईपीएल 2025 का सत्र बीच में ही एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया है।**

बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि फिलहाल लीग को एक हफ्ते के लिए टाल दिया गया है। इसके बाद हम हालात का जायजा लेंगे और फैसला करेंगे। इसके लिए बोर्ड अलग से कार्यक्रम जारी करेगा। लीग के लिए विंडो को लेकर पूछ गए सवाल में उन्होंने कहा कि सभी बोर्ड हमारा समर्थन करते हैं। ऐसे में विंडो कोई चिंता की बात नहीं है। विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता को लेकर उन्होंने कहा कि यह उनका निजी फैसला होगा, वो खुद ही इस पर फैसला लेंगे। इससे पहले आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने गुरुवार रात बताया था कि मौजूदा स्थिति में आईपीएल का 18वां सत्र जारी रहेगा, लेकिन अब बोर्ड में इसे स्थगित करने का फैसला किया है।

इससे पहले, धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया मुकाबला रद्द कर दिया गया था। फ्लड लाइट्स में खराबी के कारण मैच को रोका गया था और दर्शकों तथा खिलाड़ियों को मैदान से बाहर ले जाया गया था। बीसीसीआई ने बताया था कि धर्मशाला में तकीनी खामी के चलते मैच रद्द किया गया है। हालांकि, गुरुवार से ही आईपीएल 2025 को लेकर संशय चल रहा था।

#### एशिया कप की जगह सितंबर में कराए जा सकते हैं आईपीएल के बचे मैच

भारत और पाकिस्तान के बीच जिस तरह की परिस्थितियां मौजूदा समय में उत्पन्न हुई हैं उसे देखते हुए सितंबर में एशिया कप का होना मुश्किल नजर आ रहा है। एशिया कप की मेजबानी भारत को ( तटस्थ स्थान पर ) करनी है, लेकिन जिस तरह पहलगाम हमले के बाद स्थितियां उत्पन्न हुई है, उसे देखते हुए इस बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट का होना किसी चमत्कार से कम नहीं होगा। ऐसे में बीसीसीआई के पास सितंबर में एशिया कप के विंडो के दौरान आईपीएल 2025 का शेष सत्र कराने का विकल्प भी उपलब्ध है।

#### 16 मुकाबले थे शेष

बीसीसीआई अधिकारी ने कह कि, यह अच्छा नहीं लगता कि जब देश युद्ध में है तब क्रिकेट चल रहा है। आईपीएल 2025 का सत्र अपने अंतिम पड़ाव पर चल रहा था और इसमें फाइनल सहित कुल 16 मुकाबले खेले जाने शेष थे। आईपीएल 2025 सत्र का फाइनल मुकाबला 25 मई को कोलकाता में खेला जाना था, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए इसे एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया गया है। इससे पहले, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भी पाकिस्तान सुपर लीग ( पीएसएल ) को यूएई स्थानांतरित करने का फैसला किया था।

## पीसीएल के बचे हुए मुकाबले यूएई शिफ्ट

नई दिल्ली, (हि.स.)

पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के 10वें संस्करण के बचे हुए आठ मुकाबले अब संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेले जाएंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने यह अहम फैसला लिया है। पीसीबी ने एक आधिकारिक बयान में कहा है कि शेष मुकाबलों की तारीख और स्थान की घोषणा जल्द की जाएगी। गुरुवार को कराची किंग्स और पेशावर ज़ल्मी के बीच रावलपिंडी स्टेडियम में मुकाबला होना था, लेकिन एक ड्रोन के स्टेडियम परिसर में गिरने के बाद आपात बैठक बुलाकर मैच को स्थगित कर दिया गया। इस बैठक में पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नक़वी और लीग में शामिल विदेशी खिलाड़ियों के बीच चर्चा हुई, जिसमें अधिकांश विदेशी खिलाड़ियों ने लीग को यूएई शिफ्ट करने की मांग की। यह पहली बार नहीं है जब पीसीएल को यूएई में कराना पड़ा हो। लीग की शुरुआत 2016 में यूएई से हुई थी और शुरुआती दो सीजन वहीं खेले गए थे। इसके बाद 2021 में कोविड के कारण भी कुछ मुकाबले यूएई में हुए थे। अब एक बार फिर लीग को सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान से बाहर शिफ्ट किया गया है।

### मिडफील्डर राजिंदर सिंह ने कहा...

# हार्दिक, मनप्रीत और हरमनप्रीत ने मेरी खेल में काफी मदद की...




बेंगलुरु, (हि.स.)

**भारतीय पुरुष हॉकी टीम के युवा मिडफील्डर राजिंदर सिंह ने अक्टूबर 2024 में जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की सीरीज़ से सीनियर टीम में कदम रखा था। अब आठ महीने बाद, वह टीम के मुख्य खिलाड़ियों में से एक बन चुके हैं।**

वर्तमान में वह बेंगलुरु स्थित साई केंद्र में चल रहे सीनियर नेशनल कैंप में आगामी एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोप चरण की तैयारियों में जुटे हुए हैं। कैंप की तैयारी पर बात करते हुए राजिंदर ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, तैयारियां काफी अच्छी चल रही हैं। कुछ खिलाड़ी फिटनेस पर ज्यादा काम कर रहे हैं, तो कुछ स्टिक और बॉल स्किल्स पर। इस बार दोनों पर समान फोकस है।

#### सर्कल के अंदर के खेल पर खासा ध्यान दे रहे

उन्होंने आगे कहा, उस चरण में हमने देखा कि हम सर्कल में एंट्री तो कर रहे थे, लेकिन गोल नहीं कर पा रहे थे। इस समय हम सर्कल के अंदर के खेल पर खासा ध्यान दे रहे हैं ताकि फील्ड गोल को ज्यादा से ज्यादा बदला जा सके और पेनल्टी कॉर्नर पर निर्भरता कम हो। राजिंदर ने खासतौर पर हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह और कप्तान हरमनप्रीत सिंह का आभार जताते हुए कहा, हार्दिक पाजी और मनप्रीत पाजी मिडफील्ड में मेरे साथ खेलते हैं, तो मुझे बहुत गाइड करते हैं। हरमन पाजी पीछे से आवाज़ लगाकर मेरी पोजिशनिंग सुधारते हैं।

### तेल व गैस नियामक पीएनजीआरबी ने नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव

# नीरज चोपड़ा ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2025 में लेंगे हिस्सा




नई दिल्ली, (हि.स.)

भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और दो बार ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा इस साल 24 जून को चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा शहर में होने वाले गोल्डन स्पाइक 2025 एथलेटिक्स मीट में हिस्सा लेंगे। नीरज चोपड़ा पिछले दो वर्षों में इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सके थे, हालांकि वह 2024 में विशेष अतिथि के रूप में वहां मौजूद रहे थे। इस बार यह मुकाबला खास इसलिए भी होगा क्योंकि यह उनके दिग्गज कोच और पूर्व विश्व चैंपियन जान ज़ेलेज़नी के होमग्राउंड पर खेला जाएगा। ज़ेलेज़नी खुद इस टूर्नामेंट के निदेशक भी हैं।

#### शीर्ष खिलाड़ियों से होगा मुकाबला

नीरज ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं यह घोषणा करते हुए उत्साहित हूं कि मैं इस साल ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक मीट में हिस्सा लूंगा। यह एक ऐतिहासिक प्रतियोगिता है और इस बार यह और भी खास होगी। मेरे कोच जान ज़ेलेज़नी ने यहां कई बार जीत दर्ज की है और अब वह टूर्नामेंट के निदेशक भी हैं। गोल्डन स्पाइक मीट 1961 से आयोजित हो रहा है और यह वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड लेबल प्रतियोगिता है, जो डायमंड लीग के बाद दुनिया की दूसरी सबसे अहम सिरीज़ मानी जाती है। इस बार नीरज का मुकाबला 2020 ओलंपिक रजत पदक विजेता और चेक गणराज्य के ही याकुब वाडलेच जैसे शीर्ष खिलाड़ियों से होगा।

## धर्मशाला से खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा के बीच ट्रेनों से किया रवाना

धर्मशाला, (हि.स.)

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बने युद्ध के हालातों के चलते धर्मशाला में वीरवार बीती रात पंजाब और दिल्ली के बीच आईपीएल मैच को एकाएक बीच में रोक कर रद्द करने के बाद शुक्रवार सुबह दोनों टीमों सहित अन्य स्टाफ सदस्यों को

जालंधर से ट्रेन के माध्यम से दिल्ली के लिए रवाना किया। सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा कर्मियों के कड़े पहरे में गाड़ियों के माध्यम से दोनों टीम के खिलाड़ियों को कांगड़ा पुलिस ने पंजाब की सीमा होशियारपुर तक छोड़ा। उसके बाद पंजाब पुलिस ने सुरक्षा का जिम्मा उठाते हुए इन्हें जालंधर रेलवे स्टेशन तक पंहुचाया। गौर हो कि युद्ध के हालात के चलते कांगड़ा का गगल एयरपोर्ट भी बंद कर सेना के हवाले कर दिया गया है।

## व्यापार

### कैट तय करेगा आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति

# देश का ट्रांसपोर्टर हर आपात स्थिति में सेवा देने को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

**भारत-पाकिस्तान में चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच देश का हर वर्ग केंद्र सरकार और भारतीय सेना के साथ डटकर खड़ा हो गया है। सभी लोग अपनी सेवाएं देकर इस माहौल में अपने देश को मजबूत करने में जुट गए हैं। ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने कहा है कि उनके सभी ट्रक सेना का हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं। कैट ने भरोसा जताया है कि इस आपातकाल में देश में किसी भी आवश्यक वस्तु की कमी नहीं होने दी जाएगी।**



केंद्र सरकार ने देश को भरोसा दिलाया है कि इस समय देश की आवश्यकता की हर सामग्री उचित मात्रा में उपलब्ध है और किसी भी वस्तु की उपलब्धता को लेकर कोई संकट नहीं है। सरकार ने लोगों से यह भी अनुरोध किया है कि वे किसी भी वस्तु का अनावश्यक संग्रह न करें। इससे वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में परेशानी होती है।

ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने कहा है कि इस संकट के समय में वे देश की हर संभव सेवा देने के लिए तैयार हैं। देश के किसी हिस्से में किसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने से लेकर बॉर्डर पर रसद या कोई अन्य सामग्री पहुंचाने की बात हो, उनके संगठन से जुड़ा हर ट्रांसपोर्टर अपनी सेवाएं देने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि वस्तुओं के आवागमन को लेकर किसी भी तरह की समस्या नहीं आने दी जाएगी और सरकार के एक कॉल पर वे हर प्रकार की सेवा देने के लिए तैयार हैं।

#### आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी

*व्यापारियों के संगठन कैट ने भी देश को आश्वस्त किया है कि इस आपातकाल में किसी भी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। सभी व्यापारियों ने तय किया है कि इस आपातकाल में किसी भी वस्तुओं के मूल्य में अनावश्यक बढ़ोतरी नहीं होने दी जाएगी जिससे देश के सामान्य नागरिक या सेनाओं को किसी वस्तु की कमी न पड़े।*

### भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच लुढ़का शेयर बाजार

**नई दिल्ली, (हि.स)।** भारत और पाकिस्तान के तनाव और व्यापक संघर्ष की आशंकाओं के बीच घरेलू शेयर बाजार में गिरावट दिख रही है। हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को बीएसई का सेंसेक्स 548.12 अंक यानी 0.68 फीसदी टूटकर 79,786.69 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 152.50 अंक यानी 0.63 फीसदी फिसलकर 24,121.30 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 शेयर में गिरावट है, जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में से 45 शेयर में गिरावट है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, अडाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, इटर्नल और नेस्ले के शेयरों में गिरावट है। हालांकि, लार्सन एंड टुब्रो और टाइटन के शेयर में चार फीसदी से अधिक की तेजी दिख रही है। टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर लाभ में हैं।

# स्टेट बैंक, पीएनबी सहित अन्य बैंकों ने कहा- एटीएम में पर्याप्त नकदी

नई दिल्ली, (हि.स)

भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बडे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) सहित कई अन्य बैंकों ने शुक्रवार को कहा कि उनके एटीएम पूरी तरह से चालू हैं। उनमें पर्याप्त नकदी भी है। डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आई उन खबरों की पृष्ठभूमि में यह बयान जारी किया है, जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच आने वाले दिन में एटीएम बंद हो सकते हैं। इस बीच केंद्रीय



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शाम को बैंकों और वित्तीय संस्थानों की साइबर सुरक्षा तैयारियों पर समीक्षा बैठक करेंगी।

एसबीआई ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि हमारे सभी एटीएम, सीडीएम/एडीडब्ल्यूएम और डिजिटल सेवाएं पूरी तरह से चालू हैं, जो जनता के लिए उपलब्ध हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े कर्जदाता बैंक ने अपने ग्राहकों को असत्यापित जानकारी पर भरोसा न करने की सलाह भी दी है। इसके साथ ही पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब एंड सिंध बैंक, केनरा बैंक और बैंक ऑफ इंडिया ने भी इसी तरह के संदेश जारी किए। पीएनबी ने एक्स पोस्ट में कहा, ''हमारी सभी डिजिटल सेवाएं भी सुचारू रूप से चल रही हैं, जिससे आपको घर बैठे सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित हो रहा है।''

उल्लेखनीय है कि भारत ने गुरुवार रात को जम्मू और पठानकोट सहित सैन्य स्थलों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल कर दिया। इससे पहले भारत ने देश के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में 15 स्थानों पर इसी तरह की कोशिशों को नाकाम किया था। इस बीच दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है।

## स्टार्टअप्स के लिए सरकार ने किया ऋण गारंटी योजना का विस्तार

नई दिल्ली, (हि.स)

केंद्र सरकार ने स्टार्टअप्स के लिए पूंजी तक पहुंच बढ़ाने को ऋण गारंटी योजना का विस्तार किया है। सरकार ने स्टार्टअप्स के लिए क्रेडिट गारंटी योजना में गारंटी सीमा का विस्तार कर दोगुना करने की अधिसूचना जारी कर दी है। इस योजना के तहत बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को



स्टार्टअप्स को लोन देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ( डीपीआईआईटी ) ने सीजीएसएस के विस्तार को अधिसूचित किया है, जिसके तहत योजना के तहत प्रति उधारकर्ता गारंटी कवर की अधिकतम सीमा 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये कर दी गई है। इसके साथ 10 करोड़ रुपये तक की ऋण राशि के लिए गारंटी कवर की सीमा को भी बढ़ा कर डिफॉल्ट राशि का 85 फीसदी और 10 करोड़ रुपये से अधिक की ऋण राशि के लिए डिफॉल्ट राशि का 75 फीसदी कर दिया है। इस योजना का विस्तार केंद्रीय बजट 2025-26 में की गई घोषणा के अनुरूप है। उल्लेखनीय है कि सीजीएसएस 6 अक्टूबर, 2022 को अधिसूचित किया गया था, जो 16 जनवरी, 2016 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई स्टार्टअप इंडिया पहल के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा था।

## भारत और चिली ने आर्थिक साझेदारी समझौते पर सशर्त किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली, (हि.स)

भारत और चिली ने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के लिए आधिकारिक तौर पर संदर्भ शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए हैं। ये आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है। इस ऐतिहासिक कदम को इन दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर भारत में चिली के राजदूत जुआन अंगुलो और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग में संयुक्त सचिव और भारतीय पक्ष की ओर से भारत-चिली सीईपीए के मुख्य वार्ताकार विमल आनंद ने विधिवत हस्ताक्षर किए हैं।

### पेट्रोल-डीजल की किल्लत की खबरों को तेल कंपनियों ने किया खारीज

# देश में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक, घबराहट में खरीदारी की जरूरत नहीं



नई दिल्ली,(हि.स)

भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने जनता को पर्याप्त ईंधन स्टॉक का आश्वासन देते हुए कहा कि घबराहट में खरीदारी की जरूरत नहीं है। आईओसी का ये बयान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उन खबरों एवं वीडियो के आने के बाद जारी किया गया है, जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने के लिए लोगों की कतारें लग गई हैं। देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने कहा कि हमारी सभी आपूर्ति लाइन सुचारू रूप से काम कर रही हैं।

#### वितरक सुचारू रूप से काम कर रहे

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ( बीपीसीएल ) ने भी एक बयान में कहा कि उसके राष्ट्रव्यापी नेटवर्क में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी उपलब्ध है। देशव्यापी नेटवर्क में बीपीसीएल के सभी ईंधन स्टेशन और एलपीजी वितरक सुचारू रूप से काम कर रहे हैं। कंपनी ने कहा कि चिंता या घबराहट में खरीदारी करने की कोई वजह नहीं है। हमारी आपूर्ति श्रृंखला का संचालन मजबूत और कुशल बना हुआ है, इसलिए हम सभी ग्राहकों से शांत रहने का आग्रह करते हैं। बीपीसीएल ऊर्जा की सुलभता और विश्वसनीयता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 13, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित एवं 194 रेडियो कालोनी इन्दौर से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, प्रबंध संपादक व्ही. के. मिश्रा *,
फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2009/35176.